

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 120 | शुक्रवार, 12 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण द्वादशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया

संक्षिप्त समाचार

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सोनिया-राहुल से मिले

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. जोसेफ विजय ने बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख सोनिया गांधी के आवास' 10 जनपथ' पर कांग्रेस के दोनों शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर समर्थन के लिए आभार जताया।

गडकरी से मिले मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने राज्य में इंफाल-जिरीबाम और इंफाल-दीमापुर सहित प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की।

टैक्स चोरी मामला: अनिल को कोर्ट से मिली राहत

नई दिल्ली। बंबई उच्च न्यायालय ने काला धन अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली उद्योगपति अनिल अंबानी की याचिका को स्वीकार करते हुए उन्हें कथित टैक्स चोरी मामले में अभियोजन और जुमार्ने जैसी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम राहत दे दी है। अंबानी ने अपनी याचिका में कहा कि (अघोषित विदेशी आय और एसेट्स) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के कुछ प्रावधान संविधान के 'अल्ट्रा वायर्स' (यानी संविधान के अधिकार क्षेत्र से परे/विरोधी) हैं।

गहरी खाई में गिरी कार चार लोगों की मौत

देहरादून। मसूरी में बुधवार सुबह करीब 9:15 बजे झड़ीपानी कोलुखेत शार्टकट रोड में एक कार अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दो महिला और दो पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई है। आईटीबीपी, एसडीआरएफ, पुलिस और फायर सर्विस की टीमों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

तृणमूल कांग्रेस में लगातार टूट जारी एक और राज्यसभा सांसद का इस्तीफा

नई दिल्ली। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में लगातार टूट जारी है। बुधवार को राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। पिछले 3 दिनों में टीएमसी के दो राज्यसभा सांसद पार्टी शेखर ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था, छोड़ चुके हैं। इससे पहले 8 जून को सुखेंदु पार्टी भी छोड़ दी थी। टीएमसी के लोकसभा में 28 में से 20 सांसद और राज्यसभा में 13 में से 2 सांसद यानी कुल 22 सांसद टूट चुके हैं। 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। इस गुट ने ऋतव्रत को अपना नेता बनाया है। ऋतव्रत ने कहा कि हमारे पास 64 विधायक हैं। ये लोग भी स्पीकर अपनी चिट्ठी सौंपेंगे।

36वीं मंजिल से गिरकर भारतीय परिवार की मौत

लंदन। शहर के एलीफेंट एंड कैसल क्षेत्र में भारतीय मूल के एक दंपती और उनके 9 वर्षीय बेटे की मौत 36वीं मंजिल से गिरने से हो गई है। मृतकों की पहचान अदिति विजय परालकर (46), राकेश नारायण पाई (47) और उनके बेटे सिड पाई परालकर के रूप में हुई है। यह हादसा 27 मई की सुबह हुआ, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। बताया गया कि परिवार हाईपॉइंट नामक 45 मंजिला आवासीय टॉवर में रहता था। पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को सुबह सूचना मिली कि कुछ लोग ऊंचाई से गिर गए हैं।

ओमान तट पर अमेरिकी मिसाइल हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत

शिवानंद और आदित्य समेत तीन भारतीयों ने गंवाई जान, परिवारों में मातम

» भारत ने अमेरिका के सामने दर्ज कराया कड़ा विरोध

» दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया



■ नई दिल्ली

ओमान के तट के निकट एक भारतीय चालक दल वाले तेल टैंकर पर हुए अमेरिकी मिसाइल हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। मृतकों में उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी 35 वर्षीय शिवानंद चौरसिया और हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर निवासी 23 वर्षीय आदित्य शर्मा शामिल हैं। केंद्रीय पोर्ट्स, शिपिंग एवं जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने गुरुवार को पुष्टि की कि हमले के बाद लापता बताए गए तीनों भारतीय नाविकों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं भारत सरकार ने इस हमले को लेकर अमेरिका के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है और क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव पर गंभीर चिंता जताई है। शिवानंद के पिता रामजी चौरसिया ने नम आंखों से बताया कि उनकी बेटे से आखिरी बार दो दिन पहले रात में बातचीत हुई थी। उस समय शिवानंद ने परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा था कि सब कुछ ठीक है और चिंता करने की कोई बात नहीं है। परिवार को क्या पता था कि यह बातचीत उनकी आखिरी बातचीत साबित होगी। बेटे की मौत की खबर सुनाते हुए रामजी चौरसिया की आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा कि परिवार अब भी इस दुखद समाचार पर विश्वास नहीं कर पा रहा है। गांव में जैसे ही हादसे की जानकारी पहुंची, लोगों का तांता उनके घर पर लग गया। शिवानंद अपने परिवार की आर्थिक रीढ़ थे। उनके दो छोटे बच्चे हैं और परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। गांव के लोगों के अनुसार परिवार पहले से ही आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा था, लेकिन शिवानंद की नौकरी से घर का खर्च किसी तरह चल रहा था। शिवानंद के साले संजय चौरसिया ने बताया कि परिवार को पहले केवल इतना पता चला था कि हमले के बाद वह लापता हैं। बाद में सरकार की ओर से उनके शव मिलने की पुष्टि की गई। इस खबर ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया। गांव के निवासी रोहन शाही ने बताया कि शिवानंद बेहद मेहनती और जिम्मेदार युवक थे। उन्होंने कहा कि परिवार की स्थिति अच्छी नहीं थी और शिवानंद ही घर को संभाल रहे थे। अब उनके जाने के बाद परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस हमले में हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के गलोड़ क्षेत्र के हड़ेटा गांव निवासी 23 वर्षीय आदित्य शर्मा की भी जान चली गई। आदित्य जहाज पर डेक कैडेट के रूप में कार्यरत थे और समुद्री क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सपना देख रहे थे। आदित्य की मौत की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पूरे देश में शोक, सरकार से सहायता की उम्मीद

देवरिया और हमीरपुर में मृतकों के घरों पर संवेदनाएं व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने परिवारों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया है। शिवानंद चौरसिया और आदित्य शर्मा जैसे युवा नाविक बेहतर भविष्य और परिवार की खुशहाली के सपने लेकर समुद्र की राह पर निकले थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय तनाव की आग ने उनके सपनों को बीच समुद्र में ही खत्म कर दिया। अब पूरे देश की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार इस घटना की जांच और मृतकों के परिवारों की सहायता के लिए आगे क्या कदम उठाती है। वहीं परिवारों को आज भी इस सवाल का जवाब चाहिए कि उनके अपने आखिर क्यों नहीं बचाए जा सके।

परसों रात बेटे से हुई थी आखिरी बात, फिर आया मौत का संदेश

उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के सुरौली पेकोली गांव के रहने वाले शिवानंद चौरसिया की मौत की खबर ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है। शिवानंद एक विदेशी शिपिंग कंपनी में इंजन फिटर के रूप में कार्यरत थे और करीब आठ महीने पहले नौकरी के सिलसिले में मुंबई से जहाज पर सवार हुए थे।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा भारत: पीएम मोदी

» नीति आयोग की बैठक में बोले प्रधानमंत्री, युवाओं, महिलाओं और राज्यों की साझेदारी से साकार होगा 'विकसित भारत' का सपना

■ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर बढ़ती आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपनी विकास यात्रा को आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि दुनिया आज अस्थिरता और चुनौतियों के दौर से गुजर रही है, लेकिन भारत लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।



मुक्त व्यापार समझौतों से बढ़ेंगे निर्यात और रोजगार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने हाल के वर्षों में कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को नए अवसर प्राप्त हुए हैं। इन समझौतों के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक बेहतर पहुंच मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत (विकसित भारत 2047) के लक्ष्य की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस यात्रा में केंद्र व राज्यों की साझा भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विकास की गति बनाए रखने के लिए सभी राज्यों को सहयोग, संवाद और साझेदारी की भावना के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। इन समझौतों के कारण भारतीय एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खुद को तैयार करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी मजबूत पहचान बनाने का अवसर मिलेगा।

ट्रंप की चेतावनी के बाद ईरान पर अमेरिका का भीषण हमला, जवाब में तेहरान ने बंद किया होर्मुज स्ट्रेट!

■ वॉशिंगटन

मध्य पूर्व में तनाव एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के बाद अमेरिका ने ईरान पर भीषण हवाई हमले किए हैं, जिसमें तेहरान समेत कई शहरों में जोरदार धमाकों की खबर है। इसके जवाब में ईरान ने भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए पलटवार किया है और होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने का ऐलान कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में बयान दिया था कि यदि ईरान बातचीत के लिए तैयार नहीं होता है तो उस पर और भी तेज हमले किए जाएंगे। उन्होंने इसे अमेरिका की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा बताते हुए कड़ा रुख अपनाया था। अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से भी संकेत दिए गए थे कि ईरान के प्रमुख सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है।




होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से बढ़ी चिंता

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है। इसके बंद होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह संकट लंबा चलता है तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है।

संघ मुख्यालय, महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कार्यालय, मेयर कार्यालय उड़ाने की धमकी

■ खालिस्तान नाम से भेजे गए ईमेल

■ मुंबई



महाराष्ट्र में बुधवार को संघ मुख्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय और मुंबई-पुणे के मेयर कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले। ईमेल खालिस्तान नेशनल आर्मी बताने वाले ग्रुप की ओर से भेजे गए थे। इसके बाद कई इमारतें खाली कराई गईं और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया।

अधिकारियों के मुताबिक कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। नागपुर की मेयर नीता ठाकरे को एक ईमेल मिला। इसमें दावा किया गया था कि महाल स्थित संघ मुख्यालय और रेशीमबाग के डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन में विस्फोटक लगाया गया है। सूचना मिलते ही बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड को मौके पर भेजा गया। पुणे में नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन और मेयर कार्यालय को भी बम धमाके की धमकी वाला ईमेल मिला। ईमेल में पुणे नगर निगम के मेयर कार्यालय में दोपहर 1.11 बजे, विधान भवन में 3.11 बजे और नागपुर स्थित संघ मुख्यालय में 3.11 बजे आईईडी विस्फोट की धमकी दी गई थी।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका को कई ईमेल मिले

बृहन्मुंबई महानगरपालिका को भी कई ईमेल मिले। इनमें मुंबई के मेयर कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय और नगर निगम दफ्तरों में विस्फोट की धमकी दी गई थी। ये ईमेल निगम की कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए थे। ईमेल में खालिस्तान का जिक्र किया गया था। इसमें कई संस्थानों और संगठनों के खिलाफ भड़काऊ व धमकी भरी बातें लिखी गई थीं। समान कंटेंट वाले ईमेल में दावा किया गया था कि मुंबई के मेयर कार्यालय में आईडी से लैस कार से धमाका किया जाएगा।

हांसी में जिम संचालक की गोली मारकर हत्या, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जवाबदेही!

■ हांसी

हरियाणा के हांसी जिले में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब अज्ञात हमलावरों ने एक जिम संचालक की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। फव्वारा चौक के पास हुई इस वारदात में बदमाशों ने महज 5 सेकेंड के भीतर करीब 10 राउंड फायरिंग की। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें हमलावर वारदात को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं। हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से लिए जाने का दावा किया गया है। गैंग से जुड़े हरि बॉक्सर के नाम से एक ऑडियो संदेश भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कपिल के रूप में हुई है, जो इलाके में जिम संचालक के तौर पर जाने जाते थे। गुरुवार सुबह वह जिम के बाहर लड़के-लड़कियों को एक्सरसाइज करवा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो हमलावर मौके पर पहुंचे। दोनों ने हेलमेट पहन रखा था ताकि उनकी पहचान न हो सके। आते ही उन्होंने कपिल पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।



5 सेकेंड में चलीं 10 गोलियां

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावरों ने बेहद नजदीक से फायरिंग की। बताया जा रहा है कि लगभग 5 सेकेंड के भीतर 10 राउंड गोलियां चलाई गईं। कपिल को सिर और पीठ में कई गोलियां लगीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग के दौरान शिखा नाम की एक युवती भी घायल हो गई। उसे उपचार के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कांग्रेस ही भाजपा-आरएसएस का सबसे मजबूत मुकाबला: राहुल गांधी

» राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस वैचारिक रूप से मजबूत है, जबकि अन्य दल बिखर रहे हैं।

» देश की आर्थिक स्थिति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री से जवाब मांगा।

» पांच राज्यों में आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के हनन का आरोप लगाते हुए उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की बात कही।

नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि कांग्रेस आज देश की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो वैचारिक रूप से मजबूत और एकजुट बनी हुई है। उन्होंने दावा किया कि अन्य दल जहां लगातार टूट और बिखराव का सामना कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस अपनी विचारधारा के बल पर मजबूती से खड़ी है। राहुल गांधी ने कहा कि इसी कारण कांग्रेस ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रभावी मुकाबला करने में सक्षम है।



कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, महासचिवों और विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने विश्वास जताया कि आगामी दो वर्षों में कांग्रेस संगठनात्मक और राजनीतिक रूप से और अधिक मजबूत होकर उभरेगी। उन्होंने पार्टी नेताओं से जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान राहुल गांधी ने देश की आर्थिक स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था एक नाजुक दौर से गुजर रही है और इसके लिए केवल वैश्विक परिस्थितियों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। राहुल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों ने आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि देश के सामने मौजूद आर्थिक समस्याओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वयं जवाब देना चाहिए और जनता को स्थिति की वास्तविक जानकारी देनी चाहिए। राहुल गांधी ने आदिवासी समुदायों के अधिकारों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ तथा अंडमान-निकोबार जैसे क्षेत्रों में आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। उनके अनुसार, नियमों और प्रावधानों को दरकिनार कर कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

तीन करोड़ रिश्वत लेने के आरोप में दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर गिरफ्तार

■ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली पुलिस के एक इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोप है इस इंस्पेक्टर ने 5000 करोड़ के फर्जी दवा घोटाले से जुड़े मुख्य आरोपी से 3 करोड़ की रिश्वत ली थी।

उल्लेखनीय है कि यह रिश्वत कथित तौर पर इसलिए ली गई थी, ताकि आरोपी को सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में राहत दिलाने में मदद मिल सके। यह मामला पुडुचेरी से जुड़े बड़े नकली दवा रैकेट से संबंधित है, जिसमें बड़ी मात्रा में फर्जी दवाइयों का उत्पादन और वितरण होने का आरोप है। इस रैकेट की वजह से न केवल सरकार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ, बल्कि लोगों की सेहत के लिए भी गंभीर खतरा पैदा हुआ, क्योंकि नकली दवाइयां इलाज के नाम पर बाजार में पहुंचाई जा रही थीं। सीबीआई ने इस मामले में 8 जून को प्राथमिकी दर्ज की थी। प्राथमिकी में इसमें दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के दक्षिणी परिक्षेत्र में तैनात इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह, एन. राजा और राजकुमार को नामजद किया है।

एलपीजी कनेक्शन पर जारी किया नया आदेश

सरकार ने दिखाई सख्ती, तुरंत सरेंडर करो रसोई गैस सिलेंडर!

■ एलपीजी से पीएनजी पर इस्तेमाल का चल रहा अभियान

■ नई दिल्ली



भारत सरकार अब रसोई गैस के पारंपरिक एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भरता कम करने और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का कहना है कि सरकार का लक्ष्य उन क्षेत्रों में पीएनजी कनेक्शन का तेजी से विस्तार करना है, जहां इसका बुनियादी ढांचा पहले से तैयार है। लिहाजा, सरकार की नीति है कि रसोई गैस अब पीएनजी पर जल्द से जल्द स्थानांतरित हो जाए।

मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल द्वारा जारी पत्र के अनुसार, 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' क्षेत्र में हालिया वैश्विक घटनाक्रमों के कारण एलपीजी पर निर्भरता कम करना जरूरी हो गया है। इसके अलावा, एलपीजी पर दी जा रही भारी सब्सिडी भी सरकार के लिए एक बड़ी आर्थिक चुनौती बनी हुई है। रिपोर्ट में खुलासा किया है कि तेल विपणन कंपनियों को वर्तमान में प्रति एलपीजी सिलिंडर 690 रुपए का नुकसान हो रहा है। सालाना आधार पर यह घाटा 1,38,000 करोड़ रुपए तक पहुंच जाता है। इसके अतिरिक्त, सरकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपए प्रति सिलेंडर की अतिरिक्त सब्सिडी देती है, जिसका वार्षिक बोझ 19,000 करोड़ है। सरकार ने तेल कंपनियों और शहरी गैस वितरण संस्थाओं को निर्देश दिया है कि वे उपभोक्ताओं को नोटिस जारी करें। सरकार ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला कलेक्टरों, जिला मजिस्ट्रेटों और नगर निकायों के अधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे स्थानीय स्तर पर उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी की ओर पूरी तरह से स्थानांतरित होने के लिए प्रोत्साहित करें।

पीएनजी के ये होंगे फायदे

सरकार के अनुसार, पीएनजी न केवल एलपीजी की तुलना में अधिक सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल है, बल्कि यह एक स्वच्छ ईंधन भी है। इससे न केवल विदेशी आयात पर निर्भरता कम होगी, बल्कि सरकारी खजाने पर सब्सिडी का बोझ भी घटेगा। इसके अलावा जिन लोगों के पास पीएनजी कनेक्शन है, लेकिन उन्होंने अभी तक अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर नहीं किया है। इससे एलपीजी की कालाबाजारी और अनावश्यक उपयोग को रोका जा सकेगा। ऐसे लोग जो उन इलाकों में रहते हैं जहां पीएनजी पाइपलाइन बिछ चुकी है, लेकिन उन्होंने अभी तक स्थानांतरित नहीं किया है।

के-9 वज्र पर भारतीय सेना का बढ़ा भरोसा

300 और तोपें खरीदने की हो रही तैयारी

■ नई दिल्ली

भारतीय सेना जल्द ही अपनी आर्टिलरी ताकत में बड़ा इजाफा कर सकती है। सेना ने करीब 23,000 करोड़ रुपये की लागत से और 300 के 9 वज्र-टी ऑटोमैटिक तोपें खरीदने की योजना बनाई है। यह वही तोप है जिसने लद्दाख की कठिन परिस्थितियों में भी शानदार प्रदर्शन किया था और सेना का भरोसा जीता है। अगर इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलती है, तो यह हाल के सालों में सेना की सबसे बड़ी आर्टिलरी खरीद परियोजनाओं में से एक होगी। चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर चुनौतियों के बीच सेना अपनी लंबी दूरी तक फायर करने की क्षमता को मजबूत करना चाहती है। के9 वज्र की बढ़ती संख्या से सेना को युद्ध के दौरान तेजी से हमला करने और दुश्मन को जवाब देने में बड़ी बढ़त मिल सकती है।

क्यों बढ़ी के-9 वज्र की मांग: के 9 वज्र को शुरुआत में रेगिस्तानी इलाकों में तैनाती के लिए खरीदा गया था। साल 2020 के बाद चीन के साथ तनाव बढ़ने पर इसे ईस्ट लद्दाख में भी तैनात किया गया।



मेक इन इंडिया को भी मिलेगा बढ़ावा

के 9 वज्र-टी का निर्माण भारत में लार्सन एंड टुब्रो द्वारा दक्षिण कोरिया की हनव्हा एयरोस्पेस के सहयोग से किया जाता है। इसका उत्पादन गुजरात के हजीरा स्थित संयंत्र में होता है और इसमें बड़ी मात्रा में स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया जाता है।

आर्टिलरी आधुनिकीकरण की बड़ी योजना: के-9 वज्र की संभावित खरीद भारतीय सेना के व्यापक आर्टिलरी आधुनिकीकरण कार्यक्रम का हिस्सा है। सेना पहले ही धनुष तोप और उन्नत पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट सिस्टम को शामिल कर रही है।

आंधी–तूफान ने बरेली में मचाई भारी तबाही, पेट्रोल पंप की छत उड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। बुधवार देर रात आई तेज आंधी–तूफान और बारिश ने बरेली में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। कुछ ही मिनटों में तेज हवाओं ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक भारी नुकसान पहुंचाया। सबसे चौंकाने वाली घटना सेटेलाइट बस अड्डे के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर हुई, जहां तेज हवा के दबाव से शेड की छत उखड़कर उड़ गई। उस समय पेट्रोल पंप पर कर्मचारी और ग्राहक मौजूद थे, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और सभी सुरक्षित बच गए। आंधी के चलते शहर के कई इलाकों में



बिजली के खंभे टूट गए और पेड़ सड़कों पर गिर पड़े। कर्मचारी नगर में पानी का टेंक उड़कर बिजली की तारों में फंस गया जो दोपहर तक तारों में लटका नजर आया। बिजली विभाग के अनुसार जिले में करीब 124 बिजली खंभे क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि आठ उपकेंद्र प्रभावित होने से कई इलाकों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। करीब 150



पेड़ और उनकी शाखाएं बिजली लाइनों पर गिरने से फॉल्ट बढ़ गए, जिससे रातभर शहर का बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूबा रहा। बिजली गुल होने से पानी की समस्या भी गहरा गई। इन्वर्टर जवाब दे गए और लोगों को गर्मी में बिना पंखे-कूलर के रात बितानी पड़ी। राजेंद्र नगर, इज्जतनगर, सनसिटी, महानगर और

बिजली व्यवस्था चरमराई, सैकड़ों खंभे व पेड़ गिरे, कर्मचारी और ग्राहक बाल-बाल बचे

रामगंगानगर समेत कई इलाकों में संकट सबसे ज्यादा रहा। तेज हवाओं से होर्डिंग, सोलर पैनल और छतों को भी नुकसान पहुंचा। कुछ स्थानों पर लोग घायल हुए हैं। आंधी थमने के बाद बिजली विभाग, नगर निगम और प्रशासन की टीमें राहत व मरम्मत कार्य में जुट गईं। अधिकारियों का कहना है कि हालात सामान्य करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

सार संक्षेप

तूफान में डटे रहे डीएम अविनाश सिंह, त्वरित कार्रवाई से जनजीवन हुआ सामान्य



बरेली। बीती रात आए तेज़ तूफान और आंधी के चलते शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कई स्थानों पर पेड़ गिर गए, जिससे सड़कों पर आवागमन बाधित हुआ और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस आपदा के समय अविनाश सिंह की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यशैली सामने आई। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी ने बिना विलंब संबंधित विभागों को मौके पर भेजा और सड़कों से गिरे पेड़ों को हटाने, बाधित बिजली आपूर्ति को बहाल कराने तथा यातायात सुचारु करने के निर्देश दिए। नगर निगम, विद्युत विभाग और पुलिस की टीमों ने रातभर अभियान चलाकर कई इलाकों में स्थिति को काबू में किया। डीएम अविनाश सिंह को एक ऐसे अधिकारी के रूप में देखा जा रहा है, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तुरंत निर्णय लेकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं। उनकी सक्रियता, जनहित के प्रति प्रतिबद्धता और प्रशासनिक दक्षता के कारण संकट की घड़ी में आमजन के बीच विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। प्रशासनिक स्तर पर उनकी तत्परता को शहरवासियों ने सराहनीय बताया है।

आरक्षण में अनदेखी का आरोप, सपा ने भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला



बरेली। सरकारी भर्तियों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर समाजवादी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सपा जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न भर्तियों के दौरान आरक्षण नियमों का पालन नहीं किया गया, जिससे पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्ग के युवाओं के अधिकारों का हनन हुआ है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण व्यवस्था लागू की थी, लेकिन मौजूदा सरकार लगातार संवैधानिक प्रावधानों को कमजोर कर रही है। इसका सीधा नुकसान उन युवाओं को हो रहा है, जो वर्षों मेहनत कर सरकारी नौकरी की तैयारी करते हैं। प्रेसवार्ता में सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का दावा सिर्फ जुमला साबित हुआ। अधिकांश भर्तियां पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने और अनियमितताओं की भेंट चढ़ गईं। पार्टी ने 2019 से 2026 के बीच हुई 22 प्रमुख भर्तियों का हवाला देते हुए दावा किया कि पीडीए वर्ग को कुल 4,261 पद कम दिए गए। प्रेसवार्ता में सांसद नीरज मौर्य, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुलतानी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

रंगदारी न देने पर मारपीट का आरोप, 6 पर रिपोर्ट

बदायूं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रानगर निवासी राजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका राधा कन्हैया कॉलोनी मझिया रोड पर प्लॉट है,जिस पर उसका प्लॉट बन रहा है।5 जून की शाम साढ़े सात बजे स्कूटी से वह घर लौट रहा था,तभी एप लाइन कॉलोनी के समीप सिद्धार्थ पटेल निवासी गांव नगला शर्की थाना सिविल लाइन,अजय पटेल उर्फ बाबा निवासी गांव लखनपुर थाना सिविल लाइन ने अपनी स्कूटी उसके पास में आकर रोक दी और गाली गलौज करने लगे। उसने वहां से भागने का प्रसायस किया तो दोनो लोगों ने धक्का देकर उसे गिरा दिया। वहां पहले से मौजूद तरुण राठौर निवासी दातागंज रेलवे फाटक, सौरभ चौहान निवासी सुभाष नगर बरेली, कमल निवासी गांव बाबट थाना कुंवरगांव आदि लोग बैठे शराब पी रहे थे। सभी लोगों ने रंगदारी मांगते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि पहले भी यह लोग रंगदारी मांग चुके हैं। गांव के लोगों के आने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने पांच नामजद व एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

तेज आंधी-तूफान ने मचाई तबाही सोलर पैनल गिरने से युवक की मौत

कैंट क्षेत्र में कई हादसे, पेड़ और छत गिरने से महिलाएं व बुजुर्ग समेत कई घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। बुधवार देर रात आई तेज आंधी और तूफान ने शहर में भारी तबाही मचा दी। कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया इलाके में हुए एक दर्दनाक हादसे में 25 वर्षीय केहरी सिंह की मौत हो गई। वह अपने घर के आंगन में सो रहे थे, तभी पड़ोसी के मकान की छत पर लगा सोलर पैनल तेज हवा के कारण उड़कर उनके ऊपर गिर पड़ा। गंभीर रूप से घायल केहरी सिंह को परिजन अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इसी हादसे में पड़ोस में रहने वाली 17 वर्षीय सविता भी घायल हो गई। उसके ऊपर भी सोलर पैनल गिरने से दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उपचार जारी है। आंधी के दौरान संत मुनि आश्रम परिसर में एक पुराना पीपल का पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया।



पेड़ की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल हरीश (26), रवि (30) और पप्पू उर्फ मोंटी (75) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार हरीश के हाथ में फ्रैक्चर, रवि के सिर व कमर में चोट तथा पप्पू के सिर में गंभीर चोट आई है। रामभरी (50) को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। अस्पताल पहुंचे इंस्पेक्टर, पुलिस जांच में जुटी कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है। आंधी का असर शहर के अन्य इलाकों में भी दिखा। पीलीभीत बाइपास पर विज्ञापन बोर्ड झुक गया, श्यामगंज में मकान की छत गिरी और सेटेलाइट बस अड्डे के पास पेड़ गिरने से एक ऑटो चालक घायल हो गया। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम में सतर्क रहने की अपील की है।

एंटी करप्शन की बड़ी कार्रवाई, जैतीपुर थाने का सिपाही रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

विवेचना निस्तारण के नाम पर मांगे थे 35 हजार रुपये, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप



बरेली। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एंटी करप्शन बरेली की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शाहजहांपुर जिले के जैतीपुर थाना में तैनात एक सिपाही को 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एंटी करप्शन की ट्रैप टीम ने गुरुवार को थाना जैतीपुर के होमगार्ड रूम में दबिश देकर सिपाही विवेक कुमार पुत्र प्रेम सिंह, निवासी ग्राम शिवनगर धूसरी, थाना शिकारपुर, जनपद बुलंदशहर को दोपहर 12:57 बजे रिश्वत लेते समय पकड़ा। आरोपी वर्तमान में जैतीपुर थाने में तैनात था। शिकायतकर्ता सुधांशु कुमार शर्मा, निवासी बरेली, ने एंटी करप्शन संगठन से शिकायत की थी कि उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे की विवेचना के निस्तारण के नाम पर 35 हजार रुपये की मांग की जा रही है। आरोप था कि यह रकम विवेचक के नाम पर सिपाही विवेक कुमार द्वारा मांगी गई। सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप टीम प्रभारी प्रवीण सान्याल के नेतृत्व में जाल बिछाया गया और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया गया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी सिपाही के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में थाना गढ़िया रंगीन में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एंटी करप्शन टीम ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा और जनता से अपील की है कि रिश्वत मांगने की सूचना तुरंत संगठन को दें।

दो अपहर्ताओं समेत चचेरी-तहेरी बहनें सकुशल बरामद

बदायूं। थाना उसावां पुलिस ने बृहस्पतिवार को अपहर्त चचेरी-तहेरी बहनों को सकुशल बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। मामला थाना व कस्बा उसावां का है। मंगलवार को कस्बे में टहलने निकली दो नाबालिग चचेरी-तहेरी बहनें अचानक लापता हो गई। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उनकी खोजबीन की। लेकिन उनका सुराग नहीं लगा। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिससे पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया।परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरु कर दी। पुलिस ने किशोरियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इसी दौरान बृहस्पतिवार को पुलिस ने दोनों बहनों को बरामद कर दो अभियुक्तों को गांव मिल्किया मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

राशन कार्ड पोर्टल पर जिंदा महिला को मृत दिखाया

खाद्य विभाग की कथित गलती से बंद हुआ राशन कार्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। थाना बिशारतगंज क्षेत्र के गांव अमूप नगरिया गोपालपुर की रहने वाली विमला देवी पत्नी राजेंद्र सिंह के साथ चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि खाद्य विभाग की लापरवाही के चलते उन्हें राशन कार्ड पोर्टल पर मृत घोषित कर दिया गया, जबकि वह पूरी तरह जीवित हैं। इस गंभीर त्रुटि के कारण उनका राशन कार्ड निरस्त हो गया और परिवार सरकारी राशन से वंचित हो गया है।

विमला देवी ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 30 अप्रैल 2026 को तहसील दिवस और जिला शिकायत प्रकोष्ठ में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। आरोप है कि जांच के नाम पर की गई कार्रवाई के दौरान ही राशन कार्ड पोर्टल पर उन्हें मृत दर्शा दिया गया, जिससे स्थिति और अधिक बिगड़ गई। पीड़िता का कहना है कि राशन कार्ड निरस्त होने के बाद से उनके परिवार के सामने भोजन तक की समस्या खड़ी हो गई है। सरकारी खाद्यान्न योजना का लाभ बंद होने से परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मामले की जानकारी देने के बावजूद संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं और कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा। विमला देवी ने जिला प्रशासन और विभागीय उच्चाधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा उनका राशन कार्ड तत्काल बहाल कर उन्हें सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

55 मिनट में लापता 5 वर्षीय वेवान को ढूंढ लाए सेटेलाइट चौकी प्रभारी, मां ने जताया आभार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। थाना बारादरी क्षेत्र के नवादा शेखन निवासी सुनीता ने दोपहर के समय अपने 5 वर्षीय बेटे वेवान के लापता होने की सूचना पीआरवी-112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और बच्चे की तलाश शुरू कर दी गई।

मामले की जानकारी मिलते ही सैटेलाइट चौकी प्रभारी मयंक भारद्वाज अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और बच्चे की तलाश के लिए अभियान चलाया।पुलिस की तत्परता और तकनीकी सहायता के चलते महज 55 मिनट के अन्दर वेवान को बालजती कुएं के पास सकुशल बरामद कर लिया गया। बताया गया कि बच्चा घर से खेलने की बात कहकर निकला था और अचानक रास्ता भटक जाने से गुम हो गया था।बच्चे के सकुशल मिलने पर मां सुनीता के चेहरे पर खुशी लौट आई। उन्होंने बरेली पुलिस, पीआरवी-112 टीम तथा सैटेलाइट चौकी प्रभारी मयंक भारद्वाज और उनकी टीम का कोटि-कोटि धन्यवाद व्यक्त किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊजार्वान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊजार्वान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।

कामयाबी पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी

नोटों की माला चोरी करने वाले दो शातिर बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। शादी समारोहों और दुकानों से नोटों की माला व नकदी चोरी कर फरार होने वाले दो शातिर बदमाशों को अलीगंज पुलिस ने गुरुवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी मौके से दबोच लिया गया। दोनों आरोपी अलीगंज और सिरौली क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं में वांछित चल रहे थे।

पुलिस के अनुसार 9 जून को सिरौली थाना क्षेत्र में पुनीत कुमार ने दुकान से नोटों की माला चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी दिन अलीगंज थाना क्षेत्र के राजपुरा कला निवासी मोहित ने भी शिकायत दी थी कि दो युवक उसकी दुकान के काउंटर से 20 रुपये के नोटों की गड्डी और नोटों का हार चोरी कर ले गए। दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

घटनाओं के खुलासे के लिए गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें दोनों वारदातों में एक ही बाइक और एक जैसे संदिग्ध दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी।

गुरुवार सुबह करीब 3:50 बजे अलीगंज-सिरौली मार्ग पर पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का संकेत देने पर दोनों आरोपी बाइक मोड़कर भागने लगे। पीछा करने पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई।

घायल आरोपी की पहचान संभल जिले के थाना कुड़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बिचोटा काजी निवासी साहिल मलिक पुत्र छोटे खान के रूप में हुई। वहीं दूसरे आरोपी की पहचान धर्मेंद्र कुमार पुत्र रामवीर सिंह यादव, निवासी फिरोजपुर बोदा, थाना कुड़ फतेहगढ़, जनपद संभल के रूप में हुई। पुलिस ने साहिल के कब्जे से एक तमंचा, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। वहीं दोनों आरोपियों के पास से अलीगंज और सिरौली क्षेत्र की चोरी की घटनाओं से संबंधित नोटों की मालाएं बरामद हुईं। वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ले ली, जो धर्मेंद्र के नाम पंजीकृत बताई जा रही है।घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

परिवार के साथ मारपीट करने पर चार पर रिपोर्ट दर्ज

बदायूं। थाना उघैती के गांव ईखखेड़ा निवासी धर्मवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 जून की सुबह उसकी पत्नी वीरवती व पुत्री गीता खेत पर घास लेने गई थी। रास्ते में मोहल्ले के प्रशांत,हरिओम,ओमवीर व दोधराज ने घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। गालियों का विरोध करने पर चारों ने उसकी पत्नी व बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उसने बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की। जिसमें सभी को चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महिला से छेड़छाड़ और मारपीट, दो पर रिपोर्ट दर्ज : सहसवान कोतवाली क्षेत्र के एक निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 जून की सुबह पांच बजे वह नीलम के साथ शौच के लिए गई थी। तभी गांव के किशन व रहुक उसके पास आए और अश्लील हरकतें करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की और छेड़छाड़ करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।



आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर-

7906815587, 9758444242

सीएमओ कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में हुआ निदेशक पद का निर्वाचन सम्पन्न

चुनाव: 22 प्रत्याशियों में से 10 निदेशक हुए निर्वाचित



चुनाव के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट व अन्य।



सीएमओ कार्यालय में खड़े चुनाव में चुने गए निदेशक।



सभागार में मतदान करते लाइफ मेंबर।



नवनिर्वाचित डायरेक्टर अवतार सिंह को सर्टिफिकेट देते सिटी मजिस्ट्रेट और सीएमओ।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा डायरेक्टर का चुनाव मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ। चुनाव सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक हुआ। जबकि तीन बजे मतगणना हुई चुनाव सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम की देखरेख में हुआ।

चुनाव के लिए कई दिनों से तैयारियां आरंभ थी। इसके बाद सीएमओ कार्यालय से ही नामांकन प्रक्रिया की तिथि घोषित की गई। जिसमें डायरेक्टर के लिए 22 लोगों ने नामांकन 6 जून को किया। इसके बाद चुनाव के लिए 11 जून तय की गई। बुधवार को सीएमओ कार्यालय में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक वोटिंग हुई। एक के बाद मतदाताओं ने मतदान का प्रयोग किया। चुनाव में लाइफ मेंबर वोटर 250 थे। इनमें से 122 ने वोट डाले। जिसमें 3 वोट निरस्त किए गए। शेष 119 वोट डाले गए। केमिस्ट एसोसिएशन के जिला महामंत्री नूर मोहम्मद खां, डॉ. महमूद अली खां, डॉ. किशोरी लाल, खुर्शीद अहमद खां, आदिल मुजद्दी, फहीम हसन, मास्टर असरार अहमद, शाहिद अली खां, डॉ.वीवी शर्मा, लाडो बी, कुलदीप जौहरी, गुलशन अरोरा ने मतदान किया।

वोटर 250
कुल वोटिंग 122
निरस्त 3

इन्होंने किया था नामांकन

अब्दुल रऊफ, नरेंद्र पाल सिंह, शुऐब मियां, शाहिद अली खां, मुजफ्फर उल्लाह खां, असरार अहमद, मोहम्मद अब्दुल सलाम, नोमान अहमद खां, असलम जावेद कासमी, हमशाद अली, हरवन्दर सिंह सब्रवाल, फैसल शाह खां, हुमा आमिर, अवतार सिंह, डॉ .अर्पित गुप्ता, राम सुमरन पाराशरी, डॉ .सुरेंद्र मोहन सक्सेना, तरूण कुमार यादव, डॉ .नीरज श्रीवास्तव, डॉ .गुन्जन अग्रवाल और प्रतीक शर्मा ने नामांकन किया था।

लिस्ट में नाम देखने के बाद डाला वोट

भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा डायरेक्टर का चुनाव करने से पहले लाइफ मेंबर वोटर ने सूची में नाम देखा। उसके बाद तीसरी मंजिल पर बना सभागार में मताधिकार का प्रयोग किया। वरिष्ठ सहायक सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि वर्ष 2006 के बाद करीब 20 साल बाद भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा डायरेक्टर का चुनाव हुआ है। यह सोसायटी काफी समय से निष्क्रय थी। काफी लंबे समय के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट के अगुवाई में संचालक मंडल का चुनाव हुआ।

इनको इतने मिले वोट

अवतार सिंह 32
डॉ .अब्दुल सलाम 20
गुंजन अग्रवाल 11
नोमान अहमद 11
हमशाद अली 10
नरेंद्र पाल 9
प्रतीक शर्मा 8
मौलाना असलम जावेद 7
फैसल शाह 4
डॉ .अब्दुल रऊफ 3
टोटल 115

एक नजर

दूसरे समुदाय की नाबालिग छात्रा से छेड़खानी, केस दर्ज

सैदनगर। अजीमनगर थाना क्षेत्र में दूसरे समुदाय की नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोपी कई दिन से छात्रा का पीछा कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना थाना क्षेत्र के कुम्हरिया गांव की है। गांव निवासी एक छात्रा कोचिंग सेंटर पर पढ़ाई के लिए जाती है। बुधवार रात करीब 10 बजे पड़ोस का दूसरे समुदाय का युवक उसके घर में घुस आया। आरोपी युवक ने छात्रा के साथ छेड़खानी शुरू कर दी। छात्रा के शोर मचाने पर परिजन घबरा गए। परिजनों ने आरोपी युवक को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह भाग गया। छात्र ने परिजनों को बताया यह पड़ोस का ही एक युवक है और कई दिन से मेरा पीछा कर रहा है। दो समुदायों में हुई छेड़खानी की सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने कुम्हरिया गांव निवासी राहिल मियां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

- **चीख-पुकार सुनकर दौड़े स्थानीय लोगों ने बमुश्किल उसकी बचाई जान**

जागरण मोर्चा कार्यालय



स्वार। कोतवाली स्वार क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह के पास बातचीत के बहाने बुलाकर एक युवक पर धारदार हथियार, लात-घूसों से जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके पूरे शरीर से खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर दौड़े स्थानीय लोगों ने बमुश्किल उसकी जान बचाई।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया हैं।पुलिस को दी गई तहरीर के में बताया कि मोहम्मद अकील पुत्र शकील अहमद निवासी मोहल्ला स्वार खास 8 जून को अपने किसी काम से गुलडपीपलसाना गया हुआ था। शाम करीब 4 बजे जब वह अपना काम निपटाकर वापस अपने घर लौट रहा था, जैसे ही वह नगर स्थित ईदगाह के पास पहुंचा, वहां पहले से मौजूद आसिफ ने उसे आवाज देकर रोक लिया। पीड़ित जब उनके पास गया और बातचीत होने लगी, तभी अचानक दोनों युवकों ने अकील को गंदी-गालियां देना शुरू कर दिया। जब अकील ने गाली देने का विरोध किया, तो दोनों ने उसे बेरहमी से लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया।मारपीट के दौरान आरोपी लक्की ने अकील को मजबूती से पकड़ लिया, जिसके बाद आसिफ ने उसके ऊपर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।इस हमले के कारण अकील के पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। अकील की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मोहल्ला चक स्वार निवासी ताजिम पुत्र निसार मास्टर और ईदगाह के पास रहने वाले आसिफ लाला पुत्र रईस अहमद सहित आस-पास के लोग दौड़ पड़े। लोगों को आता देख आरोपी अकील को आइंदा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि पीड़ित अकील की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

खाद्य विभाग ने छापेमारी कर हल्दी, धनिया पाउडर के भरे नमूने, हड़कंप

जागरण मोर्चा, कार्यालय



मोहल्ला छिपियान में छापेमारी करते सहायक आयुक्त व अन्य।

रामपुर। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने शहर में अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की तीन नमूने लिए। जिसमें हल्दी, धनिया और पाउडर के नमूने लिए है। सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में सचल दल की टीम सड़कों पर उतर आई।

गुरूवार को मोहल्ला छिपियान स्थित जयगोपाल मसाला चक्की, जयगोपाल, रामदिनेश तिवारी साबुत हल्दी, साबुत धनिया, धनिया पाउडर का एक-एक नमूना लिया। साथ ही मौके से 44 किलोग्राम साबुत हल्दी जिसकी कीमत 3740 रुपये, साबुत धनिया लगभग 28 किलोग्राम कीमत 4290 रुपये, 7.2 किलोग्राम धनिया पाउडर कीमत 1224 रुपये सीज की गई। छापेमारी के दौरान लिए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया गया। छापेमारी करने में रामचंद्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, धर्मपाल सिंह, देवकांत, शहाबुद्दीन मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

मिलक/रामपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरसू नगला में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतका की शादी करीब छह वर्ष पूर्व हुई थी। विवाहिता अपने पति और दो छोटे बच्चों के साथ रह रही थी। बताया जा रहा है कि घटना से पहले वह घर पर ही मौजूद थी। इसी दौरान उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि विवाहिता ने किसी पारिवारिक विवाद या मानसिक तनाव के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दो मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ जाने से परिवार गहरे सदमे में है। गांव में भी शोक और चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पीलाखार नदी में नहाने गया किशोर डूबा, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय




मृतक सुमित का फाइल फोटो।

भोट। थाना क्षेत्र के गुजरैला गांव निवासी नन्हे उर्फ दिले राम का पुत्र सुमित (15 वर्ष) गांव के ही स्कूल में कक्षा 9 का छात्र था। सुमित बुधवार शाम को अपने दोस्तों के साथ पीलाखार नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी की ओर चला गया और डूबने लगा।सुमित को डूबते देख उसके साथियों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह उसे बचाने में कामयाब नही सके। देखते ही देखते सुमित गहरे पानी में डूब गया।जिसके बाद उसके दोस्तों ने मामले की सूचना परिजनों को दी।

सूचना पर परिजनों के साथ ही तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे व नदी में डूबे छात्र की तलाश शुरू कर दी।थाना पुलिस की टीम भी दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गयी और स्थानीय गोताखोरों की मदद से पानी में डूबे छात्र की तलाश शुरू कर दी।काफी देर की खोजबीन के बाद छात्र के शव को नदी से बाहर निकाला गया।जिसके बाद परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजन शव को घर ले गए और गुरूवार सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

अनदेखी विभाग की लापरवाही से जनता आक्रोशित

चौराहे पर सड़क किनारे रखा ट्रांसफार्मर हादसों को दावत दे रहा



टांडा मुरादाबाद मुख्य मार्ग पर रोड के किनारे रखा ट्रांसफार्मर। -जागरण मोर्चा



मुख्य मार्ग पर सिब्ते चौराहे का ट्रांसफार्मर जाम का भी बड़ा कारण है। व्यापार मंडल की ओर से विभाग को कई बार अनुरोध किया गया कि इसे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए, लेकिन विभाग ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया। यह घोर लापरवाही है। -**मुशर्रफ अली जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष व्यापार मंडल**



नगर का मैन बाजार मुख्य मार्ग पर है।नगर व क्षेत्र के लोग खरीदारी करने व बच्चे स्कूल जाते समय इसी ट्रांसफार्मर के पास से गुजरते हैं।विभाग को इस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

उमर फारुख नगर उपाध्यक्ष भाकियू टांडा।



रोजाना इस चौराहे से गुजरना पड़ता है। ट्रांसफार्मर सड़क में घुसा हुआ है, मोड़ पर मुश्किल होती है। एक छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। प्रशासन और विद्युत विभाग को तुरंत इसे हटवाना चाहिए। -**अफसर अली, समाजसेवी टांडा**

ट्रांफॉर्मर को एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराने के लिए स्टीमेट आदि विभागीय प्रक्रिया अपनानी होती है। इस पर विचार किया जाएगा। -**प्रदीप कुमार, एसडीओ विद्युत टांडा।**



सिब्ते चौराहे पर ट्रांसफार्मर सड़क से सटा हुआ है। चौड़ीकरण के बाद तो और भी खतरनाक हो गया है। रोजाना भारी वाहन गुजरते हैं, कहीं टक्कर हो गई तो बड़ा हादसा हो जाएगा। -**मोहम्मद तौसीफ, समाजसेवी टांडा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

टांडा। नगर के मुख्य मार्ग पर सिब्ते के चौराहे पर सड़क के बिल्कुल किनारे रखा विद्युत ट्रांसफार्मर अब दुर्घटनाओं का सबब बन गया है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान ट्रांसफार्मर का आंशिक हिस्सा सड़क में आ गया है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों की जान को लगातार खतरा बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि विद्युत विभाग इस गंभीर सुरक्षा समस्या पर पूरी तरह से आंखें मूंदे हुए है।

ट्रांसफार्मर न केवल दुर्घटना का जोखिम बढ़ा रहा है, बल्कि मुख्य मार्ग पर जाम का कारण भी बना हुआ है। आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग लंबे समय से विभाग से इस ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।नगर के कई अन्य इलाकों में भी आबादी के बीच खुले में ट्रांसफार्मर रखे गए हैं। जिन्हें पहले लोहे की जाली से घेरा गया था, वह जाली भी अब जंग लगकर गल चुकी है। ऐसे में ये ट्रांसफार्मर हादसों को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विभाग जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं निकालता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से विद्युत विभाग पर होगी।

बाजारों में जाकर महिलाओं को किया जागरूक

रामपुर। मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुरुवार को जनपद स्तरीय महिला सुरक्षा दल एवं जनपद रामपुर के समस्त थानो से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि के बारे में बताया। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की गई।

सार संक्षेप



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्यों पर प्रकाश डाला

रामपुर। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने ग्रीन हॉल पब्लिक स्कूल में सिविल लाइन मंडल की बैठक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृव वाली भाजपा सरकार के 12 वर्ष के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्त्ता और नागरिकों से संवाद कर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने प्रधानमंत्री आवास, उज्वला योजना, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी विधायक जी ने कहा सरकार की योजना हर व्यक्ति तक सरकार की हर योजनाओं का लाभ मिल सके यही उद्देश्य है सरकार का इस दौरान संघठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने पर भी चर्चा की विधायक जी ने हर बूथ स्तर हो रहे कार्यों की समीछा की। बैठक में नगर अध्यक्ष अन्नू सक्सेना जिला उपाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत, शकुंतला वर्मा, सुमित कुमार, हिमांशु सक्सेना, ओम प्रकाश सक्सेना, हरीओम सैनी, गोपाल कश्यप, अनिल, विशाल सैनी, कुलदीप सक्सेना, विवेक विश्नोई, आदि मौजूद रहे।

तेज रफ्तार कार ने युवक को रौंदा, हालत गंभीर

स्वार। स्वार-बाजपुर मार्ग पर सुजुकी एजेंसी के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने कुर्सी पर बैठे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे नाजुक हालत में काशीपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित के भाई की तहरीर पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जामिनगंज निवासी जुबैद पुत्र बब्बू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 10 जून की शाम करीब 7 बजे वह अपने भाई शब्बू के साथ बाजपुर रोड पर सुजुकी एजेंसी के पास हाइड्रा क्रेन स्टैंड पर मौजूद था। उसका भाई शब्बू अपनी साइड में कुर्सी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान बाजपुर की ओर से स्वार की तरफ आ रही एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार के चालक ने लापरवाही और अत्यधिक तेज गति से कार चलाते हुए शब्बू को टक्कर मार दी। दुर्घटना के तुरंत बाद जब घायल के भाई ने कार की चालक सीट पर बैठे व्यक्ति से उसका नाम पूछा, तो उसने अपना नाम मोहम्मद जाबिर पुत्र जब्बार, निवासी दुंदावाला सुनगढी (जिला कासगंज) बताया।घटना के तुरंत बाद घायल शब्बू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वार ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे तत्काल सहोता हॉस्पिटल, काशीपुर (उत्तराखंड) ले गए, जहां वह वर्तमान में आईसीयू में भर्ती है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने प्रार्थी जुबैद की शिकायत पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरूकर दी है।



प्रदर्शन करके ज्ञापन दिखाते एसोसिएशन के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

फोटोग्राफर एसोसिएशन ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

रामपुर। फोटोग्राफर एसोसिएशन ने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि जनपद के फोटोग्राफर एवं वीडियो ग्राफर की फोटो एवं वीडियो डेटा सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी की समय-सीमा निर्धारित की जाए। विवाह-जन्मदिन, धार्मिक एवं समाजिक कार्यक्रमों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के दौरान तैयार किए गए। फोटो एवं डेटा फोटोग्राफर द्वारा केवल 90 दिन सुरक्षित रखा जाए। इस अवधि के भीतर ग्राहक अपने फोटो, वीडियो एवं अन्य सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि लंबे समय तक डेटा सुरक्षित रखने में स्टोरेज, तकनीकी खराबी तथा अन्य कारणों से डेटा नष्ट होने का खतरा बना रहता है इसलिए 90 दिन की अवधि के बाद कोई ग्राहक डेटा प्राप्त नहीं करता है तो उसके बाद डेटा सुरक्षित रहने या उपलब्ध न होने की जिम्मेदारी संबंधित ग्राहक की होगी। प्रदर्शन करने वालों में नरेश, प्रेम, राजपाल, राजेश कुमार, संजीव, राजा बाबू और अर्पित यादव आदि मौजूद रहे।

किसान से मारपीट मामले में सभासद पति समेत सात पर मुकदमा दर्ज

मसवासी। हरी मिर्च में कथित घटतौली को लेकर किसानों और व्यापारियों के बीच हुए विवाद के मामले में पुलिस ने किसान की तहरीर पर सभासद पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है।बुधवार देर शाम खुशहालपुर तिराहे पर हरी मिर्च की खरीद-फरोख्त के दौरान किसानों और व्यापारियों के बीच विवाद हो गया था, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण क्षेत्र में तनाव फैल गया था।पुलिस के अनुसार गांव खुशहालपुर निवासी प्रेम नारायण पुत्र हरिराम की तहरीर पर सभासद पति महफूज आलम और छह अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने, अगवा कर वाहन में मारपीट करने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।घटना के बाद गुरुवार को कुछ व्यापारियों ने विरोध स्वरूप मिर्च की खरीद बंद कर दी। इससे अपनी उपज बेचने पहुंचे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा और वे खरीदारी शुरू होने का इंतजार करते रहे।चौकी प्रभारी सोहन पाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मिलक में 10 साल पुराना भूमि विवाद निपटा

मिलक। गांव मिलक अस्दुल्लापुर में लगभग 10 साल पुराने भूमि विवाद का निपटारा करते हुए प्रशासन ने 0.1460 हेक्टयेर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त करा लिया।राजस्व ग्राम मिलक असदुल्लापुर स्थित गाटा संख्या 283/1 रकवा 0.0810 हे श्रेणी-5(3) ड./अन्य बंजर और गाटा संख्या 283/2 रकवा 0.0650 हे0 श्रेणी 5(2) पुरानी परती की भूमि राजस्व अभिलेख में मूल रूप से दर्ज है। 17 मई 2016 को तत्कालीन उपजिलाधिकारी मिलक ने उपरोक्त भूमियों को कर्बला के नाम दर्ज कर दिया था।इस आदेश के विरुद्ध जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए न्यायालय उपजिलाधिकारी मिलक ने 19फरवरी 2026 को अपने आदेश द्वारा 17मई 2016 का पूर्व पारित आदेश निरस्त कर दिया। न्यायालय ने गाटा संख्या 283/1 और 283/2 को पुनः श्रेणी-5(3) ड./अन्य बंजर एवं श्रेणी 5(2) पुरानी परती के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया। आदेश के अनुपालन में 11जून 2026 को राजस्व प्रशासन ने जेसीबी के द्वारा भूमि को कब्जामुक्त करा दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी हरिश्चंद्र जोशी अमित कुमार राजस्व निरीक्षक रामप्रसाद लेखपाल अमरजीत सिंह जितेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

टीबी मुक्त भारत अभियान में रामपुर बना मिसाल, प्रदेश में हासिल किया प्रथम स्थान

- 100 दिवसीय सघन अभियान में 32,983 एक्सरे, 9,133 जांचें और 2,429 मरीजों का उपचार प्रारम्भ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 24 मार्च से प्रारम्भ 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोज अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि अभियान के दौरान जनपद के 286 हाई रिस्क गांव के लक्ष्य के सापेक्ष 274 हाई रिस्क गांव में



जिला क्षय रोग कार्यालय।

स्क्रीनिंग पूर्ण की जा चुकी है जो लक्ष्य का 95 प्रतिशत है। अभियान के दौरान कुल 32,983 व्यक्तियों के एक्स-रे किए गए। 9,133 व्यक्तियों की नॉट जांच कराई गई। जांच के उपरांत 2,429 टीबी मरीजों का उपचार प्रारम्भ कराया गया है। साथ ही जिला कारागार में भी 7 जून से 10 जून 2026 तक तीन दिवसीय विशेष स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया गया है। जिसमें 579 बंदियों के एक्स-रे पूर्ण किए गए हैं। जनपद में टीबी नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए 6 हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनें तथा 2 मेडिकल मोबाइल यूनिट्स का संचालन किया जा रहा है।

इन संसाधनों के माध्यम से दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। 7 जून तक कुल 4,860 मरीज उपचाराधीन रहे। इनमें से 3,102 मरीजों को पोषण सहायता किट उपलब्ध कराई गई, जो कुल पात्र लाभार्थियों का 79 प्रतिशत है। जनपद में टीबी उपचार सफलता दर 97 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि मृत्यु दर 2.6 प्रतिशत रही है जो विगत वर्षों से 40 प्रतिशत कम हो गयी है।

अभियान में 60 वर्ष से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ .सत्य प्रकाश ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों, पूर्व टीबी रोगियों, मधुमेह एवं एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों, धूम्रपान एवं नशे का सेवन करने वाले व्यक्तियों तथा आश्रय गृहों, कारागारों एवं मलिन बस्तियों में निवासरत लोगों की विशेष स्क्रीनिंग की जा रही है। जनपद के 207 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी संवेदनशील आबादी की नियमित जांच एवं नए टीबी रोगियों की खोज का कार्य संचालित है। टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 में जनपद की 51 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। जिसमें बिलासपुर विकासखंड की 3 ग्राम पंचायतों तथा स्वार विकासखंड की 1 ग्राम पंचायत को रजत पदक प्राप्त हुआ। इससे पूर्व वर्ष 2024 में 15 तथा वर्ष 2023 में 9 ग्राम पंचायतों ने यह उपलब्धि प्राप्त की थी। यह सफलता जनपद में जनसहभागिता एवं स्वास्थ्य विभाग के सतत प्रयासों का परिणाम है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनजागरूकता, समयबद्ध जांच तथा गुणवत्तापूर्ण उपचार की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल जांच कराएं तथा उपचार को पूर्ण करें, जिससे टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

आंधी-तूफान से जिले की बिजली चौपट, गिरे पेड़

कई मोहल्लों में शाम छह बजे सुचारू हुई आपूर्ति, अधिकारियों के घनघनाए फोन, दौड़ते रहे कर्मचारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। जिले में बुधवार को तेज आंधी-तूफान और बारिश ने विद्युत व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं और पेड़ गिरने से अलग-अलग स्थानों पर पांच बिजली खंभे क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे जनपद की आपूर्ति चौपट हो गई। बिजली गुल होने से लोगों को उमस भरी गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं आने पर जलापूर्ति और दूरसंचार सेवाएं भी प्रभावित रहीं।

बुधवार रात नौ बजे मौसम का रूख बदल गया। अचानक से आसमान में बिजली चमकने लगी। इसके बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ तूफान भी आया। तूफान आने से दुकान-मकान के छज्जे उखड़कर गिर गए। वहीं दूसरी ओर बिजली के पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। पोलों के क्षतिग्रस्त होने से पूरे शहर की बिजली ठप हो गई। काफी देर तक बिजली नहीं आने लोगों ने नजदीकी बिजलीघर पर फोन करना शुरू कर दिए। कई मोहल्लों की आपूर्ति गुरुवार की शाम 7 बजे सुचारू हुई। इतनी देर तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़।


बिजली की लाइन में आई खराबी को सही करते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा


बिजलीघर में आई खराबी को सही कराते एसई। -जागरण मोर्चा

यूनीपोल गिरने से टला हादसा

तूफान आने से शौकत अली रोड पर लगे एक यूनीपोल भी क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। क्योंकि इस रोड पर दिनभर चार, दुपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की आवाजाही रहती है। वर्तमान में यूनीपोल की स्थिति यह है कि वह हवा में गिर गया है बस लोहे की रॉड से टिका हुआ है।

बरेली गेट, शाहबाद गेट, बिलासपुर गेट पर गिरे पेड़

तूफान आने से शाहबाद गेट, बरेली गेट पर पेड़ गिर गए। बारिश रूकने के बाद लोगों ने जेसीबी की सहायता से पेड़ों को हटवाया। इसके बाद बिजली निगम के कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग की। पेट्रोलिंग के दौरान मालूम हुआ कि कौन-कौन सी लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। इसके अलावा ज्वालानगर क्षेत्र की आपूर्ति भी रात 1:30 बजे आ गई। इसके अलावा एकता विहार कॉलोनी की आपूर्ति शाम 8 बजे सुचारु आई।

इन्वर्टर और मोबाइल हुए डिस्चार्ज

बिजली नहीं आने पर लोगों के घरों में लगे इन्वर्टर ठप और मोबाइल भी डिस्चार्ज हो गए। कई लोगों के घरों में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। उपभोक्ताओं को पानी की बूंद-बूंद के लिए परेशान होना पड़ा। बिजली आने पर उपभोक्ताओं ने घरों में लगी पानी की टंकियों को भरा। लोगों ने राहत की सांस ली।

रात भर इधर-उधर भागते रहे अधिकारी -कर्मचारी

बुधवार को तेज आंधी-तूफान से बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई। बिजली नहीं आने उपभोक्ताओं ने नजदीकी उपकेंद्र पर जाकर शिकायत दर्ज कराई। रात भर अधिकारी-कर्मचारी इधर उधर भागते रहे। कर्मचारी ट्रार्च और सीढ़ी लेकर लाइनों में हुए फॉल्ट की सही करने के लिए जुटे रहे। रात भर अधिकारी भागते नजर आए।

मिर्च तुलवाने को लेकर हुआ विवाद

- दलित परिवार पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्वार। कोतवाली क्षेत्र के खुशहालपुर मोड़ पर मिर्च तुलवाने के मामूली विवाद को लेकर दबंगों ने एक दलित किसान और उसके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। दबंगों ने न सिर्फ पीड़ित को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया, बल्कि बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी और बेटी को भी बेरहमी से पीटा और उनके कपड़े फाड़ दिए। इतना ही नहीं, पीड़ित को जबरन गाड़ी में डालकर अगवा करने की भी कोशिश की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपी सहित 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुशहालपुर निवासी पीड़ित प्रेशनारायण पुत्र हरिराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके खेत की मिर्च खुशहालपुर मोड़ पर बिकने आई थी।

मसवासी निवासी मेहफूज आलम पुत्र महमूद अहमद मौजूद था। जब प्रेशनारायण ने मेहफूज से दोबारा मिर्च तुलवाने की बात कही, तो वह भड़क गया। आरोप है कि मेहफूज आलम और उसके साथ मौजूद 6 अन्य साथियों ने पीड़ित को घेर लिया और गंदी-गंदी गालियां देते हुए जातिसूचक शब्द कहे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने प्रेशनारायण पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला बोल दिया।पति को पिटता देख जब पत्नी संतोष देवी और पुत्री बीच-बचाव करने दौड़ीं, तो दबंगों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। मां-बेटी के साथ जमकर मारपीट की गई, खींचातानी के दौरान उनके कपड़े भी फट गए।दबंगों का हौसला यहीं नहीं रुका। मारपीट करने के बाद आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की नीयत से एक कैंटर गाड़ी में जबरन डाल लिया। आरोपी उसे गाड़ी में डालकर पीटते हुए मसवासी की तरफ ले जाने लगे। इस बीच पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर मौके पर भारी भीड़ जुट गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए पीड़ित को दबंगों के चंगुल से मुक्त कराया।कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

सीएम योगी के जन्मदिन पर हुआ समारोह

स्वार। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के जन्मदिन के पावन उपलक्ष्य में गुरुवार को स्वार तहसील के रुस्तम नगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री के गुरु भाई और संगठन के राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ महाराज मुख्य अतिथि के रूप में स्वार पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए केक काटा गया और उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों से भारी संख्या में ग्रामवासी और क्षेत्रवासी शामिल हुए। जिससे कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई।इस मौके पर जिला अध्यक्ष,राहुल पाण्डेय,युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, राकेश कुमार चन्द्रा, राम अवतार आदि लोग मौजूद रहे।

सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

मिलक। तहसील क्षेत्र के ग्राम धनेली उत्तरी में सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी रामपुर को प्रार्थना पत्र देकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण टीकाराम पुत्र सुमेरी लाल समेत अन्य ग्रामवासियों द्वारा दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि, जो राजस्व अभिलेखों और नक्शा शजरा में गाटा संख्या 195 के रूप में दर्ज है, पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायत में वर्तमान ग्राम प्रधान विजय पाल पुत्र ख्यालीराम, डालचंद पुत्र रामलाल तथा गेदलाल पुत्र सुखलाल के नामों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया है कि लोगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा करने की नीयत से मकान निर्माण शुरू कर दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस भूमि पर निर्माण किया जा रहा है, वह गांव के सार्वजनिक उपयोग की भूमि है और वहां से ग्रामीणों का आवागमन होता है। अवैध निर्माण के कारण गांव के लोगों को रास्ते से आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो सरकारी भूमि पर स्थायी कब्जा हो जाएगा, जिससे गांव के आम लोगों के अधिकार प्रभावित होंगे।शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सरकारी भूमि की पैमाइश कराने तथा अवैध निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने की मांग की है। साथ ही कब्जाधारियों से भूमि को मुक्त कराकर उसे पुनः सार्वजनिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखने की अपील की है।

सार संक्षेप

भाकियू टिकैत के नेताओं ने एसडीएम से की मुलाकात

शाहबाद। क्षेत्र के किसानों की खाद संबंधी समस्याओं को लेकर गुरुवार को भाकियू टिकैत के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम और एआरओ कॉपरेटिव से मुलाकात की। भाकियू नेताओं ने एसडीएम आशुतोष कुमार और एडीओ कोऑपरेटिव से मुलाकात कर किसानों को खाद को लेकर आ रही दिक्कतों के बारे में बताया। भाकियू नेताओं ने मुख्य रूप से इस बात पर जोर दिया कि धान की फसल पूरी तरह से लगने को तैयार है। किसानों को खाद लेने के लिए लंबी लाइनों में न लगना पड़े। एसडीएम आशुतोष कुमार ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सभी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। अधिकारियों से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से युवा जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव और युवा जिला सचिव जोगिंदर सिंह शामिल रहे। इनके अलावा किशन लाल सिंह, महावीर सिंह धनगर, गुफरान खान, लालाराम यादव, बन्नू सिंह यादव और ओम प्रकाश सिंह आदि किसान नेता भी उपस्थित रहे।


एआरओ कॉपरेटिव के सामने किसानों की समस्याओं को रखते भाकियू टिकैत के नेता।

आकाशवाणी में श्रोताओं का हुआ सम्मान समारोह

रामपुर। आकाशवाणी के गौरवमयी 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी द्वारा एक श्रोता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्षों से आकाशवाणी से जुड़े समर्पित श्रोताओं को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई।इस अवसर पर वक्ताओं ने आकाशवाणी की 90 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए कहा कि आकाशवाणी ने देश की संस्कृति, भाषा, साहित्य और जनजागरूकता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्रोताओं ने भी आकाशवाणी के प्रति अपने स्नेह और जुड़ाव को व्यक्त किया।नब्बे वर्षों की यह सुनहरी कहानी, जन-जन की आवाज़ बनी आकाशवाणी। ज्ञान, संस्कृति और विश्वास का आधार,यूं ही जगमगाता रहे इसका संसार,सम्मानित होने वालों में सिंधौली मीरगंज, बरेली के ज़ीशान वारसी तथा करूला, मुरादाबाद के अय्यूब खान प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिशासी, विक्रांत चौधरी,कार्यक्रम अधिशासी अवधेश गौतम, वरिष्ठ उद्घोषक असीम सक्सेना, उर्दू कार्यक्रम उद्घोषक फरीद उल्लाह खान,इशरत जवेरिया, सरस्वती सिंह, दीपिका, आकांक्षा, अर्शी मसूद तथा अंकुर राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति रही।


मुख्य अतिथि से पुरस्कार लेते कर्मचारी एवं अधिकारी।

श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर नंदोत्सव के आनंद में डूबा पंडाल

रामपुर। सिविल लाइंस स्थित बॉम्बे पैलेस होटल में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन पंडाल पूरी तरह भक्ति के रंग और दिव्य आनंद के सागर में डूब गया। कथा व्यास पूज्य अमन उद्धव जी महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से गजेंद्र मोक्ष, भक्त प्रहलाद चरित्र और भगवान श्री कृष्ण के आलौकिक प्राकट्य (जन्मोत्सव) प्रसंग का बेहद मार्मिक एवं जीवंत वर्णन किया। कथा की शुरूआत करते हुए महाराज ने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाई और कहा कि जब जीव संकट के समय अपनी सारी शक्ति और अहंकार छोड़कर सच्चे मन से ईश्वर को पुकारता है, तो भगवान नंगे पैर दौड़े चले आते हैं। इसके बाद उन्होंने परम भक्त प्रहलाद की कथा के माध्यम से समझाया कि ईश्वर संसार के कण-कण और खंभे में भी व्याप्त हैं, बस मनुष्य के भीतर प्रहलाद जैसा अटूट विश्वास होना चाहिए। जैसे ही कथा में कंस के कारागार में भगवान श्री कृष्ण के जन्म और वासुदेव जी द्वारा उन्हें गोकुल ले जाने का प्रसंग आया, पूरा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" और "हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में सोनम गुप्ता, पलाश गुप्ता, डेजी गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, पूनम गुप्ता और कृष्णा गुप्ता ने व्यास पीठ का विधि-विधान से पूजन किया। इसके साथ ही राजेंद्र कुमार सराफ, राजीव अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, रुचि वैश्य, राजीव गुप्ता, पावन गुप्ता, प्रांशु वैश्य, विशेष वैश्य, काव्यांश गुप्ता, अमोल गुप्ता, आंचल गुप्ता, मंजू गुप्ता, बीना गुप्ता, सिद्धिका, अदिति, जितेंद्र गुप्ता और दीपक गुप्ता सहित भारी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ट्यूबवेल से स्टार्टर की केबिल चोरी करते दो युवक दबोचे

स्वार। कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवंतनगर में ट्यूबवेल से स्टार्टर की केबिल चोरी कर रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से चोरी की गई केबिल और घटना में प्रयुक्त प्लास बरामद कर लिया। गांव भगवंतनगर निवासी विजयराज विनायक पुत्र श्यामचंद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके ट्यूबवेल समरसेबल से स्टार्टर तक लगी केबिल को दो युवक काटकर चोरी कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपने मौसेरे भाई मन्दीप कंबोज के साथ मिलकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम गौरव पुत्र विनोद निवासी बरवाला थाना किलाखेड़ा जिला ऊधमसिंह नगर तथा अमित पुत्र कल्लू निवासी टांडा डालचंद थाना किलाखेड़ा जिला ऊधमसिंह नगर बताया है। आरोपियों के कब्जे से करीब तीन किलोग्राम एलाइड कंपनी की नीले, पीले और लाल रंग की केबिल तथा एक प्लास बरामद किया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेजा है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

कीटनाशकों की खरीद वैध लाइसेंसधारी विक्रेताओं से करें किसानः कुलदीप सिंह

रामपुर। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा ई-वाणिज्य ऑनलाइन इकाइयों के माध्यम से कीटनाशकों के विक्रय तथा बिना वैध लाइसेंस के फल पकाने वाले उत्पादों के अवैध निर्माण, भंडारण, वितरण एवं व्यापार के संबंध में कीटनाशी अधिनियम, 1968 एवं कीटनाशी नियमावली, 1971 के प्रावधानों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने जनपद के सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में ई-वाणिज्य इकाइयों के माध्यम से कीटनाशकों का क्रय न करें। कृषकों को आवश्यकता अनुसार कीटनाशकों की खरीद केवल जनपद के वैध लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही करनी चाहिए। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी कहा कि फल पकाने वाले उत्पादों का क्रय केवल वैध निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेताओं से ही किया जाए। किसानों एवं आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार के कीटनाशक अथवा फल पकाने वाले उत्पाद की खरीद करते समय संबंधित विक्रेता से बिल/कैश मेमो अनिवार्य रूप से प्राप्त करें।


कुलदीप सिंह राणा, जिला कृषि अधिकारी।

सभासदों ने नगर पंचायत लिपिक की डीएम से की शिकायत

शाहबाद। नगर पंचायत शाहबाद के वार्ड नंबर 16 के सभासद शराफत हुसैन हस्सानी और वार्ड 8 की सभासद अंजुम बेगम ने डीएम को भेजे पत्र के माध्यम से नगर पंचायत लिपिक की शिकायत की है। पत्र में नगर पंचायत के लिपिक की जांच कराने और दूसरी नगर पंचायत में तबादला करने की मांग की है। सभासदों द्वारा दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाया कि लिपिक नवेद मियां का व्यवहार जनप्रतिनिधियों एवं आम लोगों के प्रति ठीक नहीं है। सभासदों का कहना है कि जनहित से जुड़े कार्यों को लेकर बातचीत करने पर वह अभद्रता करते हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि नवेद मियां को मृतक आश्रित के रूप में चपरासी पद पर नियुक्ति मिली थी, लेकिन बाद में उनका पदोन्नयन लिपिक पद पर कर दिया गया। सभासदों ने उनकी नियुक्ति एवं योग्यता की जांच कराने की मांग उठाई है। सभासदों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने तथा संबंधित लिपिक का जिले की किसी अन्य नगर पंचायत में स्थानांतरण किए जाने की मांग की है।

कार्यक्रम शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस मंडल में किया प्रवास

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर मजबूत राष्ट्र बनकर उभर रहा भारत: आकाश सक्सेना

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि आज भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। आधारभूत ढांचे का तेजी से विकास, डिजिटल क्रांति, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण की योजनाओं ने देश को नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इनसे करोड़ों लोगों को सीधा लाभ मिला है।

भारतीय जनता पार्टी के 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के तहत विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस मंडल में प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर सरकार की नीतियों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश की विकसित भारत की ओर बढ़ती तेज रफ्तार यात्रा को देखकर विपक्ष बौखला गया है और जनता के बीच भ्रांतियां फैलाने का काम कर रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं, जिनसे आम जनता का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। विधायक ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक देश के विकास को रोककर रखा, वही आज जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन देश की जागरूक जनता अब उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है और इसी सोच के साथ कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी चुनावों की रणनीति तैयार करने और जनसंपर्क अभियान को और प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं और योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं की समस्याएं भी सुनी गईं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। अंत में विधायक ने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया। साथ राम विहार स्थित श्री बालाजी शक्तिपीठ में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत, कार्यालय प्रभारी अशोक बिश्नोई, सभासद विवेक विश्नोई, मंडल अध्यक्ष अन्नू सक्सेना, हिमांशु सक्सेना आदि उपस्थित रहे।


शहर विधायक का स्वागत करती महिला। -जागरण मोर्चा

सार्वजनिक सीवर टैंक पर अवैध निर्माण का आरोप, ईओ से की कार्रवाई की मांग

चन्दौसी। नगर के आवास विकास कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी द्वारा सार्वजनिक सीवर टैंक और रास्ते के ऊपर नियमों के विरुद्ध निर्माण कार्य कराए जाने का आरोप लगाया है, साथ ही नगर पालिका ईओ को पत्र देकर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

शिकायतकर्ता अजय मिश्रा ने शिकायत पत्र में कहा कि कालोनी के एक व्यक्ति ने सीवर टैंक पर अवैध निर्माण के साथ रास्ते का निर्माण कर लिया है। उनका आरोप है कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि एवं सीवर टैंक पर किया गया अवैध रूप से निर्माण न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे कालोनी के निवासियों को भविष्य में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मामले की जानकारी संबंधित विभागों को पहले भी दी गई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। यदि समय रहते ऐसे निर्माणों पर रोक नहीं लगाई गई तो सार्वजनिक सुविधाओं को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी नियमों की अनदेखी करने का प्रोत्साहन मिल सकता है। उनकी मांग है कि पूरे प्रकरण की जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा सार्वजनिक संपत्ति को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए।

आयोग का आदेश न मामले पर बैंक के चेयरमैन व शाखा प्रबंधक की गिरफ्तारी का आदेश

- धारक के खाते से फर्जी तरीके से निकाले गए थे 65 हजार रुपये

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। बिना ओटीपी नंबर देने के बाद भी धारक के खाते से 65 हजार रुपये निकल गए। बैंक शाखा में शिकायत की गई, मगर कोई समाधान नहीं हुआ। इसके बाद मामला उपभोक्ता आयोग पहुंचा तो आयोग बैंक को धनराशि वापस करने आदेश दिए। बैंक द्वारा राज्य आयोग लखनऊ में अपील की। अपील खारिज होने पर बैंक ने आयोग के आदेश का पालन नहीं किया। अब आयोग ने पीएनबी के चेयरमैन व शाखा प्रबंधक की गिरफ्तारी का आदेश सुनाया है।

उपभोक्ता मामलों के अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय के अनुसार संभल के कोर्ट पूर्वी निवासी डा. रितेश कुमार पुत्र राजीव कुमार का पंजाब नेशनल बैंक की शुक्ला मार्केट शाखा में बचत खाता खुला था। 25 मई 2019 की शाम 19.33 मिनट पर उनके मोबाइल पर एक एसएमएस संदेश आया कि उसके खाते से रुपये 65026 रुपेय आहरित किए गए हैं। तो उसने तत्काल ग्राहक सेवा केंद्र के टोल फ्री नंबर पर सूचना देकर अपने खाते को ब्लॉग करा दिया और घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। इसके बाद शाखा प्रबंधक से मिलकर उक्त समस्त तथ्यों से अवगत कराया तो पता चला कि 25 मई 2019 बैंक के कर्मचारियों ने पहले 50 हजार रुपये फर्जी तरीके से निकालने की कोशिश की। लेकिन मात्र 25 हजार ही निकल पाए और उसी दिन कुछ समय के अंतराल पर उसके खाते से 65026 रुपये फर्जी तरीके से निकाल लिए गए। बैंक से जांच कर रुपये वापस करने की मांग की गई। लेकिन बैंक अधिकारियों ने खाताधारक के मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जिस पर खाता धारक ने अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद योजित किया। जिसमें जिला आयोग ने 25 मार्च 2021 को पंजाब नेशनल बैंक के चेयरमैन व शाखा प्रबंधक को आदेश दियाकि वह 65026 रुपये 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित उपभोक्ता को अदा करें। साथ ही 5 हजार रुपये वाद व्याय को अदा करें। लेकिन बैंक प्रबंधन ने आदेश का अनुपालन न करके उपभोक्ता राज्य आयोग लखनऊ में अपील योजित कर दी। लेकिन बैंक की अपील भी 6 अप्रैल 2026 को निरस्त हो गई। इसके बाद बी बैंक ने आयोग के आदेश का अनुपालन नहीं किया। बैंक प्रबंधन की मनमानी को देखते हुए मामले में सख्त रुख अपनाते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने बैंक के चेयरमैन व शाखा प्रबंधक के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं।

सार संक्षेप



चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

चित्रकला प्रतियोगिता में मान्य ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

चन्दौसी। नगर के सीता रोड स्थित रघुनाथ आश्रम स्थित सबरंग ज्योति आर्ट अकादमी द्वारा चलाए जा रहेसमर कैंप के पंचम चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें लगभग 68 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सबरंग अन्नी द्वारा छोटे बच्चों को देखते हुए तिरंगे झंडे में रंगो द्वारा भरे हुए चित्र का चित्रण कराया गया और सभी बच्चों ने सुंदर सुंदर चित्र बनाए। जिसमें मान्य प्रथम, ऋषिका द्वितीय और परी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विनेश शर्मा व राजीव लोचन शर्मा द्वारा बच्चों को जीवन पर आधारित अच्छी-अच्छी बातें बताई गई। हरिशंकर अग्रवाल व इंद्रपाल वार्ष्णेय ने सभी बच्चों को गिफ्ट दिए गए। इस दौरान अन्नी सबरंग, हीरालाल ज्योति, ज्ञान प्रकाश चिंटू, पारुल, मनोज, छुट्टन, योगेंद्र, मुकेश थैली, कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय, इंद्रपाल वार्ष्णेय आदि का सहयोग रहा।

जनसेवा के लिए समर्पित रहे उपखंड अधिकारी प्रथम, स्थानांतरण पर दी विदाई



समारोह में विदाई देते कर्मचारी।

चन्दौसी। विद्युत वितरण खंड में उपखंड अधिकारी प्रथम के स्थानांतरण पर मंगलवार को विभागीय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संगठन पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उपखंड अधिकारी प्रथम अजय चौसरिया अपने कार्यकाल के दौरान जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहे। उन्होंने फील्ड में जाकर विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया तथा कर्मचारियों और उपभोक्ताओं की बात को गंभीरता से सुनकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। सभी ने उपखंड अधिकारी प्रथम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी। समारोह का माहौल भावुक रहा और कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए गए अनुभवों को साझा किया। समारोह में संगठन के अध्यक्ष अजय पाठक, उपखंड अधिकारी द्वितीय, अवर अभियंता आलोक कुमार एवं रोहित कुमार सहित हरिराम, अरुण कुमार, जयकुमार, पिंटू, मनोज, अभिषेक, रवि, अजीत, रोहित, दिनेश, चमन, जुनेद समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

योग से किया जा सकता बिमारियों को दूर



शिविर में योगा करतीं पदाधिकारी।

चन्दौसी। नगर के सीता रोड स्थित विनायक गार्डन में जायंट्स ग्रुप आफ़ वूमेन पावर, वूमेन प्राइड एवं वूमेन एरा के द्वारा 11 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में प्रशिक्षित ट्रेनर अनुपम ने विभिन्न बीमारियों को योग के द्वारा कैसे सही किया जा सकता है इसकी विस्तृत जानकारी नियमित रूप से दे रही हैं। उन्होंने बताया कि भद्रासन एक बैठने की योग मुद्रा है। यह मुद्रा लचीलापन और संतुलन में सुधार करने में मदद करती है। यह मन को शांति और संतोष प्रदान करने में मदद करता है। इसके साथ बालासन एक आरामदायक योग मुद्रा है। यह मुद्रा पीठ और कूल्हों को खींचने में मदद करती है। यह तनाव और थकान को कम करने में मदद करता है। पवनमुक्तासन गैस और सूजन को दूर करने में मदद करती है। इन आसनों का नियमित अभ्यास शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है इस दौरान डा. सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, शुभा कागजी, अलका मंगल,नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अंजली चौधरी, वंदना गुप्ता, प्राची अग्रवाल, रेशु अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल ,सुरभि अग्रवाल, गीताली अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

कथा में भजनों को सुनकर श्रद्धालु झूमने लगे

चन्दौसी। नगर के गौशाला रोड स्थित अनुष्का उत्सव हाल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस में बरेली से पधारे कथा व्यास श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर शिवानंद महाराज ने व्यास नारद संवाद परीक्षित जन्म एवं कलयुग के आगमन की कथा विस्तार पूर्वक सुनाई। पृथ्वी एवं धर्म संवाद के माध्यम से व्यास ने बताया कि कलयुग में धर्म केवल एक चरण पर ही टिका रहेगा। कलयुग के कारण धर्म के तीन जोड़े टूट चुके हैं। कथा के मध्य के सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति से स्रोतों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अंत में आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान हरीश कुमार शर्मा, संजय मिश्रा, अजय जैन, सुशील शर्मा, संजय बंसल, निपुण शर्मा, जतिन शर्मा मिंकू, अमित पाठक, अभिषेक गुप्ता, कुमोदिनी शर्मा, उमा श्रीवास्तव, दुर्गा टंडन, सीमा शर्मा, पूनम तिवारी आदि मौजूद रहे।

पाक्सो एक्ट में न्यायालय ने दोषी को सुनाई 10 वर्ष की सजा

न्यायालय ने 28 हजार रुपये अर्थदंड भी डाला

- जनपद संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र का है मामला

जागरण मोर्चा, कार्यालय



फैसला

चन्दौसी। न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो एक्ट के तहत दोष सिद्ध होने पर दोषी को 10 वर्ष का कारावास व 28 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। मामला जनपद संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र का है।

एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि वादी ने गुन्नौर थाने में तहरीर दी है कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री को गांव युवक 11 मई 2021 की शाम 7 बजे बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया। जिसे बाइक से जाते हुए गांव व्यक्ति ने देखा था। उस समय वह अपनी पुत्री की इज्जत की खातिर चुपचाप अपने परिजनों के साथ इधर-उधर तलाश करता रहा। 13 मई 2021 को उसे जानकारी मिली कि उक्त युवक उसकी पुत्री को बाइक से दिल्ली लेकर जाने वाला है, जो जुनावई से होता हुआ दिल्ली जाएगा। इसके बाद वह कुछ परिजितों के साथ युवक का इंतजार जुनावई तिराहा पर कर रहा था। तभी बदायूं की ओर से बाइक पर युवक दिखाई दिया। बाइक पर पीछे उसकी पुत्री बैठी थी। पास आने पर उन्होंने बाइक रोक ली और युवक को पकड़ लिया। उसकी पुत्री ने बताया कि युवक ने उसके साथ गंदा काम किया है और् दो रात जंगल में रखा है और शोर मचाने की बात पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। वह अपने रिश्तेदारों के साथ अपनी पुत्री और युवक को बाइक सहित थाने लाया। उक्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। उक्त मुकदमें की सुनवाई न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना। जिसमें दोषी सिद्ध होने पर न्यायालय ने दोषी इंद्रपाल को 10 वर्ष का कारावास व 28 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

तेज रफ्तार दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, दो चालक गंभीर रूप से घायल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

बहजोई। गंगा एक्सप्रेसवे पर गुरुवार की तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सुबह करीब 3:10 बजे तेज रफ्तार से जा रहे दो ट्रक आपस में भिड़ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस कर्मियों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहजोई पहुंचाया।

हादसे में घायल हुए व्यक्तियों की पहचान परवेज (35 वर्ष) पुत्र अमीर अहमद तथा आरिफ (40 वर्ष) पुत्र नसीर अहमद, निवासी ग्राम कसार पिंडौल, जनपद मेरठ के रूप में हुई है। सीएचसी बहजोई में चिकित्सकों द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। दुर्घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर संबंधित विभाग एवं पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारु कराया। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार अथवा वाहन नियंत्रण खोना माना जा रहा है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गंगा एक्सप्रेसवे पर हुए इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और सावधानीपूर्वक वाहन संचालन की आवश्यकता को उजागर कर दिया है।

झाड़-फूंक के चक्कर में चली गई जान

- सर्पदंश के बाद दो घंटे तक नहीं मिला इलाज, सीएचसी पहुंचने पर वृद्ध ने तोड़ा दम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

बहजोई। अंधविश्वास और झाड़-फूंक के भरोसे रहने की कीमत एक परिवार को अपने बुजुर्ग सदस्य की जान गंवाकर चुकानी पड़ी। स्टेशन रोड निवासी महेश गौतम (65 वर्ष) पुत्र रामभजन की गुरुवार को सर्पदंश के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार महेश गौतम सुबह करीब 8 बजे अपने खेत पर गए थे। इसी दौरान उन्हें किसी विषैले सर्प ने काट लिया। सर्पदंश होने के बाद परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने वालों के पास ले गए। करीब दो घंटे तक झाड़-फूंक और घरेलू उपायों में समय बीतता रहा, जिससे उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई।

जब स्थिति गंभीर हो गई तो परिजन उन्हें सुबह लगभग 10:15 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहजोई लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। उपचार के दौरान सुबह 10:35 बजे महेश गौतम ने दम तोड़ दिया। सीएचसी बहजोई के चिकित्सक डा. मधुर आर्य ने बताया कि सर्पदंश से पीड़ित वृद्ध को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था। चिकित्सा टीम ने उन्हें बचाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम कराने की सलाह दिए जाने के बावजूद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और शव को घर ले गए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सर्पदंश की स्थिति में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है। झाड़-फूंक और अंधविश्वास के कारण उपचार में होने वाली देरी कई बार जानलेवा साबित हो जाती है। ऐसे मामलों में मरीज को बिना समय गंवाए नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाना ही सबसे सुरक्षित और प्रभावी उपाय है।

युवती के साथ अभद्रता करने पर युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती को घर में घुस युवक ने गाली-गलौज व पकड़ लिया। युवती ने पुलिस अधीक्षक के सहयोग से कोतवाली आरोपी युवक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी एक जून को तबियत खराब होने पर पिता ने सुभाष रोड स्थित एक नर्सिंगहोम में भर्ती करा दिया। जहां 3 जूनको रनजीत सिंह निवासी मोहल्ला लोधियान पहुंचा। उसने युवती बात करने को धमकाया और उसका फोन नंबर मांगने लगा। विरोध करने पर गाली-गलौज की। नर्सिंगहोम का स्टाफ आ गया और युवक को डाटकर भगा लिया। उक्त घटना नर्सिंगहोम के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। उक्त युवक राजकीय पशु चिकित्सालय में कार्यरत है। इसके बाद युवती के पिता उसे घर ले गए। जब पिता ड्यूटी पर गए तो युवती घर पर अकेली थी।

युवक रनजीत सिंह घर में जबरन घुस आया और युवती को गंदी नीयत से दबोच लिया। शोर-शराबा होने पर युवक भाग गया। युवती ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी। मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। फिर युवती से एसपी से गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में आरोपी रनजीत के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

संस्था का उद्देश्य बच्चों को तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करवाना



कार्यक्रम में शामिल अतिथि व बच्चें।

चन्दौसी। अमन खुराना हेल्पिंग सोसाइटी द्वारा संचालित ग्रीष्मकालीन कंप्यूटर कक्षा 2026 के 11वें दिन मोमेंटम लाइब्रेरी के हाल में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला यातायात प्रभारी जगरोशन सिंह बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अध्यक्ष अमन खुराना ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा के साथ-साथ हमारा उद्देश्य बच्चों को कम से कम शुल्क में बेहतर सुविधाओं के साथ तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करवाना है। हेड कांस्टेबल सचिन कुमार ने बच्चों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी तथा विभिन्न यातायात संकेतों और परिस्थितियों को चित्र बनाकर समझाया। बच्चों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, यातायात संकेतों का पालन करने, सड़क पार करते समय सावधानी बरतने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान सलोनी खुराना ,हेड कांस्टेबल सनी तोमर, कांस्टेबल हीरेंद्र मौजूद रहे।

12 सितंबर से आरंभ होगा मेला गणेश चौथ

जागरण मोर्चा, कार्यालय



हवन के उपरांत आरती करते झांकी समिति के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। मेला गणेश चौथ को लेकर बुधवार को गजानन हाल में झांकी समिति व श्री गणेश मेला परिषद की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ विधि विधान व पूजा-अर्चना के साथ किया गया। जिसमें गणेश जन्मोत्सव पर निकलने वाली रथयात्रा, झांकियां, आयोजन व्यवस्थाओं एवं सजावट को लेकर चर्चा की गई। मेला गणेश चौत का आयोजन 12 सितंबर से दो अक्टूबर तक किया जाएगा। जबकि भगवान गजानन की रथयात्रा 14 सितंबर को निकाली जाएगी।

बैठक में विभिन्न झांकी निर्देशकों ने अपनी-अपनी झांकियों के प्रस्ताव प्रस्तुत किए। जिन्हें मेला समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई। इस वर्ष भी स्वचालित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। जिससे श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक भव्यता का विशेष अनुभव प्राप्त होगा। मेला समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश महोत्सव को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। रथयात्रा में विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य झांकी निर्देशक ज्योति चंद्र वार्ष्णेय, मेला परिषद से मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, डा. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत कुमार लालू, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश ब्रेड, प्रफुल्ल कुमार, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ शेखर वार्ष्णेय, वरदान गुप्ता, शुभम अग्रवाल, मो.फईमुद्दीन, आकाश शर्मा, प्रवीण पूसी, हीरालाल, प्रमोद गुरु, अजय आर्य, मोहनलाल रस्तोगी, आशुतोष वार्ष्णेय, दीपू वार्ष्णेय, अक्षय बिट्टू, सुशील अग्रवाल, पवन कुमार, आशीष दुबे, संजू वार्ष्णेय, राजेश पाल, राहुल रस्तोगी, आयुष शंखधार, विक्की चौधरी सहित अन्य गणमान्य सदस्य, श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खजूर के पेड़ से गिरकर बालक की मौत

चन्दौसी। जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव नवगमा में खजूर के पेड़ से गिरने से 8 वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव नवगमा में हरीश 8 वर्ष पुत्र महेश सिंह बुधवार की सुबह 7 बजे गांव के खजूर के पेड़ पर चढ़ गया।

कुछ देर बाद युवक खजूर के पेड़ से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजन बालक को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही बालक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बालक के शव को वापस घर ले गए।

गुस्सा किसानों को खाद दिलाने के लिए राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

डीएपी व यूरिया ने मिलने से किसानों में रोष

जागरण मोर्चा, कार्यालय



एसडीएम नीतू रानी को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। इन दिनों किसानों को डीएपी व यूरिया नहीं मिल पा रही है। जिसको लेकर किसानों में रोष व्यक्त है। गुरुवार को काफी संख्या में राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) के कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। जहां पर उप जिलाधिकारी नीतू रानी को ज्ञापन सोंपकर किसानों को खाद दिलाने की मांग की।

ज्ञापन में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आज देश का किसान यूरिया व डीएपी जैसे खाद को फसलों में लगाने को लेकर बहुत ही चिंतित है क्योंकि सरकार द्वारा ऐसे कड़े नियम बना दिए गए हैं कि किसानों के लिए यह नियम पूरे करना मुश्किल हो रहा है। 1 एकड़ भूमि पर एक सीजन में दो कट्टे उर्वरक खाद व दूसरे सीजन में भी दो कट्टे खाद ही मिलेगा, जबकि आलू, गेहूं, धान, गन्ना जैसी फसले पैदा कर रहा है सरकार द्वारा फार्मर रजिस्ट्री का नियम के अनुसार खाद खेत स्वामी के फिंगरप्रिंट से लिया जा सकता है। इस तरह की व्यवस्था से आज किसान बहुत ही दुखी है, क्योंकि उसे भरपूर मात्रा में फसल के लिए खाद नहीं मिल पाएगा। जो किसान दूर दराज क्षेत्र में रहते है और उनकी भूमि अन्य किसान करते हैं। वह भूमि स्वामी खाद दिलाने नहीं आ सकते। ऐसे में उन किसानों को यूरिया खाद कहां से मिलेगा। जो किसान मौजूदा समय में मक्का की फसल तैयार करने के लिए यूरिया ले चुके हैं, उन्हें धान की फसल के लिए कहां से मिलेगा। मौजूदा समय में चकबंदी चल रही है तो उन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो रही है जिस कारण किसानों के लिए खाद लेना मुश्किल हो रहा है। जिन किसानों की मृत्यु हो चुकी है उनके परिवार के नाम खतौनी में दर्ज नहीं है उन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कैसे होगी व्यवस्था अलग से कराई जाए। यूरिया व डीएपी न मिलने से किसानों का खेती करना असंभव होता जा रहा है। जिससे किसान पूरी तरह टूट चुका है। मगर किसान ऐसा नहीं होने देंगे। सरकार के यह मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देंगे। बहुत जल्दी किसान सड़कों पर उतर कर इस कानून के विरुद्ध आंदोलन करने की रूपरेखा बना चुके हैं और जो की आर पार की लड़ाई होगी। इस दौरान राहुल कश्यप, शानू शर्मा, देशपाल मौर्य, ओंकार सिंह, मदनपाल, लेखराज, ओमवीर सिंह कठेरिया, रामपाल सिंह, सुमित तोमर, अमर सिंह तोमर, वीरेंद्र तोमर, चीनू जैन आदि किसान मौजूद रहे।

डिजिटल रजिस्ट्री योजना निरस्त करने की माँग को लेकर अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर किया विरोध


प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

हसनपुर। तहसील बार एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित डिजिटल रजिस्ट्री योजना के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में गुरुवार को बार एसोसिएशन की एक आम सभा बुलाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर नई व्यवस्था का कड़ा विरोध किया गया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी और सब-रजिस्ट्रार को सौंपकर डिजिटल रजिस्ट्री योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की माँग की।अधिवक्ताओं का कहना है कि महानिरीक्षक निबंधन द्वारा प्रस्तावित यह योजना पूरी तरह अधिवक्ता और जनहित के विरोध में है। विरोध स्वरूप बार एसोसिएशन ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 11 जून से अग्रिम आदेशों तक बैनामा, वसीयतनामा और अन्य सभी प्रकार के दस्तावेजों के पंजीकरण कार्य से पूर्णत: विरत रहने का ऐलान किया है। ज्ञापन देने वालों में गजेंद्र सिंह, बृजकिशोर, चरन सिंह, महबूब आलम, हितेश त्यागी, मनोज कुमार सक्सेना, समरपाल सिंह, ओमपाल सिंह कोहली, इसरार खाँ, दिनेश कुमार प्रजापति, कमल सिंह, रामेश्वर सरन, मौ. नौशाद, चंद्रसैन अग्रवाल और मदन कुमार , जयकुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस मुरादाबाद शाखा के द्वारा एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- यह कार्यक्रम नानपुर की मिलक गांव में आयोजित हुआ
- 40 महिलाओं एवं लड़कियों ने प्रतिभा किया



मुरादाबाद। फिटनेस कोच अपूर्व शर्मा ने सभी महिलाओं एवं लड़कियों को रात में अकेले जाने पर, खेतों में अकेले काम करने पर सुनसान सड़कों पर अकेले जाने पर, होने वाली वारदातों से बचने के गुण सिखाए अपूर्व शर्मा ने बताया कि लड़कियों को अपने खान-पान का विशेष ख्याल रखना चाहिए जिससे कि उनकी शारीरिक मजबूती बनी रहे यदि कोई मनचला उन्हें परेशान करें तो वह उससे निपटने के लिए मानसिक एवं शारीरिक रूप से तैयार होनी चाहिए । चोकिंग टेक्निक, झटके से नीचे गिरना, बाहों को मरोड़ना आदि तकनीक के माध्यम से कोच अपूर्व शर्मा ने लड़कियों को विपरीत परिस्थितियों से निपटने का तरीका बताया । बतौर वक्ता इशिता गुप्ता ने महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 1090 एवं 112 की महत्वपूर्ण जानकारियां दी एवं उन्होंने बताया की किसी भी परिस्थिति में फस जाने पर वह तुरंत इन महिला हेल्पलाइन नंबरों का इस्तेमाल कर स्वयं को बचा सकती हैं । संस्था की अध्यक्ष रीता सिंह जी ने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा प्रति माह जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न विषयों पर आयोजित किए जाते हैं । एक सामाजिक संस्था होने के नाते हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम जन जागरूकता फैलाएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में राजेंद्री कपूर, महिमा मिश्रा, मीता मलिक, सीमा, गीता सिंह आदि ने अपना विशेष योगदान दिया।

सार संक्षेप


पुलिस क्षेत्राधिकार को ज्ञापन सौंपते हुए भारतीय किसान संघ।

क्षेत्र में हो रही गो तस्करी पर रोक लगाने की मांग को लेकर भाकिसं बैठा धरने पर

हसनपुर। क्षेत्र में लगातार हो रही गो तस्करी के विरोध में भारतीय किसान संघ ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर पुलिस क्षेत्राधिकार को ज्ञापन सौंप कर रोक लगाने एवं आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की।9 जून को थाना सैद नगली क्षेत्र में गोश्त से भरी कार पकड़ी गई थी। जिस पर थाना पुलिस द्वारा एक नाम दर्ज एवं एक अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। लेकिन क्षेत्र वासियों की मांग थी कि दो व्यक्तियों से गो तस्करी नहीं हो सकती इसमें और भी लोग सम्मिलित हैं। जांच कर पूरे गैंग का खुलासा होना चाहिए। इसी मांग को लेकर गुरुवार को ब्लॉक परिसर स्थित पुलिस क्षेत्र अधिकारी कार्यालय पर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता धरने पर बैठे और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी के साथ उन्होंने गाव रामपुर भूड़ निवासी राजू की बेटी 2 दिन से गायब है पुलिस जल्द से जल्द उसकी वरामदी की करें। अंत में पुलिस क्षेत्राधिकार पंकज त्यागी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा,धर्मपाल सिंह चौहान, ओमवीर सिंह चौहान, महिपाल सिंह,कृष्ण कुमार शर्मा,डॉक्टर शिवचरण सिंह,डॉक्टर धर्मेंद्र चौहान, कर्मेंद्र सिंह,कपिल शर्मा,अशोक कुमार,जयप्रकाश शर्मा,विजयपाल सिंह,उमेश,बालेंद्र कुमार,दिव्यांग यादव आदि मौजूद रहे।

दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए उकसाने में सास-ससुर दोषी, 5-5 वर्ष का कारावास

अदालत ने दोनों आरोपियों को धारा 306 एवं 498-ए आईपीसी के तहत सजा सुनाई है

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुरादाबाद। करीब नौ वर्ष पुराने दहेज उत्पीड़न और विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-1 ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए सास और ससुर को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों आरोपियों को धारा 306 एवं 498-ए आईपीसी के तहत सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी, जिसके चलते प्रत्येक आरोपी को प्रभावी रूप से पांच वर्ष का कारावास भुगतना होगा।

थाना मझोला क्षेत्र के ग्राम डिडौरा निवासी अब्दुल सलीम ने वर्ष 2017 में अपनी पुत्री समीना की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के बाद मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि विवाह के बाद से ही उसकी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। 15 जुलाई 2017 को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की थी। जांच के बाद ससुर बुंदू अली और सास अनीसा के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

सुनवाई के दौरान अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का विस्तृत परीक्षण किया। न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष धारा 304-बी (दहेज मृत्यु) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के आरोपों को पर्याप्त रूप से सिद्ध नहीं कर सका। हालांकि, अदालत ने यह माना कि विवाहिता को प्रताड़ित किए जाने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। इसी आधार पर दोनों आरोपियों को धारा 306 एवं 498-ए आईपीसी के तहत दोषी ठहराया गया। अदालत ने धारा 306 आईपीसी के तहत दोनों को 5-5 वर्ष का कारावास एवं 50-50 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 498-ए के तहत 3-3 वर्ष का कारावास एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने स्पष्ट किया कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी, इसलिए प्रत्येक दोषी को प्रभावी रूप से पांच वर्ष का कारावास भुगतना होगा। साथ ही आदेश दिया कि वसूले गए अर्थदंड का 90 प्रतिशत हिस्सा मृतका के पिता को प्रतिकर के रूप में दिया जाएगा, जबकि शेष राशि राजकोष में जमा की जाएगी।

निदेशक ने पत्रकार वार्ता करके अधिवक्ता पर लगाया गलत तथ्य प्रस्तुत करने का आरोप

गजरौला। जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ-वेदपाल सिंह ने अधिवक्ता द्वारा लगाए सुपारी देने संबधी आरोपों का खंडन करने के लिए बुधवार की शाम को दूसरी बार पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता द्वारा गलत तथ्यों को प्रस्तुत करके स्वयं को बेदाग साबित करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि सच्चाई यह है कि अधिवक्ता ने जमीन कब्जाने, गौ हत्या करने, हिरन के बच्चे की तस्करी करने, फर्जी गोदनामा आदि बनाने का काम किया है, और इनके मुकदमे अदालत में विचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि जब से उन्होंने अधिवक्ता की ताई से भवन आदि खरीदा है जब से वे आए दिन फर्जी मुकदमे और आरोप लगाते रहते हैं, लेकिन पुलिस की जांच में सब कुछ साफ हो जाएगा।

आंधी एवं बारिश के चलते चार विद्युत पोल टूट कर गिरे, नंबर एक की विद्युत आपूर्ति बाधित


आंधी में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल।

हसनपुर। आंधी एवं बारिश के चलते नगर में विद्युत लाइन के चार पोल टूट कर गिर गए,फीडर नंबर एक की विद्युत आपूर्ति हुई बाधित, गर्मी में लगभग दो हजार उपभोक्ता हुए परेशान।गुरुवार की सुबह लगभग चार बजे तेज आंधी एवं बारिश के चलते नगर में चार विद्युत पोल टूटने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण नगर के फीडर नंबर एक के लगभग दो हजार उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति के लिए तरसना पड़ा।उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति के लिए लगभग 13 घंटे इंतजार करना पड़ा, 13 घंटे विद्युत आपूर्ति न मिलने के कारण विद्युत उपकरण पूरी तरह से शो पीस साबित हो गए, वहीं उपभोक्ताओं को पेयजल की भी दिक्कत हो गई । एसडीओ मिथिलेश कुमार द्वारा बताया गया की आंधी के कारण नगर में चार विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। विद्युत टीम के द्वारा उन्हें सही किया जा रहा है जल्द उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति दी जाएगी।

कथा में सुनाया भगवान के वामन अवतार प्रसंग


श्रीमद् भागवत कथा में वामन भगवान की झांकी।

हसनपुर। नगर के सरकारी अस्पताल के निकट स्थित सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भगवान के वामन अवतार प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास आचार्य पंडित शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अहंकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता है। ईर्ष्यालु व्यक्ति अपने जीवन में कभी तरक्की नहीं कर सकता। ऐसे व्यक्तियों को भगवान सूर्य, वायु, नदियों, बादलों व वृक्षों इत्यादि से प्रेरणा लेनी चाहिए। कथा के बीच में वामन भगवान की आकर्षक झांकी दिखाई गई और सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा के दौरान अतुल शर्मा,सुनील कुमार शर्मा, अजय कुमार शर्मा,संजय कुमार शर्मा,अभिषेक भारद्वाज, महेंद्र अग्रवाल, मनोज जोशी, सुमन शर्मा, प्रियांशी अग्रवाल, निर्मित अग्रवाल, मंजुला शर्मा, उषा शर्मा,सुर्मिला वर्मा,कांति शर्मा, सोनिया शर्मा सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

करोड़ों की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़, दो को दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुरादाबाद। राज्य सरकार के राजस्व को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने वाले फर्जी जीएसटी बिल ट्रेडिंग रैकेट का खुलासा करते हुए अपराध शाखा (एसआईटी) ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक अपराध सुभाष चंद्र गंगवार ने प्रेसवार्ता के दौरान किया। गिरफ्तार आरोपियों पर बोगस फर्मों के माध्यम से फर्जी बिल जारी कर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ दिलाने और बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी कराने का आरोप है।

एसपी क्राइम ने बताया कि राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त दुष्यंत घिल्डियाल की ओर से थाना मझौला में दी गई तहरीर के आधार पर 11 अप्रैल 2026 को मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में एम/एस नेशनल ट्रेडर्स नामक फर्म के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी कारोबार संचालित किए जाने और करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी का आरोप लगाया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एसआईटी को विवेचना सौंपी। पुलिस जांच में सामने आया कि नेशनल ट्रेडर्स के वास्तविक प्रोपराइटर रवि कुमार के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्म संचालित की जा रही थी। इसके जरिए केवल कागजी बिल तैयार कर विभिन्न व्यापारिक फर्मों को उपलब्ध कराए जाते थे, जबकि वास्तविक माल का लेन-देन नहीं होता था। इन बिलों के आधार पर संबंधित कारोबारी अवैध रूप से इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर जीएसटी की चोरी कर रहे थे। एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्यों और अभिसूचना संकलन के आधार पर मुरादाबाद निवासी मोहम्मद फैजल (38 वर्ष) और मेरठ निवासी शाहनवाज (44 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि मेरठ निवासी ईशान मलिक के माध्यम से फर्जी बिलिंग का नेटवर्क संचालित किया जाता था। ईशान विभिन्न पार्टियों को केवल बिल उपलब्ध कराता था, जिनकी मदद से बाजार में फर्जी खरीद-फरोख्त दर्शाकर आईटीसी का लाभ लिया जाता था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि मुरादाबाद की कई फर्मों को नेशनल ट्रेडर्स के नाम से बिल उपलब्ध कराए गए। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे वास्तविक रूप से खरीदे गए कच्चे माल पर फर्जी फर्मों के बिल लगाकर कारोबारियों को देते थे। भुगतान एक निर्धारित बैंक खाते में मंगाया जाता था, जबकि कुछ लेन-देन नकद भी किए जाते थे। इस प्रक्रिया के माध्यम से करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

टीएमयू पैरामेडिकल कॉलेज की गोल्डन गुडबाय पार्टी में संजोईं स्वर्णिम स्मृतियां

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की फेयरवेल पार्टी- गोल्डन गुडबाय में अंतिम वर्ष के स्टुडेंट्स ने रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का बेजोड़ प्रदर्शन किया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मेहमानों समेत अपने जूनियर्स का मन मोह लिया। हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी और बॉलीवुड गीतों पर स्टुडेंट्स ने आकर्षक नृत्य और गायन की प्रस्तुति से पूरा वातावरण उत्साह से भर दिया। फेयरवेल टाइटल्स के लिए अंतिम चयन टैलेंट राउंड के जरिए किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों से प्रश्न भी पूछे गए और उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर अंतिम निर्णय लिया गया। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके आडिटोरियम में फेयरवेल पार्टी- गोल्डन गुडबाय का शंखनाद हुआ। इस अवसर पर टीएमयू मेडिकल कॉलेज में बायोकैमिस्ट्री के प्रोफेसर डॉ. उमर फारुख बतौर मुख्य अतिथि, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी की एचओडी प्रो. रुचि कांत, फॉरेंसिक साइंस के एचओडी श्री रवि कुमार, ऑप्टोमेट्री के एचओडी डॉ. राकेश यादव, डॉ. योगेश कुमार आदि मौजूद रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. रेनू चौधरी, श्रीमती प्रियंका सिंह, डॉ. पिनाकी अदक, श्रीमती सौम्या त्रिपाठ आदि शामिल रहे। प्रो. नवनीत कुमार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संचालन श्रीमती सौम्या त्रिपाठी ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ. उमर फारुख ने कहा, स्टुडेंट्स की यात्रा आसान नहीं होती और यहां तक पहुंचने में उनके स्वयं के प्रयासों के साथ-साथ उनके शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया, एआई का सही उपयोग करके हम स्वयं को और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें कभी सीखना बंद नहीं करना चाहिए। डिग्री के साथ-साथ कौशल भी आवश्यक हैं। उन्होंने अपना संबोधन एक शेर के संग समाप्त किया। ऑप्टोमेट्री विभाग के शेख भाजी को मिस्टर पैरामेडिकल और फॉरेंसिक साइंस विभाग की सलोनी को मिस पैरामेडिकल चुना गया। मिस्टर ईवनिंग का खिताब आरआईटी विभाग के समीर ने जीता, जबकि मिस ईवनिंग का खिताब एमएलटी विभाग की वर्तिका को प्रदान किया गया। इसी क्रम में बी. ऑप्टोमेट्री में मिस्टर फेयरवेल का खिताब गुलशन और मिस फेयरवेल का खिताब सानिब सैफी को मिला, जबकि एम. ऑप्टोमेट्री में प्रीति रानी को मिस फेयरवेल चुना गया। एमएलटी में आकाश को मिस्टर फेयरवेल और नंदिनी को मिस फेयरवेल से सम्मानित किया गया। फॉरेंसिक साइंस में अलीम और त्रिप्ती, एमआरआईटी विभाग में प्रलय और पलक और आरआईटी विभाग में मयंक और मिस्बाह को क्रमशः मिस्टर और मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया।

ख़ास बातें

- ऑप्टोमेट्री के शेख भाजी मिस्टर तो फॉरेंसिक की सलोनी मिस पैरामेडिकल
- आरआईटी के समीर मिस्टर तो एमएलटी विभाग की वर्तिका मिस ईवनिंग
- बी.ऑप्टोमेट्री में गुलशन मिस्टर तो सानिब को मिस फेयरवेल का खिताब
- एम.ऑप्टोमेट्री में प्रीति रानी को मिस फेयरवेल के टाइटल से नवाजा गया
- एमएलटी में आकाश मिस्टर फेयरवेल और नंदिनी मिस फेयरवेल से सम्मानित
- फॉरेंसिक साइंस में अलीम मिस्टर तो त्रिप्ती को चुना गया मिस फेयरवेल
- एमआरआईटी विभाग में प्रलय मिस्टर तो पलक बनी मिस फेयरवेल
- आरआईटी विभाग में मयंक और मिस्बाह क्रमशः मिस्टर और मिस फेयरवेल

स्टंट और हथियार के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल


हथियार का प्रदर्शन एवं स्टंट करते युवक।

हसनपुर। इंस्टाग्राम पर व्यूज और लाइक बढ़ाने के चक्कर में युवा अपनी जान जोखिम में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। गुरुवार के सुबह ऐसा ही एक मामला आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से सामने आया है, जहां दो युवकों का खतरनाक स्टंट और हथियार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो में एक युवक बाइक का अगला पहिया हवा में उछालकर खतरनाक स्टंट कर रहा है, तो वहीं दूसरा युवक धारदार हथियार के साथ रील बनाता दिख रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक ही गांव के निवासी हैं। मामला सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। आदमपुर थाना अध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि मामला संज्ञान में आ चुका है। वीडियो की जांच कर दोनों युवकों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

निर्देश निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी मिले नदारद, दिए नोटिस

चेयरमैन राजपाल सैनी ने पालिका कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय


निरीक्षण के दौरान दस्तावेज चेक करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष।

हसनपुर। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजपाल सैनी ने नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिकार्डों की स्थिति देखी और पालिका कर्मचारियों से उनके काम के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि सभी कर्मचारी अपने पटल पर नियमित रूप से मौजूद रहे कार्यों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें जनता के कार्यों को महत्व दें। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी गैर हाजिर मिले।

गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी दस बजे पालिका कार्यालय पहुंचे और उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। रजिस्टर के अनुसार लगभग दस कर्मचारी गैर हाजिर मिले,जिनको पालिका अध्यक्ष द्वारा नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि भविष्य में काम के समय में अपनी सीट पर नहीं मिले तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह उन्होंने लेखा, टैक्स, सफाई, निर्माण आदि विभागों का भी निरीक्षण किया और सभी अधिकारियों को कागजातों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। चेयरमैन के निरीक्षण से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

मासूम बच्ची से दरिंदगी पर भाकियू अंबेडकर का फूटा गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

हसनपुर। रहरा थाना क्षेत्र के गांव मदारीपुर में 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर क्षेत्र की जनता और किसान समाज में गहरा आक्रोश है। इस हृदयविदारक घटना के विरोध में भारतीय किसान यूनियन बी.आर. अंबेडकर ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप-जिलाधिकारी को सौंपकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों को फांसी की सजा देने की माँग की है। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि इस घिनौने कृत्य से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। संगठन ने माँग की है कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर अपराधी को कठोर सजा दी जाए। इसके साथ ही पीड़ित मासूम को उच्च स्तरीय मुफ्त चिकित्सा उपचार, परिवार को तत्काल पूर्ण पुलिस सुरक्षा और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उचित आर्थिक मुआवजा राशि प्रदान की जाए।ज्ञापन सौंपने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी,सोनू गुर्जर, कुलदीप भारती, गौतम गुर्जर, मनोज, काशिंद्र,सुमित कुमार मंथन आदि मौजूद रहे।

सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में मुकदमा दर्ज

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव में सार्वजनिक भूमि की पैमाइश करने गई राजस्व टीम पर हमला करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला में लेखपाल हरीश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।तहसीलदार के आदेश पर बुधवार की दोपहर बाद लेखपाल हरीश कुमार, राजस्व निरीक्षक देवराज सिंह, रणजीत सिंह और प्रेमशंकर के साथ कोतवाली क्षेत्र के गांव वसी सहसोली में ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 226 की पैमाइश करने गए थे। आरोप है कि पैमाइश के दौरान गांव के ही मूलचंद पुत्र सतबीर ने विरोध करते हुए टीम से अभद्रता की और पैमाइश का फीता छीनकर तोड़ दिया। आरोपी ने पक्की ईंट उठाकर राजस्व टीम पर जानलेवा हमले का प्रयास भी किया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर टीम ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर जान बचाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सहसवान में बाढ़ राहत का मॉक ड्रिल, आपदा से निपटने की तैयारियां परखी गईं

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान। मानसून से पहले संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए गुरुवार को तहसील क्षेत्र के गांव खागी नगला स्थित गंगा घाट पर बाढ़ राहत एवं बचाव का पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) आयोजित किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग, एसडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य और अग्निशमन विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से अपनी क्षमता और समन्वय का प्रदर्शन किया।

अभ्यास के तहत गंगा नदी में नाव पलटने की काल्पनिक सूचना मिलते ही गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम तुरंत सक्रिय हो गई। मोटरबोट और आधुनिक उपकरणों की सहायता से डूब रहे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। डीप डाइविंग तकनीक का उपयोग करते हुए पानी के भीतर फंसे लोगों का सफल रेस्क्यू किया गया। कंट्रोल रूम को सूचना मिलते ही पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अन्य टीमें कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गईं। वायरलेस सेट के माध्यम से अधिकारियों द्वारा लगातार निर्देश दिए जाते रहे, जिससे सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिला। रेस्क्यू किए गए घायलों को मौके पर बने मेडिकल कैंप में प्राथमिक उपचार दिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजने का अभ्यास किया गया। इस दौरान लाइफ जैकेट, स्ट्रेचर और अत्याधुनिक बचाव उपकरणों के सही उपयोग का प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव के उपाय बताए गए और अफवाहों से दूर रहकर प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। खाली बोतल और कनस्तर से अस्थायी लाइफ जैकेट बनाने की तकनीक भी सिखाई गई।



गंगा घाट पर मॉक ड्रिल के समय मौजूद लोग वह बचाव कार्य का रिहेक्शन करते कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

तहसीलदार राकेश कुमार ने कहा कि ऐसे पूर्वाभ्यास से आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित होती है। मॉक ड्रिल में ग्राम प्रधान, लेखपाल, स्वास्थ्य टीम, पुलिस बल और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गंगा घाट पर आपदा प्रबंधन का रिहर्सल, मिनटों में सक्रिय हुईं बचाव टीमें

सहसवान। आगामी मानसून को देखते हुए बाढ़ जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन ने गुरुवार को खागी नगला गंगा घाट पर व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की। इस पूर्वाभ्यास में विभिन्न विभागों की टीमों ने मिलकर बचाव कार्यों का वास्तविक अभ्यास किया और अपनी तैयारियों को मजबूत किया। ड्रिल के दौरान नाव दुर्घटना का सीन तैयार किया गया, जिसमें एसडीआरएफ और गोताखोरों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। मोटरबोट और आधुनिक रेस्क्यू उपकरणों का उपयोग करते हुए बचाव अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस, स्वास्थ्य और अन्य विभागों की टीमें मौके पर पहुंच गईं और समन्वित तरीके से कार्य किया। घायलों को प्राथमिक उपचार देने के साथ-साथ गंभीर मरीजों को अस्पताल भेजने की प्रक्रिया का भी अभ्यास किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि बाढ़ के समय सतर्क रहना और प्रशासन के निर्देशों का पालन करना बेहद जरूरी है। इस अभ्यास ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूत किया है।

सार संक्षेप

शिकायती पत्र के साथ दो हजार रुपये, फिर भी फैसले का दबाव बना रहा वजीरगंज थाने का सिपाही

बगरेन। वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने गांव के ही युवक पर दहेज की मांग, धमकी देने और एआई तकनीक का दुरुपयोग कर उसकी बेटी की छवि खराब करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, उन्होंने कुछ समय पहले अपनी बेटी का रिश्ता गांव के ही युवक से तय किया था। उस समय शादी में एक बाइक देने की बात हुई थी, लेकिन बाद में लड़के पक्ष ने कार की मांग शुरू कर दी, जिसके चलते यह रिश्ता टूट गया। पीड़िता का आरोप है कि रिश्ता टूटने के बाद से युवक उनके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। इतना ही नहीं, जब भी वे अपनी बेटी का कहीं और रिश्ता करने जाते हैं, तो आरोपी एआई तकनीक के माध्यम से लड़की की फोटो बनाकर लोगों को दिखाता है, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने 30 मई 2026 को बजीरगंज थाने में शिकायत दी थी, जिसका शिकायती पत्र एक सिपाही ने लिया और उनसे 2000 रुपये भी लिए। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब उन्होंने दोबारा संपर्क किया तो उन्हें समझौता करने के लिए कहा गया। 7 जून को दोबारा शिकायती पत्र देने के बाद भी सिपाही द्वारा लगातार समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि उन्हें और उनके परिवार को न्याय मिल सके।

बिसौली में दिव्यांगजनों के लिए चिन्हीकरण शिविर, 44 लाभार्थियों को मिलेगा सहायक उपकरण


उपकरण अपने को मौजूद बैठे दिव्यांगजन। –जागरण मोर्चा

बिसौली। आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर चिन्हीकरण शिविर का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित इस शिविर में कुल 44 दिव्यांगजनों का चिन्हीकरण किया गया, जिनमें 32 को ट्राईसाइकिल एवं 12 को कैलीपर प्रदान किए जाने के लिए चयनित किया गया। शिविर के दौरान दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं के अनुसार व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल और जयपुर फुट जैसे उपकरणों के लिए भी पंजीकरण किया गया। साथ ही उन्हें उनके अधिकारों और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर बेहतर जीवन जी सकें। इस अवसर पर विशेष शिक्षक अखिलेश यादव, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अमृता सक्सेना, सहायक आदेश शंखधार, रजनीश सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं रनवीर सिंह, दिनेश, अशोक कुमार समेत कई दिव्यांगजन शिविर में शामिल हुए।

ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप, चार पर मुकदमा

बदायूं। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव सखानूं निवासी राबिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 जून को उसकी पुत्री तैयबा फात्मा को उसके पति ग्यासउद्दीन, ससुर जहीरुल हसन, सास समीना, देवर सोहेल आदि ने घरेलू कामकाज को लेकर जमकर मारापीटा। जिससे उसकी पुत्री को गंभीर चोटे आई हैं। जब उसने दामाद से इलाज कराने को कहा तो उसने इलाज कराने से मना कर दिया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

40 साल पुराने होलिका दहन स्थल पर गैर समुदाय के लोगों ने किया कब्जा

भनक लगते ही हिंदू समाज के लोग हुए लामबंद, प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जनपद के कस्बा नगर पंचायत उसावा में एक ऐतिहासिक धार्मिक स्थल को लेकर स्थिति बेहद संवेदनशील हो गई है। कस्बे के पारंपरिक 'होली चौक' पर दूसरे पक्ष (मुस्लिम समुदाय के कुछ तत्वों) द्वारा कथित तौर पर किए जा रहे कब्जे के प्रयास और भ्रामक दावों के बाद स्थानीय हिंदू समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला प्रशासन और उसावा पुलिस से तुरंत दखल देने और इस ऐतिहासिक धरोहर की रक्षा करने की गुहार लगाई है।

उसावा कस्बे के मुख्य हिस्से में स्थित इस 'होली चौक' पर पिछले लगभग 33 से 40 वर्षों से लगातार शांतिपूर्ण तरीके से सामूहिक होलिका दहन की परंपरा निभाई जा रही है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोग इसी स्थान पर अपनी धार्मिक आस्था प्रकट करते आए हैं। विवाद की शुरुआत तब हुई जब दूसरे पक्ष द्वारा इस चौक की भूमि पर अपना मालिकाना हक या दावा जताना शुरू किया गया। तनाव तब और बढ़ गया जब उनके द्वारा यह तर्क दिया गया कि इस स्थान पर होली जलाने की परंपरा प्राचीन नहीं है, बल्कि 'पिछले साल ही यहाँ पहली बार होली जलाई गई थी'। इस भ्रामक दावे के सामने आते ही कस्बे के हिंदू समाज के लोग लामबंद हो गए हैं और इसे एक सोची-समझी रणनीति के तहत ऐतिहासिक साक्ष्यों को मिटाने और जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास बता रहे हैं।


होलिका दहन स्थल पर अवैध कब्जा को लेकर पहुंची पुलिस जांच करती हुई।

अखबार की पड़ताल और स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दूसरे पक्ष का यह दावा पूरी तरह तथ्यों से परे और मनगढ़ंत प्रतीत होता है। कस्बे के अस्सी वर्षीय बुजुर्गों का स्पष्ट कहना है कि उन्होंने अपनी जवानी से इसी स्थान पर होलिका दहन होते देखा है। "यह कोई नया आयोजन नहीं है। पिछले 40 सालों से प्रशासन की मौजूदगी में यहाँ शांतिपूर्वक त्योहार संपन्न होता आया है। पुलिस के त्योहार रजिस्टर और नगर पंचायत के पुराने नक्शों व रिकॉर्ड्स में भी इस स्थान का उल्लेख स्पष्ट रूप से दर्ज है। ऐसे में अचानक इसे 'एक साल पुराना' बताना सीधे तौर पर इतिहास और हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ है।" इस विवाद के कारण कस्बे के सांप्रदायिक सौहार्द और शांति व्यवस्था पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जानबूझकर ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है ताकि इस सार्वजनिक और धार्मिक भूमि पर कब्जा किया जा सके। बहुसंख्यक समाज का कहना है कि वे अपनी दशकों पुरानी धार्मिक परंपरा और आस्था के केंद्र के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे।

तो क्या नेताओं के दम पर मलाईदार सीएचसी पर जमे है सालों से अधीक्षक

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर वर्षों से जमे चिकित्सा अधीक्षकों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण और विभागीय अनदेखी के चलते कई अधीक्षक तीन से चार साल से अधिक समय से एक ही केंद्र पर डटे हुए हैं, जबकि शासन की स्थानांतरण नीति के अनुसार निर्धारित अवधि के बाद तबादला किया जाना चाहिए।

जानकारी के अनुसार वजीरगंज, दातागंज, ककराला, बिनावर सहित कई प्रमुख सीएचसी ऐसे हैं, जहां अधीक्षक लंबे समय से तैनात हैं। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि ये केंद्र 'मलाईदार' माने जाते हैं, जहां संसाधन और आय के अधिक अवसर होने के कारण अधिकारी यहां से हटना नहीं चाहते। यही कारण है कि वर्षों से एक ही स्थान पर जमे रहने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

सबसे हैरानी की बात यह है कि कई वरिष्ठ चिकित्साधिकारियों को जिला मुख्यालय पर अटैच कर दिया गया है, जबकि जूनियर डॉक्टरों को सीएचसी का प्रभारी बना दिया गया है। इससे न केवल प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी गिर रही है। अनुभवी डॉक्टरों के अभाव में गंभीर मामलों को संभालने में दिक्कतें सामने आ रही हैं।

सूत्रों का यह भी दावा है कि कुछ स्थानों पर अधीक्षकों के संरक्षण में क्षेत्र में अवैध अस्पताल और क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। इन पर प्रभावी कार्रवाई न होने से स्वास्थ्य विभाग की साख पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध नर्सिंग होम की भरमार हो गई है, जो मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वर्षों से चली आ रही इस व्यवस्था ने एक तरह से 'सिस्टम' का रूप ले लिया है, जिसमें नियमों की अनदेखी आम बात हो गई है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय-समय पर पारदर्शी तरीके से तबादले किए जाएं, तो व्यवस्था में सुधार संभव है।

जेल में बनी शमी वाटिकाओं से जुड़ेगा आध्यात्म और पर्यावरण: शिप्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। देशभर में पर्यावरण चेतना की अलख जगाने वाली वाटर वुमन शिप्रा पाठक अब जेलों को हरित बनाने के मिशन में जुट गई हैं। उनके नेतृत्व में चल रहे "हरित जेल अभियान" के तहत शिप्रा पाठक गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर के बाद मेरठ जेल में पहुँची जहां उन्होंने वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज के साथ शमी का पौधा जेल के प्रांगण रोपित किया। जेल में पौधारोपण कर एक नई मिसाल कायम की गई।

इस अभियान की सबसे खास बात यह है कि अब जेलों के कैदी केवल सजा नहीं काटेंगे, बल्कि "पर्यावरण प्रहरी" बनकर प्रकृति संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएंगे। पंचतत्व संस्था द्वारा हर जेल में "पंचतत्व पौधशाला" स्थापित की जा रही है, जहां कैदियों को पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण का प्रशिक्षण दिया जाएगा।


मेरठ की जिला कारागार में शमी का पौधा रोपित करती वाटर वूमेन से प्राप्त मौजूद जेल अधीक्षक।

शिप्रा पाठक ने जेल भ्रमण के दौरान कैदियों से संवाद कर उन्हें प्रकृति के प्रति जागरूक किया और न्याय के देवता शनि को समर्पित शमी के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर जेल प्रशासन और बंदियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिप्रा पाठक का यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक परिवर्तन की पहल है। वे अब तक लगभग 13,000 किलोमीटर की पदयात्रा कर चुकी हैं और अपनी संस्था पंचतत्व के माध्यम से 58 लाख से अधिक पौधे रोपित कर चुकी हैं। हर वर्ष पर्यावरण पखवाड़ा मनाने वाली शिप्रा पाठक ने पिछले वर्ष देश के 31 कुलपतियों के सहयोग से 51 सिंदूर वाटिकाएं स्थापित की थीं। इस वर्ष उनका फोकस जेलों में "शमी वाटिकाएं" विकसित करने पर है, जिससे आध्यात्मिकता और पर्यावरण का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

दिनेश चंद्र शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि पर होंगे सेवा व सांस्कृतिक कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। बदायूं गौरव क्लब एवं बदायूं गौरव महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में क्लब के संस्थापक एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्व. दिनेश चंद्र शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि 13 जून को विभिन्न सेवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई जाएगी।

भाजपा नेता एवं क्लब के मुख्य सचिव अमन मयंक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर दिनभर अलग-अलग स्थानों पर समाजसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह 8 बजे इंद्रा चौक पर जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किए जाएंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे कोठीवाला मंदिर, टिकटगंज में शरबत वितरण किया जाएगा।

शाम 4 बजे जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। वहीं शाम 5 बजे सूर्यकुंड स्थित गुरुकुल में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण के साथ ब्रह्मदत्त गौशाला में पौधारोपण एवं गौसेवा का कार्यक्रम आयोजित होगा।

दिनभर के कार्यक्रमों के उपरांत शाम 7 बजे मोहल्ला चौबे में "एक शाम दिनेश चंद्र शर्मा के नाम" काव्य संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कवि सम्मेलन एवं मुशायरे की प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों को कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में सहसचिव गौरव पाठक, महिला प्रकोष्ठ की सचिव गीता शर्मा, अंजलि मिश्रा, चर्चा पाठक, वैदिक पाठक, प्रज्ञा, नियति मिश्रा, काव्या पाठक, काशी पाठक, अचिन मासूम, रितेश उपाध्याय, शैलेन्द्र शर्मा, रमेश गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

सहसवान में युवती से दुष्कर्म व बिक्री का आरोप, घर में घुसकर चाकू से हमले की शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान। तहसील सहसवान क्षेत्र के अमनपुर गांव की एक युवती ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर गांव के ही एक युवक और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने दुष्कर्म, धोखे से भगाने, दिल्ली में बेचने और जानलेवा हमले जैसे संगीन आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता द्वारा 9 जून 2026 को दी गई शिकायत के अनुसार, कुवरगुर चांदन गांव निवासी नाज़िम करीब एक वर्ष पूर्व उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर उसे दिल्ली में 20 हजार रुपये में बेच दिया। पीड़िता का कहना है कि वह किसी तरह वहां से बचकर अपने गांव लौट आई और परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई।

शिकायत में 8 जून 2026 की मध्यरात्रि की घटना का भी उल्लेख किया गया है। पीड़िता के अनुसार, आरोपी नाज़िम एक अज्ञात साथी के साथ चाकू लेकर उसके घर में घुस आया। इस दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता और उसके माता-पिता के साथ मारपीट की। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए।

शिकायती पत्र मिला है। मामले की गहनता से जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।
–अशोक कुमार, सीओ सहसवान

पीड़िता ने अपने पत्र में आशंका जताई है कि आरोपी भविष्य में उसके या उसके परिवार के साथ कोई गंभीर अनहोनी कर सकते हैं। उसने प्रशासन से सुरक्षा मुहैया कराने के साथ ही आरोपी नाज़िम, उसके पिता व मां के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी कार्यालय ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, स्थानीय स्तर पर घटना को लेकर लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

बाइक से गिरकर महिला की मौत, कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। दातागंज कोतवाली क्षेत्र में बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। घायल महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पड़ेरा निवासी बादशाह अपनी पत्नी भगवती के साथ बाइक से दातागंज आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में छछऊ गांव के नजदीक सर्विस रोड पर बने ब्रेकर से उनकी बाइक टकरा गई।

ससे भगवती ब्रेकर की टक्कर लगने से बाइक से उछलकर सड़क पर गिरकर घायल हो गई। पति बादशाह उनको लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम को भिजवाया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्व
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
7078173252
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
चेहरे पर कील, मुंहासे, पिम्पल होने या पेट की तो गैस
जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
बारबार बुखार आना व न उतरना
कमजोरी सा लगना व भूख न लगना
बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
भूख कम करना, कब्ज (गिलावट) खुसर, पुराना टायफाइड (हरपिट)
पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
छुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
शुक्रिय एसिड (बाल), गाउट रोग व अन्य
हार्ट या लो बी. पी.
हार्ट या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
खून की कमी व विटामिन की कमी
जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएँ
चैन न आना, बेचैनी, तनाव रहना
बिडमिंटपन, काम करने की समस्या
दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
पेशाब आना मस्कती शिकायतें व अन्य
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सम्पर्क सूत्र – 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

कार्रवाई | 10 गिरफ्तार, 30 से 40 जुआरी भाग निकले, जांच में जुटी पुलिस

खेतों में सज रही थी लाखों की जुआ महफिल, पुलिस के छापे से मची भगदड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

आसफपुर। फैजगंज बेहटा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चंदौसी-बिसौली मार्ग पर गुजरैला गांव के निकट खेतों के बीच संचालित हो रहे अंतरजनपदीय जुआ फड़ पर पुलिस ने देर रात छापेमारी कर 10 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस की दबिश पड़ते ही मौके पर भगदड़ मच गई और करीब 30 से 40 लोग अंधेरे व खेतों का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई में 1,06,950 नकद, 52 ताश के पत्ते, बाइक तथा तीन कारें बरामद हुई हैं। कार्रवाई के बाद जुआ कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है और पूरे क्षेत्र में इस छापेमारी की चर्चा है।

कई जिलों से पहुंचते थे खिलाड़ी, खेतों में सजता था फड़



पुलिस द्वारा पकड़े गए जुआरी थाने में मौजूद। –जागरण मोर्चा

पुलिस जांच में सामने आया है कि जुआ फड़ में शामिल लोग केवल बदायूं ही नहीं बल्कि संभल, मुरादाबाद, बरेली, रामपुर और गौतमबुद्धनगर जैसे जनपदों से भी यहां पहुंचते थे। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि यह कोई सामान्य जुआ अड्डा नहीं था, बल्कि एक संगठित अंतरजनपदीय नेटवर्क के रूप में संचालित किया जा रहा था, जहां हजारों नहीं बल्कि लाखों रुपये के दांव लगाए जाते थे।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपितों में अकबर पुत्र मोहम्मद मियां निवासी संभल, मुकीम पुत्र इल्यास खां निवासी कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद, वरकस पुत्र हिमायतुल्लाह निवासी संभल, दानिश पुत्र मोहम्मद रहीश निवासी संभल, नवनीत कुमार पुत्र रामबाबू निवासी सिरौली बरेली, रविन पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी गौतमबुद्धनगर, महताब पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी बरेली, दिलशाद पुत्र नवी शेर निवासी फैजगंज बेहटा, इकबाल पुत्र भूरे निवासी शाहबाद रामपुर तथा जुनेद पुत्र दीपचंद निवासी इस्लामनगर बदायूं शामिल हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने जुआ फड़ पर मौजूद वाहनों को भी कब्जे में ले लिया। इनमें बाइक, तीन कार शामिल हैं। पुलिस ने सभी वाहनों को सीज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के भाग निकलने से यह स्पष्ट हो गया है कि जुआ नेटवर्क का दायरा काफी बड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मौके पर मौजूद लोगों की संख्या गिरफ्तार किए गए लोगों से कई गुना अधिक थी। पुलिस अब फरार लोगों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर रही है। फैजगंज बेहटा पुलिस की कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है, लेकिन इस पूरे खेल के पीछे मौजूद कथित मास्टरमाइंड और मुख्य संचालकों तक पुलिस के हाथ अभी नहीं पहुंच सके हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि जुआ फड़ पर पकड़े गए अधिकांश लोग खिलाड़ी और स्थानीय संचालक हैं, जबकि पर्दे के पीछे रहकर पूरे नेटवर्क को संचालित करने वाले कुछ प्रभावशाली चेहरे अब भी गिरफ्त से बाहर हैं। जानकारों का कहना है कि विभिन्न जनपदों से खिलाड़ियों को बुलाना, सुरक्षित स्थानों पर फड़ सजाना और आर्थिक लेन-देन का प्रबंधन करना किसी संगठित तंत्र के बिना संभव नहीं है। ऐसे में पुलिस अब इस नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचने के लिए फरार आरोपितों, मोबाइल कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों को खंगाल रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े नाम सामने आ सकते हैं। जनपद में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की सख्त कार्यशैली का असर लगातार दिखाई दे रहा है। उनके निर्देशन में बदायूं पुलिस लगातार अवैध कारोबारों पर कार्रवाई कर रही है। जुआ फड़ पर की गई यह कार्रवाई भी उसी अभियान का हिस्सा मानी जा रही है, जिसके तहत अपराधियों और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है।

सम्पादकीय

सांसद और विधायक भाग रहे, क्या ममता बनर्जी भी टीएमसी छोड़ कर कांग्रेस में जा रही हैं?

पश्चिम बंगाल की राजनीति इस समय अपने सबसे उथल पुथल भरे दौर से गुजर रही है। कभी बंगाल की निर्विवाद ताकत मानी जाने वाली ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस अब अंदरूनी बगावत, सांसदों और विधायकों के पलायन तथा राजनीतिक अस्तित्व के संकट से जूझती दिखाई दे रही है। दिल्ली में सोनिया गांधी के साथ ममता बनर्जी और राहुल गांधी के साथ अभिषेक बनर्जी की बैठकों ने इस संकट को और अधिक राजनीतिक रंग दे दिया है। भले ही कांग्रेस और तृणमूल दोनों सार्वजनिक रूप से किसी विलय की संभावना से इंकार कर रहे हों, लेकिन घटनाक्रम यह संकेत दे रहा है कि बंगाल की राजनीति में एक बड़ा पुनर्संयोजन शुरू हो चुका है। एक तरह से यह साफ नजर आ रहा है कि सिर्फ टीएमसी के सांसद, विधायक और पार्षद ही पाला नहीं बदल रहे हैं खुद टीएमसी प्रमुख अपनी पार्टी को खत्म कर कांग्रेस में वापस लौटना चाह रही हैं। हम आपको बता दें कि दिल्ली में राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी की डेढ़ घंटे लंबी मुलाकात तथा उससे पहले सोनिया गांधी और ममता बनर्जी की बैठक ने राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। तृणमूल कांग्रेस ने इन बैठकों को लोकतंत्र और संविधान बचाने की साझा प्रतिबद्धता बताया, लेकिन राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह महज औपचारिक बातचीत नहीं थी। बंगाल विधानसभा चुनावों के बाद जिस तरह तृणमूल कांग्रेस कमजोर हुई है और पार्टी के भीतर टूट की स्थिति बनी है, उसके बाद कांग्रेस से नजदीकी बनाना ममता बनर्जी की राजनीतिक मजबूरी बन गई है। स्थिति यह है कि तृणमूल कांग्रेस के भीतर विद्रोह अब खुली चुनौती का रूप ले चुका है। पार्टी के 80 में से 58 विधायक अलग होकर निष्कासित विधायक रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट के साथ चले गए हैं। इस गुट को विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल के रूप में मान्यता भी मिल चुकी है। रितब्रत बनर्जी लगातार दावा कर रहे हैं कि वही असली तृणमूल कांग्रेस हैं और कांग्रेस के साथ किसी भी प्रकार के विलय या समझौते के खिलाफ हैं। उनका दावा है कि उनके साथ विधायकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और कई सांसद भी उनके संपर्क में हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस के साथ संभावित विलय या अत्यधिक नजदीकी की अटकलों ने तृणमूल कांग्रेस के भीतर असुरक्षा और बेचैनी को और बढ़ा दिया है। पार्टी के कई विधायक, सांसद और क्षेत्रीय नेता अपनी पूरी राजनीतिक पहचान कांग्रेस विरोध की जमीन पर बनाकर आगे बढ़े थे। ऐसे में उन्हें यह डर सता रहा है कि यदि ममता बनर्जी अंततः कांग्रेस के साथ विलय या व्यापक राजनीतिक समझौते की राह पर चलती हैं, तो उनकी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान समाप्त हो जाएगी। यही कारण है कि तृणमूल में भगदड़ और तेज होने की संभावना जताई जा रही है। पार्टी के भीतर एक बड़ा वर्ग ऐसा है जो कांग्रेस में लौटने के पक्ष में नहीं है और वह या तो अलग गुट के साथ रहना चाहता है या फिर नए राजनीतिक विकल्प तलाश रहा है। यही बेचैनी अब खुले विद्रोह और लगातार इस्तीफों के रूप में सामने आती दिखाई दे रही है। संकट केवल विधानसभा तक सीमित नहीं है। संसद में भी तृणमूल कांग्रेस की नींव हिलती दिख रही है। राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बराइक के इस्तीफे ने पार्टी की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। उनसे पहले सुष्मिता देव और सुखेंदु शेखर राय भी पार्टी और राज्यसभा से इस्तीफा दे चुके हैं। सुष्मिता देव की असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा से मुलाकात ने यह अटकलें और तेज कर दी हैं कि तृणमूल कांग्रेस के कई नेता अब भारतीय जनता पार्टी की ओर रुख कर सकते हैं। लोकसभा में भी तृणमूल के भीतर विद्रोही खेमे की ताकत बढ़ती दिखाई दे रही है। काकोली घोष दस्तिदार के नेतृत्व वाला गुट दावा कर रहा है कि उसे बीस से अधिक सांसदों का समर्थन हासिल है। सयोनी घोष, माला राय, युसुफ पठान, शताब्दी राय, शत्रुघ्न सिन्हा और रचना बनर्जी जैसे कई चर्चित नाम विद्रोही खेमे के साथ बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह गुट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार को समर्थन देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिख चुका है। इन घटनाओं के बीच कांग्रेस की भूमिका बेहद दिलचस्प हो गई है। बंगाल कांग्रेस के भीतर भी मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। अधीर रंजन चौधरी और अब्दुल मन्नान जैसे वरिष्ठ नेता ममता बनर्जी के साथ किसी भी तरह की नजदीकी के खिलाफ खुलकर बोल रहे हैं। मन्नान ने तो यहां तक कह दिया कि ह्लगंदे पानी को साफ पानी में मिलाने से साफ पानी भी गंदा हो जाता है।ह्व अधीर रंजन चौधरी ने ममता पर कांग्रेस को बंगाल से खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वही ममता गांधी परिवार के सहारे की तलाश में हैं। दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने अपेक्षाकृत नरम रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि जो राहुल गांधी को भविष्य का प्रधानमंत्री और विपक्ष का नेता मानता है, उसका स्वागत है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के आरोपों से बचने के लिए कांग्रेस की छतरी का इस्तेमाल करने वालों के लिए दरवाजे खुले नहीं हैं। यह बयान सीधे तौर पर तृणमूल के उन नेताओं की ओर इशारा माना जा रहा है जिन पर विभिन्न घोटालों के आरोप लगे हैं। हम आपको याद दिला दें कि ममता बनर्जी का पूरा राजनीतिक उदय ही कांग्रेस के खिलाफ विद्रोह की जमीन पर खड़ा हुआ था। वर्ष 1998 में उन्होंने जोरशोर से कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था। उस समय ममता ने कांग्रेस नेतृत्व पर बंगाल की राजनीति की अनदेखी करने और वामपंथ के सामने आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया था। इसके बाद उन्होंने खुद को कांग्रेस के विकल्प के रूप में स्थापित किया और धीरे धीरे बंगाल में कांग्रेस की जड़ें कमजोर कर दीं। वर्ष 2011 में वाम मोर्चे को सत्ता से हटाने के बाद ममता बनर्जी ने अपने राजनीतिक विस्तार के लिए कांग्रेस से पूरी दूरी बना ली थी और लगातार गांधी परिवार तथा कांग्रेस नेतृत्व पर तीखे हमले करती रहीं। लेकिन अब जब तृणमूल कांग्रेस भीतर से टूट रही है, सांसद और विधायक पार्टी छोड़ रहे हैं और राजनीतिक जमीन खिसकती दिखाई दे रही है, तब वही ममता बनर्जी एक बार फिर कांग्रेस की जड़ों की ओर लौटती नजर आ रही हैं।

आत्मविश्वासी भारत : वैश्विक मंच पर नई शक्ति का उदय



■ प्रतिभा झा

इक्कीसवीं शताब्दी के तीसरे दशक में भारत जिस आत्मविश्वास के साथ विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है, वह केवल आर्थिक प्रगति या सैन्य शक्ति का परिणाम नहीं है, बल्कि यह एक सशक्त राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक आत्मबोध और स्पष्ट वैचारिक दिशा का परिचायक है। लंबे समय तक भारत की विदेश नीति पर एक प्रकार की हिचकिचाहट और संतुलन साधने की प्रवृत्ति हावी रही, किंतु आज का भारत अपने हितों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए निर्णायक कदम उठाने में विश्वास रखता है। यही परिवर्तन उसे वैश्विक राजनीति में एक उभरती हुई शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है और यह संकेत दे रहा है कि भारत अब केवल परिस्थितियों का अनुयायी नहीं, बल्कि उन्हें दिशा देने वाला राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

भारत ने हाल के वर्षों में यह सिद्ध किया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि पहल करने वाला नेतृत्वकारी देश है। वैश्विक संकटों के समय भारत की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है। महामारी के दौरान अनेक देशों को औषधि और टीके उपलब्ध कराना केवल मानवीय सहायता नहीं था, बल्कि यह भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना का सशक्त उदाहरण भी था। इस नीति ने भारत की छवि को एक उत्तरदायी, विश्वसनीय और संवेदनशील राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। यह पहली बार था जब दुनिया ने भारत को केवल एक विकासशील देश के रूप में नहीं, बल्कि एक समाधान प्रस्तुत करने वाले देश के रूप में देखा। विदेश नीति के क्षेत्र में भारत ने संतुलन और स्वाभिमान का अद्भुत संयोजन प्रस्तुत किया है। एक ओर वह शक्तिशाली पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों को सुदृढ़ कर रहा है, तो दूसरी ओर पारंपरिक मित्र देशों के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों को भी बनाए हुए है। यह संतुलन केवल कूटनीतिक चतुराई नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखने की स्पष्ट नीति का परिणाम है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी एक गुट का अनुयायी नहीं, बल्कि अपने मार्ग का स्वयं निर्धारण करने वाला राष्ट्र है। यही स्वतंत्रता उसकी वास्तविक शक्ति का आधार है। इसी प्रकार चीन के साथ संबंधों में भी भारत ने एक नई दृढ़ता का परिचय दिया है। सीमा विवादों के संदर्भ में भारत ने जिस प्रकार से अपनी सैन्य और कूटनीतिक क्षमता का प्रदर्शन किया है, वह यह दर्शाता है कि अब राष्ट्र अपनी संप्रभुता और सीमाओं की रक्षा के लिए किसी भी स्तर पर समझौता करने को तैयार नहीं है। यह केवल एक सामरिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश है कि भारत अपनी भौगोलिक अखंडता और राष्ट्रीय सम्मान के प्रति पूर्णतः सजग और प्रतिबद्ध है। यह नीति देश के भीतर आत्मविश्वास को सुदृढ़ करती है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी यह संकेत देती है कि भारत अब अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम और संकल्पित है। भारत की विदेश नीति में एक और महत्वपूर्ण परिवर्तन उसके पड़ोसी देशों के प्रति दृष्टिकोण में दिखाई देता है। पहले जहां उदारता और सहिष्णुता को ही प्राथमिकता दी जाती थी, वहीं अब भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि पड़ोसी संबंध आपसी सम्मान, पारस्परिक हित और सुरक्षा के आधार पर ही टिके रह सकते हैं। आतंकवाद और सीमा पार से होने वाली गतिविधियों के प्रति भारत की 'शून्य सहिष्णुता' की नीति ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रश्न पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। यह दृढ़ता ही एक आत्मविश्वासी राष्ट्र की पहचान होती है। वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती सक्रियता भी उसके उभार का एक महत्वपूर्ण संकेत है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत की भूमिका लगातार सशक्त हो रही है। जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक आर्थिक स्थिरता जैसे मुद्दों पर भारत ने न केवल अपनी बात प्रभावशाली ढंग से रखी है, बल्कि ठोस पहल भी की है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसे प्रयास भारत की दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता के उदाहरण हैं। भारत ने यह सिद्ध किया है कि वह केवल अपने हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक कल्याण की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तत्पर है। इसके साथ ही, भारत की सांस्कृतिक शक्ति भी उसकी विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण आधार बनकर उभरी है। योग, आयुर्वेद और भारतीय जीवन दर्शन की वैश्विक स्वीकार्यता ने भारत को एक सॉफ्ट पावर के रूप में सशक्त किया है। यह सांस्कृतिक प्रभाव केवल छवि निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत के प्रति विश्व में एक सकारात्मक और स्थायी धारणा का निर्माण कर रहा है। एक ऐसा राष्ट्र, जिसकी जड़ें इतनी गहरी और व्यापक हों, वह केवल भौतिक शक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि अपने सांस्कृतिक प्रभाव के माध्यम से भी विश्व को प्रभावित करता है।



यह भी उल्लेखनीय है कि भारत ने अपनी विदेश नीति को केवल सरकारों के स्तर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि प्रवासी भारतीयों को भी इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाया है। विश्व के विभिन्न देशों में बसे भारतीय आज भारत के सांस्कृतिक, आर्थिक और बौद्धिक दूत के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनकी उपलब्धियां और योगदान भारत की वैश्विक छवि को सुदृढ़ कर रहे हैं। यह प्रवासी नेटवर्क भारत की कूटनीतिक शक्ति को एक नया आयाम प्रदान करता है। आर्थिक क्षेत्र में भारत की प्रगति भी उसके आत्मविश्वास का एक महत्वपूर्ण आधार है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, डिजिटल क्रांति और नवाचार की दिशा में बढ़ते कदम भारत को एक नई पहचान दे रहे हैं। स्टार्टअप संस्कृति, तकनीकी विकास और बुनियादी ढांचे में सुधार ने भारत को एक उभरते हुए आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित किया है। यह आर्थिक सशक्तता ही उसे वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़े होने की शक्ति प्रदान करती है। हालांकि, इस उभरती शक्ति के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। वैश्विक राजनीति में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है और विभिन्न शक्तियां अपने-अपने हितों को साधने में लगी हैं। भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक असमानताएं और तकनीकी प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियां भारत के सामने उपस्थित हैं। ऐसे में भारत को अपनी नीतियों में निरंतरता, संतुलन और दृढ़ता बनाए रखनी होगी। केवल बाहरी सफलता पर्याप्त नहीं है, बल्कि आंतरिक सुदृढ़ता भी उतनी ही आवश्यक है। भारत को अपने सामाजिक और आर्थिक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में सुधार उसकी दीर्घकालिक शक्ति का आधार बनेंगे। एक सशक्त और संगठित समाज ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। यदि आंतरिक संरचना मजबूत होगी, तो बाहरी चुनौतियों का सामना करना भी आसान होगा। इसके अतिरिक्त, भारत को तकनीकी क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व प्राप्त करना भविष्य की आवश्यकता है। ये सभी क्षेत्र आने वाले समय में वैश्विक शक्ति संतुलन को निर्धारित करेंगे। यदि भारत इन क्षेत्रों में अग्रणी बनता है, तो उसका आत्मविश्वास और प्रभाव दोनों ही बढ़ेंगे।

अंततः यह कहा जा सकता है कि भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह केवल एक देश के विकास की कहानी नहीं है, बल्कि एक सभ्यता के पुनर्जागरण की गाथा है। यह वह क्षण है, जब इतिहास और वर्तमान एक-दूसरे से मिलकर भविष्य की नई दिशा तय कर रहे हैं। आत्मविश्वास, स्वाभिमान और स्पष्ट नीति के आधार पर भारत ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह न केवल अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि विश्व को दिशा देने की क्षमता भी रखता है। यदि यही गति, दृष्टि और संकल्प बना रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत वैश्विक मंच पर एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित होगा। यह केवल एक आकांक्षा नहीं, बल्कि एक साकार होती हुई वास्तविकता है। यह समय है आत्मविश्वास को बनाए रखने का, अपनी नीतियों पर अडिग रहने का और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का। यही आत्मविश्वासी भारत की पहचान है, और यही उसकी वैश्विक भूमिका का आधार भी।

(लेखिका दिल्ली विश्वविद्यालय हिंदी विभाग, की शोधार्थी है।)

फीफा विश्व कप- दुनिया को बांधेगा एक सूत्र में



■ विवेक शुक्ला

आज से कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका में शुरू हो रहा फीफा विश्व कप इतिहास का सबसे भव्य आयोजन होगा। 48 टीमें, 104 मैच, 16 मेजबान शहर और तीन देशों का संयुक्त आयोजन। यह अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप होगा। अनुमान है कि दुनिया भर के 50 अरब से अधिक लोग टीवी, मोबाइल, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स और स्टेडियमों के जरिए इससे जुड़ेंगे। फुटबॉल महज एक खेल नहीं, बल्कि एक वैश्विक जुनून है जो भाषा, धर्म, संस्कृति और भौगोलिक सीमाओं को पार कर मानवता को एकता के सूत्र में बांधता है।

सार्वभौमिक अपील

फुटबॉल की सबसे बड़ी ताकत उसकी सादगी है। इसमें महंगे उपकरणों की जरूरत नहीं। बस एक गेंद, एक खाली मैदान और कुछ साथी खिलाड़ी। ब्राजील से लेकर अफ्रीका के दूरदराज के गांवों, यूरोप के विशाल स्टेडियमों और एशिया के सड़क किनारे के मैचों तक, यह खेल हर वर्ग के लिए समान अवसर प्रदान करता है। 1930 में उरुग्वे में पहले विश्व कप की शुरुआत मात्र 13 टीमों के साथ हुई थी। फीफा के तत्कालीन अध्यक्ष जूल्स रिमेट की दूरदर्शिता और अथक प्रयासों से यह टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुआ। रिमेट ने फुटबॉल को राजनीतिक और सांस्कृतिक विभाजनों से ऊपर उठाकर एक शांति दूत बनाया, जिसकी बदौलत आज 200 से अधिक देश फीफा परिवार का हिस्सा हैं।

नया युग, नई संभावनाएं

2026 का विश्व कप कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। टीमों की संख्या 32 से बढ़कर 48 हो गई है, जिससे कई नए देशों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। तीन मेजबान देश इस आयोजन को अभूतपूर्व स्तर पर ले जा रहे हैं। विशाल स्टेडियम, अत्याधुनिक सुविधाएं और बहुराष्ट्रीय संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। फैंस न सिर्फ मैच देखेंगे, बल्कि विभिन्न देशों की परंपराओं, संगीत, व्यंजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। फीफा फैन फेस्टिवल्स इस अनुभव को और समृद्ध बनाएंगे।



प्रेरणादायक कहानियां

दुनिया भर के फुटबॉल प्रेमी कुछ खिलाड़ियों को खास तौर पर अपना मानते हैं। ब्राजील के पेले (ब्लैक पर्ल) ने तीन विश्व कप जीतकर फुटबॉल को कला का दर्जा दिया। अर्जेंटीना के डिएगो माराडोना की जादुई ड्रिब्लिंग ने लाखों दिल जीते। लियोनेल मेसी ने 2022 में विश्व कप जीतकर अपनी विरासत अमर कर दी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की फिटनेस और गोल स्कोरिंग क्षमता, ब्राजील के रोनाल्डो की चोटों से उबरने की कहानी, किलियन एम्बाप्पे की गति और फ्रांज बेकनबॉयर, जोहान क्रूफ जैसी हस्तियों की रणनीतिक गहराई - ये कहानियां गरीबी, संघर्ष और सफलता की मिसाल हैं।

ये खिलाड़ी साबित करते हैं कि फुटबॉल समावेशी और रोमांचक है। युवा पीढ़ी स्वाभाविक रूप से इससे जुड़ रही है।

फुटबॉल भावनाओं का जीवंत उत्सव है। एक गोल की खुशी, हार का दर्द, अंडरडॉग टीम की जीत का रोमांच- ये अनुभव सार्वभौमिक हैं। 1986 में माराडोना का 'हैंड ऑफ गॉड' और 'सेंचुरी ऑफ द सेंचुरी' गोल आज भी याद किए जाते हैं। 2022 कतर विश्व कप में अर्जेंटीना की जीत ने भी नई पीढ़ी को प्रेरित किया। फीफा का अभियान 'फुटबॉल यूनाइटेस दि वर्ल्ड' ठीक यही संदेश देता है। फुटबॉल शांति, शिक्षा, सामाजिक समावेश और नस्लवाद विरोध का शक्तिशाली माध्यम है।

इस विश्व कप में प्रौद्योगिकी का स्तर पहले से कहीं ज्यादा होगा। वीडियो असिस्टेंट रेफरी (VAR), गोल-लाइन टेक्नोलॉजी, रीयल-टाइम डेटा एनालिसिस, AI-पावर्ड मैच एनालिसिस, 3D प्लेयर अवतार और सेमी-ऑटोमेटेड ऑफ साइड टेक्नोलॉजी जैसी नवीनतम तकनीकें हर पल को और रोमांचक बनाएंगी। सड़क से लेकर क्लब अकादमियों तक लाखों बच्चे सपना देखेंगे कि वे भी एक दिन इस वैश्विक मंच पर चमकें।

सबसे बड़ा लाभ सांस्कृतिक आदान-प्रदान का है। अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले लोग एक गेंद के इर्द-गिर्द इकट्ठा होंगे, झंडे लहराएंगे, गाने गाएंगे और एक-दूसरे की खुशियों में शरीक होंगे। फुटबॉल प्रतिस्पर्धा को सम्मानजनक बनाता है और शांति का संदेश देता है।

भारत में फीफा विश्व कप का जुनून

इस बीच, क्रिकेट की दीवानी दुनिया में फीफा विश्व कप भारत के लिए हर चार साल बाद एक अलग ही उत्सव का मौका होता है। भले ही भारतीय टीम मैदान पर नजर न आए, लेकिन करोड़ों दिलों में यह टूर्नामेंट खूब धूम मचाता है। 2022 के कतर विश्व कप में करीब 11 करोड़ से ज्यादा भारतीयों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मैच देखे, जबकि फाइनल अकेले 3.2 करोड़ दर्शकों तक पहुंचा। कुल वॉच टाइम 40 अरब मिनट से ज्यादा रहा।

केरल, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में तो यह जुनून दीवानेपन की हद तक है। मिडनाइट स्क्रीनिंग, बाइक रैली, फैन जोन, जर्सी पहनकर सड़कों पर उतरना और व्हाट्सएप ग्रुप्स का फिर से सक्रिय होना आम बात है। भारत की युवा पीढ़ी यूरोपीय लीग देखती है और सपना देखती है कि एक दिन भारत भी विश्व पटल पर चमकेगा। हालांकि क्रिकेट की छाया में फुटबॉल का विकास धीमा है, लेकिन विश्व कप का आकर्षण भारतीय फुटबॉल को नई ऊर्जा देता है।

फुटबॉल 90 मिनट का खेल नहीं, बल्कि सपनों, टीम वर्क, धैर्य और हार न मानने की भावना का खेल है। जहां दुनिया में तनाव और संघर्ष हैं, वहां फुटबॉल शांति और एकता का संदेश देता है। 'Football Unites the World' महज नारा नहीं-यह वास्तविकता है।

2026 विश्व कप न सिर्फ नई यादें रचेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा कि एक गेंद के जरिए पूरी दुनिया एक परिवार बन सकती है। भारत जैसे देशों में भी फुटबॉल की लोकप्रियता बढ़ रही है। यह आयोजन युवा प्रतिभाओं को और प्रोत्साहित करेगा।

(लेखक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के पूर्व सलाहकार हैं)

दरिद्रता को नष्ट करने व समृद्धि की वृद्धि हेतु परमा एकादशी का अनूठा व्रत

■ मुकेश ऋषि

सनातन धर्म में एकादशी तिथि को भगवान श्रीहरि विष्णु की आराधना के लिए अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी माना गया है। प्रत्येक माह आने वाली एकादशी भक्तों को आत्मशुद्धि और भक्ति का संदेश देती है। लेकिन जब अधिकमास में आने वाली परमा एकादशी का अवसर आता है, तब इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। यह दुर्लभ एकादशी लगभग तीन वर्ष में एक बार आती है, इसलिए इसे अत्यंत विशेष और कल्याणकारी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन श्रद्धा और विधि-विधान से व्रत एवं पूजा करने से मनुष्य के जीवन के समस्त पाप नष्ट होते हैं और भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। परमा एकादशी 2026 की तिथि और शुभ मुहूर्त- वैदिक पंचांग के अनुसार अधिकमास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि का आरंभ 11 जून 2026 को प्रातः 12 बजकर 57 मिनट पर होगा तथा इसका समापन उसी दिन रात्रि 10 बजकर 36 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार परमा एकादशी का व्रत 11 जून 2026, दिन गुरुवार को रखा जाएगा। पारण मुहूर्त परमा एकादशी व्रत का पारण 12 जून 2026 को सुबह 05:23 से 08:10 के बीच किया जाएगा। परमा एकादशी का महत्व-'परमा' शब्द का अर्थ होता है सर्वोत्तम अथवा श्रेष्ठ। इसी कारण इस एकादशी को सभी एकादशियों में विशेष फलदायी माना गया है।



धर्मग्रंथों के अनुसार यह व्रत दरिद्रता और पापों से मुक्ति दिलाने वाला है। पौराणिक कथाओं में वर्णन मिलता है कि धन के देवता कुबेर ने इसी व्रत के प्रभाव से भगवान शिव की कृपा प्राप्त कर देवताओं के कोषाध्यक्ष का पद पाया था। वहीं सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र ने भी परमा एकादशी के पुण्य प्रभाव से अपना खोया हुआ वैभव और परिवार पुनः प्राप्त किया था। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति श्रद्धा और नियमपूर्वक इस व्रत का पालन करता है, उसे अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्यफल प्राप्त होता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा था कि जो भक्त इस दिन भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की आराधना करता है, उसे मृत्यु के पश्चात बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है। परमा एकादशी की पूजा-विधि-इस पावन दिन को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लेना चाहिए। इसके बाद घर के मंदिर या पूजा स्थल को शुद्ध कर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें। भगवान को पीले पुष्प, धूप, दीप, चंदन, पंचामृत और फल अर्पित करें। श्रीहरि को पीले रंग की मिठाई का भोग लगाएं तथा उसमें तुलसी दल अवश्य रखें, क्योंकि तुलसी के बिना भगवान विष्णु भोग स्वीकार नहीं करते। पूजा के पश्चात परमा एकादशी व्रत कथा का श्रवण करें तथा विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें। ''ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय'' मंत्र का जाप करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस रात्रि जागरण का विशेष महत्व है। भक्तजन भजन-कीर्तन, मंत्र जाप और भगवान के ध्यान में रात्रि व्यतीत करते हैं। परमा एकादशी पर ब्राह्मणों, जरूरतमंदों अथवा दीन-हीन, असहाय लोगों को भोजन एवं दान-दक्षिणा देकर व्रत का पारण किया जाता है। परमा एकादशी पर दान का महत्व- सनातन संस्कृति में दान को धर्म का प्रमुख आधार माना गया है। विशेष रूप से परमा एकादशी के दिन किया गया दान अक्षय पुण्य प्रदान करने वाला बताया गया है। धर्मग्रंथों में वर्णित है कि इस दिन जरूरतमंदों की सहायता करने से भगवान विष्णु अत्यंत प्रसन्न होते हैं।

नरेंद्र मोदी के 12 साल : भरोसे के हकीकत में बदलने का दौर

यदि मॉर्निंग कंसल्ट की माने तो दुनिया के नेताओं की सूची पर एक नजर दौड़ाई जाएं तो केई भी वैश्विक नेता स्वीकार्यता में नरेन्द्र मोदी के आसपास भी नहीं टिकते। विपक्षी पार्टियां द्वारा लगातार देश और विदेश में अभियान चलाने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रेंकिंग या स्वीकार्यता के मामलें में वैश्विक नेताओं से बहुत आगे हैं। 68 प्रतिशत स्वीकार्यता नरेन्द्र मोदी की है जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की स्वीकार्यता रेंक लगातार नेगेटिव जा रही है। फालोवर्स में भी नरेन्द्र मोदी सबसे आगे हैं। दुनिया का संभवतः हमारा ही देश होगा जहां देश के बाहर भारत की छवि खराब करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही उसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह स्वीकार्यता निश्चित रुप से भारत ही नहीं दुनिया के अन्य देशों में भी उनकी लोकप्रियता और सर्वमान्यता को दशार्ती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले चुनिंदा प्रधानमंत्री बन गए हैं। चुनिंदा इसलिए कि देश में पहले लोकसभा चुनाव 1952 में हुए पर पं. नेहरु 1947 से 1952 तक भी प्रधानमंत्री रहे। लगातार 12 साल कोई कम नहीं होते और वह भी लगातार 12 साल। सबसे बडी बात यह कि इस दौरान नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा ऐसे साहसिक निर्णय किये गये हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। माना तो यही जाता था कि कश्मीर में धारा 370 और 35 ए हटाना, राममंदिर का निर्माण, डिजिटल क्रांति, वैश्विक नेतृत्व, नोटबंदी, एक देश एक कर, घर घर शोचालय, घर घर कचरा संग्रहण, रक्षा उपकरणों का निर्यात, किसान सम्मान, मेक इन इंडिया, इंडिया फर्स्ट, बड़ी अर्थ व्यवस्था, तेजी से ढांचागत विकास, डिजिटल भुगतान, नक्सलवाद की नेस्तनाबूदी, आत्मनिर्भर भारत, परिवहन क्षेत्र में ढांचागत बदलाव आदि।

आमने-सामने आए ऊर्जा मंत्री और पावर कार्पोरेशन, जाति-धर्म के आधार पर भर्ती करने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और पावर कार्पोरेशन के बीच चल रहा शीतयुद्ध बृहस्पतिवार को सामने आ गया। ऊर्जा मंत्री ने अपने ही विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल पर पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन पर जाति, धर्म और भ्रष्टाचार के तहत कुशल लोगों की छंटनी करने और अकुशल लोगों को भर्ती करने का आरोप लगाया है। उपभोक्ताओं पर 10 फीसदी ईंधन अधिभार लगाते वक्त भी उनसे नहीं पूछा गया। उन्होंने बिंदुवार घटनाक्रम लिखते हुए चेतावनी दी है कि इसे शासन का निर्देश समझा जाए और दोबारा ऐसी हरकत न करें।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पावर कार्पोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल को भेजे गए पत्र में लिखा है कि वह वर्ष 2025 में विभिन्न तिथियों में पत्र लिख चुके हैं। इसमें बताया कि अनुभवी एवं कुशल कर्मचारियों को निकालकर जाति/धर्म अधारित अथवा भ्रष्टाचार के तहत अन्य कामियों की नियुक्ति की गई। लंबी अवधि से कार्यरत कुशल लोगों को हटा कर मनमाने ढंग से मनचाहे एवं अनुशल लोगों की भर्ती की जा रही है। बार-बार पत्र लिखने एवं मना करने के बाद भी



कुशल कर्मचारियों की छटनी बंद नहीं हुई। इसका परिणाम बिजली अव्यवस्था के रूप में भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सहारनपुर के लाइनमैन को हटाने के मामले का भी जिक्र किया है। साफ कहा है कि इस तर ह की मनमानी से व्यवस्था के लिए तकनीकी प्रशासनिक या राजनैतिक रूप से समस्या खड़ी की गई।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पत्र में लिखा है कि 29 मई को फ्यूल एंड पावर पर्चेज एडजस्समेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) 10 फीसदी लगा दिया गया। यह धनराशि उपभोक्ताओं से जून माह के बिल में वसूलने का निर्देश दिया गया। यह जानकारी उन्हें विभाग से मिलने के बजाय मीडिया से मिली। उन्होंने चेतावनी देते हुए लिखा है कि व्यापक असर वाले ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर विभाग के मंत्री की सहमति क्यों नहीं ली गई? कम से कम ऐसे निर्णय की पूर्व जानकारी देना क्या उचित नहीं था? भविष्य में ऐसी बातों का पुनरावर्तन न हो इसका ध्यान रखा जाए।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पत्र में यह भी कहा है कि गर्मी के चुनौतीपूर्ण समय में तमाम विद्युत कर्मियों ने निष्ठापूर्वक कार्य किया है, लेकिन कुछ कार्मयों ने जानबूझकर अथवा लापरवाह होकर कार्य करते हुए सरकार को बदनाम किया है। ऐसे कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए एवं वर्तमान ट्रांसफर सीजन में इनका यथायोग्य तबादला किया जाय। इस विषय में विस्तृत जानकारी उन्हें भी दी जाए।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पावर कार्पोरेशन अध्यक्ष के बिना बताए बाहर जाने पर भी आपत्ति जताई है। पत्र में लिखा है कि मई माह में आंधी तूफान के कारण विद्युत अवसंरचना बुरी तरह प्रभावित हुई है। 30 मई की समीक्षा बैठक में पता चला कि ऐसी चुनौतीपूर्ण समय में आप मुख्यालय से बाहर है। आगे भी तीन दिन बाहर रहेंगे। आग्रह करने पर आनलाइन बैठक हुई।

सार संक्षेप

उत्तरांचल पंजाबी महासभा द्वारा छबील वितरित



मीठा शरबत वितरित करते पंजाबी महासभा के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

खटीमा। उत्तरांचल पंजाबी महासभा खटीमा के तत्वावधान में गुरुवार को श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ छबील (मीठा शीतल) जल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महासभा के अध्यक्ष विजय अरोरा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य आयोजित किया जाएगा। महासभा के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सेवा कार्य व सहयोग से पुण्य कार्य में सहभागिता निभाई। महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज में सेवा एवं मानव कल्याण की भावना से आयोजित इस तरह के कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता अपेक्षित है। इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष विजय अरोरा, महामंत्री हरीश बत्रा, कोषाध्यक्ष जितिन ग्रोवर सहित सदस्य हरभजन सिंह खिंडा, अनिल बत्रा, सुनील बत्रा, राजकुमार अरोरा, जनक सिंह, करमजीत सिंह रैना, मनोज वाधवा, संतोष मेहरोत्रा एवं राजीव मेहरोत्रा उपस्थित रहेंगे।

दो विशाल रैलियों से बसपा फूकेंगी 2026 का चुनावी बिगुल, अयोध्या में रैली करने के पीछे क्या है वजह?

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जमीन तैयार करने की कवायद में जुट गई है। पार्टी द्वारा आगामी 22 और 23 जून को दो बड़ी जनसभाएं अयोध्या और अकबरपुर में आयोजित करने की तैयारी है। इन जनसभाओं को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल संबोधित करेंगे। बता दें कि बसपा ने जून माह में चुनावी तैयारियों को शुरू करने की योजना बनाई थी, जिसके तहत इन जनसभाओं का कार्यक्रम बनाया गया है। पार्टी सूत्रों की मानें तो दोनों जनसभाओं में पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। साथ ही पार्टी ने जिन सीटों पर अपने प्रभारी बनाए है, उन्हें बतौर प्रत्याशी मंच पर उपस्थित रहने का अवसर दिया जाएगा। वहीं दूसरे दलों के कुछ नेताओं को भी बसपा में शामिल कराने की तैयारी है, जिनमें हाल ही में सपा में जाने वाले एक पूर्व सांसद भी शामिल हैं। बसपा प्रदेश अध्यक्ष की इन दोनों जिलों में अच्छी पकड़ है। अयोध्या में रैली करने की कई वजहों में एक प्रमुख वजह यह भी है। उन्होंने बीते कुछ माह के दौरान दोनों जिलों में कई बड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए थे जिसमें हजारों लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई थी। इसी वजह से बसपा सुप्रीमो मायावती का उन पर भरोसा बढ़ा और इन जनसभाओं के लिए सहमति दी गई है।

शहीद पथ पर लुलु मॉल के पास बनेगा पहला फुटओवर ब्रिज, मॉल जाने वालों के साथ निवासियों को मिलेगी राहत

लखनऊ। करीब 23 किमी लंबे शहीद पथ पर पहला फुटओवर ब्रिज बनने जा रहा है। लुलु मॉल के पास प्रस्तावित इस फुटओवर ब्रिज से बड़ी आबादी को आवागमन में राहत मिलेगी। निर्माण का काम इसी महीने शुरू करने की तैयारी है। एलडीए में बृहस्पतिवार को इस योजना का प्रजेंटेशन भी हुआ। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि यह फुटओवर ब्रिज करीब 100 मीटर लंबा और पांच मीटर चौड़ा होगा। निर्माण पर करीब 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। शहीद पथ पर अभी एक ओर दूसरी ओर जाने के लिए अभी सिर्फ अंडरपास ही हैं। यह पहला फुटओवर ब्रिज होगा। इसे पीपीपी मॉडल पर निजी कंपनी के सहयोग से बनाया जाएगा। निर्माण का पूरा खर्च निजी कंपनी उठाएगी। इसके बनने से लुलु मॉल, अंसल और अवध विहार सहित अन्य आवासीय योजनाओं तक आने-जाने वाली बड़ी आबादी को सहूलियत होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इसमें सीढ़ियों के अलावा लिफ्ट की सुविधा भी होगी।

कई जिलों में आंधी-बारिश से प्रदेश में गिरा पारा, शुक्रवार को 19 जिलों में तूफान का अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। यूपी में मौसम ने करवट ली है। गुरुवार को कई जिलों में चली आंधी और बारिश के चलते पारे में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में बृहस्पतिवार को मौसम ने करवट लिया और कई जिलों में तेज रफ्तार हवाओं के साथ अच्छी बारिश देखने को मिली। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली ।गोरखपुर में सर्वाधिक 75 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं बलिया में 64 मिमी, बाराबंकी और संत कबीर नगर में 48 मिमी बारिश हुई। पश्चिमी यूपी के कुछ जिलों में 70 से 90 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार वाली हवाएं चलीं। शुक्रवार के लिए प्रदेश के 19 जिलों में गरज चमक व आंधी का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं 12 जिलों में ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है।

आंधी- बारिश के असर से प्रदेश के पश्चिमी तराई के बरेली, शाहजहांपुर, नजीबाबाद जैसे जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 5 से 7 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। हालांकि बुंदेलखंड में तपिश बरकरार रही और 43.4 डिग्री सेल्सियस के साथ झांसी प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। विक्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 12 जून को भी विक्षोभ के असर से यूपी के विभिन्न जिलों में आंधी बारिश देखने को मिलेगी। 13 जून से विक्षोभ कमजोर पड़ेगा और गर्मी दोबारा सिर उठाएगी।



इन जिलों में है गरज चमक और आंधी का ऑरेंज अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।

इन जिलों में ओलावृष्टि का अलर्ट

अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।



सिपाही भर्ती परीक्षा में ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। एसटीएफ ने उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2025 में ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के सरगना राजू कुमार मांझी और उसके सहयोगी छोटे लाल यादव को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से 21 प्रवेश पत्रों की छायाप्रति, दो मोबाइल फोन, तीन चेक की प्रतियां, तीन आधार कार्ड, चार अंकपत्रों की प्रतियां और 13 संदिग्ध व्हाट्सएप चैट मिले हैं।

एसटीएफ के सीओ शैलेश प्रताप सिंह के अनुसार, कुछ लोग अभ्यर्थियों को परीक्षा पास कराने का लालच दे रहे थे। जांच के बाद टीम ने जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव से इन्हें पकड़ा। राजू कुमार मांझी ने बताया कि वह साथियों के साथ मिलकर पुलिस भर्ती समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पास कराने का झांसा देता था। गिरोह के सदस्य अभ्यर्थियों से प्रवेश पत्र और अन्य दस्तावेज लेते थे। वे बदले में मोटी रकम वसूलते थे। वसूली गई रकम को आपस में बांट लिया जाता था।

राजू कुमार मांझी का आपराधिक इतिहास रहा है। उसे वर्ष 2022 में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल से छूटने के बाद उसने फिर ठगी शुरू कर दी। आरोपी एक अभ्यर्थी से 10 से 15 लाख रुपये तक वसूलते थे। वे कोचिंग सेंटरों के आसपास और सोशल मीडिया के जरिये अभ्यर्थियों से संपर्क करते थे।

उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रो. देवी दत्त पंत की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। उत्तराखंड क्रांति दल के जिला कार्यालय खटीमा में उत्तराखंड क्रांति दल के संस्थापक एवं प्रख्यात भौतिक विज्ञानी प्रोफेसर देवी दत्त पंत की 18वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें उत्तराखंड आंदोलन का प्रेरणास्रोत बताया। सभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया ने कहा कि प्रो. देवी दत्त पंत का जन्म 14 अगस्त 1919 को जनपद पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट ब्लॉक स्थित देवरानी गांव में हुआ था। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई 1979 को मसूरी में उत्तराखंड क्रांति दल की स्थापना



प्रो. देवी दत्त पंत की पुण्यतिथि पर उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि।

के समय प्रो. पंत को दल का प्रथम केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया था। उन्होंने कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं और शिक्षा, विज्ञान तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। भाटिया ने कहा कि प्रो. पंत प्रकृति संरक्षण के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे और उन्होंने उत्तराखंड की पहचान, संस्कृति एवं संसाधनों की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनके आदर्श आज भी उत्तराखंड के युवाओं और समाज को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने प्रो. पंत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर केंद्रीय संगठन मंत्री कैलाश भट्ट, जिला अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी, जिला कोषाध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शिवलाल रस्तोगी, दुर्गा सिंह सामंत, नूर हसन, हीरा सिंह बोरा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अखिलेश बोले: नकली दवाओं के बाद नकली एनकाउंटर भाजपा सरकार की देन

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा जो भी काम करती है सब नकली होता है। अस्पतालों में इलाज और दवाएं नकली मिलती है। नकली एनकाउंटर प्रदेश की नियति बन गई है। भाजपा अब चुनाव भी नकली तरीके से जीतने की साजिश कर सकती है। कार्यकर्ता इससे सावधान रहें।

पार्टी मुख्यालय में बृहस्पतिवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि भाजपा के कारण यूपी अंधकार में है। भ्रष्टाचार चरम पर है। महिलाओं और बच्चियों को रोज अपमानित होना पड़ रहा है। भाजपा ने लोकतंत्र की पवित्रता को भी नष्ट किया है। भाजपा संविधान



प्रदत्त आरक्षण के भी विरुद्ध है। नौजवानों के लिए नौकरियां नहीं है। जो भी परीक्षाएं हो रही है उन्हें पेपर लीक की वजह से रद्द कर दिया जाता है।

कालेज-यूनिवर्सिटीज में अंधाधुंध फीस बढ़ाई जा रही है। फर्जी मुकदमों में लोगों को फंसाकर वसूली की जाती है। सपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं को सचेत किया कि सन 2027 लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। जनता का भरोसा सपा पर है। हमारी तैयारी भी पूरी है। एकजुटता से भाजपा को हराने और उसे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने की जरूरत है।

नगर पालिका के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, राष्ट्रीय औद्योगिकी स्थान कालीकट की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। नगर के निरंतर विकास और आधुनिक सुविधाओं की ओर अग्रसर उपनगर खटीमा को और अधिक सुविधायुक्त बनाए जाने के बावत राष्ट्रीय औद्योगिकी संस्थान कालीकट के अधिकारियों से विचार विमर्श हुआ। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत चयनित नगरों की जिआईएस आधारित महायोजना मास्टर प्लान तैयार करने के संबंध में नगर पालिका एवं नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी कालीकट के अधिकारियों की बैठक हुई। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर के भावी विकास आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण यातायात व्यवस्था जल निकासी हरित क्षेत्र



बैठक में विचार विमर्श करते नगर पालिका अध्यक्ष और अधिकारी। –जागरण मोर्चा

के विस्तार, सार्वजनिक सुविधाओं के विकास, नगर की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिआईएस आधारित मास्टर प्लान पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने नगर के वर्तमान स्वरूप पर एवं भविष्य की आवश्यकताओं का तकनीकी अध्ययन कर एक दीर्घाकालीक एवं सुव्यवस्थित विकास योजना तैयार किए जाने पर विचार विमर्श हुआ। पालिका अध्यक्ष जोशी ने कहा कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत तैयार की जा रही यह मानव योजना नगर के विकास की आधार शिला सिद्ध होगी। इस योजना से नगर के आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर शहरीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय औद्योगिकी संस्थान कालीकट के अधिकारी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य सहित कर्मचारी मौजूद थे।

सुप्रीम कोर्ट ने आईएएस अधिकारी संजय प्रसाद को दी राहत, हाईकोर्ट की टिप्पणियों पर रोक लगाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ ।सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय प्रसाद को बड़ी राहत देते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट के उन निर्देशों के प्रभाव एवं क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी, जिनमें बतौर अपर मुख्य सचिव (गृह) उनके खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणियां की गई थीं।

यह आदेश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर की अवकाशकालीन पीठ ने संजय प्रसाद की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका पर पारित किया। प्रसाद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर इलाहाबाद हाई कोर्ट के गत 3 जून के एक आदेश में उनके खिलाफ की गई प्रतिकूल टिप्पणियों को चुनौती देते हुए उन्हें रद करने की मांग की थी। विशेष अनुमति याचिका में कहा गया था कि हाई कोर्ट ने याचिका में मांगे गए अनुतोष से बाहर जाकर उनके खिलाफ टिप्पणियां कीं और आदेश पारित किया, जिसका कोई औचित्य नहीं था। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने 3 जून को एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था कि आपराधिक जांच को अधिक निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए दिए गए न्यायिक निर्देशों को प्रशासनिक स्तर पर अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। इसी क्रम में हाई कोर्ट ने एसीएस (गृह) संजय प्रसाद पर भी प्रतिकूल टिप्पणियां की थीं।

संजय प्रसाद ने इन टिप्पणियों और निर्देशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने मामले पर विचार करते हुए हाई कोर्ट के प्रतिकूल अवलोकनों और डीओपीटी को भेजे गए निर्देशों के संचालन पर अंतरिम रोक लगा दी।

जश्न कार्यक्रमों में सहयोगी दल भी होंगे शामिल

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने की उपलब्धि मनाएगी प्रदेश सरकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश सरकार शुक्रवार को सभी जिलों में विश्वास, विकास व जनकल्याण के गौरवपूर्ण 12 वर्ष की उपलब्धि को धूमधाम से मनाएगी। मुख्यमंत्री सुबह लखनऊ व शाम को वाराणसी में होने वाले भव्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। वहीं लोक भवन में होने वाले कार्यक्रम में राजग सरकार के सहयोगी दलों (अपना दल एस, सुभासपा, राष्ट्रीय लोकदल व निषाद पार्टी) के प्रमुख एवं मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

सीएम शुक्रवार को लोकभवन में मीडिया के साथ संवाद में मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। साथ ही केंद्र सरकार के 12 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का



उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, सहयोगी दल अपना दल (एस) के आशीष पटेल, निषाद पार्टी के डॉ. संजय निषाद, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर व राष्ट्रीय लोकदल के अनिल कुमार भी मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम से पहले सीएम अपने सरकारी आवास पर इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाएंगे। वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये नोएडा में उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम की 110 में से 45 इलेक्ट्रिक बसों (प्रथम चरण) का फ्लैग ऑफ करेंगे। साथ ही नोएडा इलेक्ट्रिक बस डिपो का भी शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी मौजूद रहेंगे। वहीं सीएम शाम को पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी जाकर गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल में होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वह शहरी आजीविका मिशन, उद्योग विभाग समेत विभिन्न विभागों की योजना के लाभार्थियों को भी सम्मानित करेंगे। यहां एक जनपद-एक व्यंजन समेत अनेक विभागों के स्टॉल भी लगेंगे।

खेती बचाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



किसान दिवस व खेती बचाओ अभियान के तहत ब्लॉक सभागार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। किसान दिवस व खेती बचाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया। किसानों के कल्याण और कृषि विकास हेतु अनेक जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। ब्लॉक सभागार में आयोजित किसान एक जनप्रतिनिधियों तथा कृषि विशेषज्ञों की आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में कृषि पंजीकरण, आधुनिक कृषि तकनीकों उत्पादन वृद्धि तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की जानकारियां साझी की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि किसान आयोग उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह नामधारी ने सरकार की नीतियों से अवगत करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय को दुगना करने तथा रासायनिक कीटनाशक का इस्तेमाल कम करने, उन्नत बीजों के इस्तेमाल संबंधी कई जानकारी दी। सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, मुख्य कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी सहित किसान मौजूद रहे।

महिला सहित कई पर धारदार हथियार से हमला, रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

- एसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

पूरनपुर। महिला सहित कई लोगों पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी इमरती देवी ने बताया कि गांव के ही द्वारिका सिंह से जगह को लेकर रंजीत चल रही है। इस रंजिश को लेकर 24 मई को रात्रि करीब आठ बजे आरोपी एक राय होकर लाठी डंडे व धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस आए और गाली गलौच करने लगे,विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसके पति सुरेश, छत्रपाल व नेत्रपाल को मारा पीटा।

हथियार से हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की नीयत से सिर पर कांता से प्रहार कर दिया। इससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बचाने आई महिला इमरती देवी को भी मारा पीटा। जिससे सभी लोग घायल हो गए।

पुलिस ने सरकारी अस्पताल में इलाज कराया। नेत्रपाल की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले की तहरीर माधोटांडा पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की,इस पर महिला ने एसपी को पत्र दिया। एसपी के आदेश पर माधोटांडा पुलिस ने द्वारिका सिंह, विजय सिंह,आकाश सिंह,सुरेश,मुकेश, अरुन, नक्कू गोविंद,नारायण, ओम प्रकाश,कोमल के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने वताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है।

बंजार घाट पर केंद्रीय मंत्री ने फावड़ा चलाकर किया श्रमदान

गोमती पुनरुद्धार अभियान का हुआ भव्य समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

घुंघचाई/पूरनपुर। गोमती नदी पुनरुद्धार अभियान का भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने बंजार घाट पहुंचकर श्रमदान किया। पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

गोमती नदी पुनरुद्धार अभियान के तहत गुरुवार को केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद बंजार घाट पहुंचे,उन्होंने घाट क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई कार्य में शामिल होकर स्वयं फावड़ा चला कर श्रमदान कर अभियान का समापन किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गोमती नदी उत्तर भारत की महत्वपूर्ण नदियों में से एक है और इसका उद्गम क्षेत्र प्राकृतिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि नदियों का संरक्षण



अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ श्रमदान करते व कार्यक्रम में संबोधित करते केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद। –जागरण मोर्चा

केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है,बल्कि इसके लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। सफाई अभियान के बाद केंद्रीय मंत्री ने बंजार घाट परिसर में पौधरोपण कर कहा कि वृक्ष और जल एक-दूसरे के पूरक हैं। जहां हरियाली बढ़ती है, वहां जल संरक्षण की संभावनाएं भी मजबूत होती हैं,कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अभियान के समापन के बाद केंद्रीय मंत्री ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए केंद्रीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने कहा कि गोमती नदी केवल एक जलधारा नहीं बल्कि इस क्षेत्र की पहचान,संस्कृति और जीवन का आधार है। गोमती नदी के पुनरुद्धार अभियान का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस दौरान भाजपा विधायक वावूराम पासबान, भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य,विधान परिषद सदस्य डा. सुधीर गुप्ता,जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह,पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव मिश्रा,मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा,लक्ष्मण प्रसाद वर्मा,प्रफुल्ल मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,सतीश मिश्रा, एसडीएम अजीत प्रताप सिंह सहित जिले के सभी अधिकारी व भारी संख्या में लोग व महिलाएं मौजूद रहीं।

सार संक्षेप

दुकानदारों की डीएम से गुहार, 3 दिन में दुकान खाली करने के नोटिस का विरोध



दुकानों को खाली न कराने की गुहार लेकर डीएम के पास पहुंचे दुकानदार।

पीलीभीत। नकटादाना चौराहे पर प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा तीन दिन के भीतर दुकानें खाली करने के नोटिस के विरोध में गुरुवार को दुकानदारों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की। डॉ. मोहम्मद अफसर के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि वे पिछले करीब 27 वर्षों से नगर पालिका के वैध किराएदार हैं और नियमित रूप से किराया जमा करते आ रहे हैं। व्यापारियों का आरोप है कि अचानक दुकानें खाली कराने के निर्देश से उनके सामने रोजगार और आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि उन्हें दुकानें खाली करने के लिए कम से कम छह महीने का समय दिया जाए तथा नए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण के बाद पुराने किराएदारों को दुकान आवंटन की लिखित गारंटी दी जाए। इसके अलावा निर्माण अवधि के दौरान अस्थायी रूप से कारोबार संचालित करने के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। दुकानदारों ने कहा कि बिना उचित व्यवस्था के जबरन बेदखली से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए न्यायोचित समाधान निकालेगा।

खलिहान की भूमि आवंटन के विरोध में ग्रामीणों और शिक्षकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

लालौरीखेड़ा। ग्राम बरहा में खलिहान एवं ग्राम समाज की भूमि के एक हिस्से को निजी व्यक्ति के नाम आवंटित किए जाने के विरोध में ग्रामीणों और विद्यालय से जुड़े शिक्षकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि कम्पोजिट विद्यालय के पीछे स्थित यह भूमि बच्चों के खेलकूद, शैक्षणिक गतिविधियों और पौधारोपण के लिए उपयोग की जानी थी, लेकिन करीब 400 वर्ग गज भूमि के आवंटन से मैदान छोटा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भूमि की कमी के कारण विद्यालय के उच्चीकरण और 'पीएम श्री विद्यालय' योजना में शामिल होने की संभावनाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इंटर कॉलेज न होने से छात्राओं की पढ़ाई भी बाधित होती है। ज्ञापन में भवानी प्रसाद को आवंटित भूमि को निरस्त कर किसी अन्य स्थान पर जमीन देने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने आश्वासन दिया कि भूमि वापस मिलने पर वे इसे बच्चों और गांव के हित में विकसित करेंगे।

उचित दर दुकानों का निरीक्षण, खाद्यान्न भंडारण को लेकर दिए निर्देश

पीलीभीत। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक (भंडारण एवं अनुसंधान) डॉ. आर.के. शाही ने गुरुवार को विकासखंड लालौरीखेड़ा के ग्राम हरचुईया स्थित अन्नपूर्णा भवन तथा नगर पालिका परिषद पीलीभीत क्षेत्र में संचालित उचित दर दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाभार्थी सूची, हेल्पलाइन नंबर सहित प्रदर्शित आवश्यक सूचनाओं का अवलोकन किया तथा भंडारित गेहूं और चावल की गुणवत्ता एवं मात्रा की जांच की। इस दौरान उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न को नमी और कीटों से सुरक्षित रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय संबंधित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

कन्या पाठशाला की जमीन पर चलेगा बुलडोजर या भू-माफियाओं से होगा समझौता

जागरण मोर्चा कार्यालय



जमीन की जांच करते अधिकारी मौके पर लगी भीड़। –जागरण मोर्चा

फैजगंज बेहटा (बदायूं)। कुछ दिनों पूर्व तहसील प्रशासन द्वारा एक पूर्व सैनिक की दुकान को खाली कराकर नगर पंचायत को कब्जा दिलाया गया था। इसके बाद पूर्व सैनिक प्रदीप कुमार ने प्रशासन से मांग की थी कि यदि सरकारी भूमि और संपत्तियों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है तो नगर क्षेत्र में मौजूद अन्य सभी अवैध कब्जों पर भी समान रूप से कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में नायब तहसीलदार अनेकराज के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा विभिन्न गाटा संख्याओं की जांच एवं पैमाइश की गई। जांच के दौरान गाटा संख्या 1274 में प्रशांत गुप्ता एवं अनमोल गुप्ता का कब्जा पाया गया। बताया जाता है कि इसी भूमि पर एक राशन डीलर की दुकान भी संचालित हो रही है। जांच के बाद नायब तहसीलदार ने नगर पंचायत को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं गाटा संख्या 1698 की जांच में पूर्व चेयरमैन महेश चंद्र गुप्ता का कब्जा पाए जाने की बात सामने आई। इस मामले में भी नगर पंचायत को सरकारी भूमि अपने कब्जे में लेने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त गाटा संख्या 1689 में भी अवैध निर्माण पाए जाने पर उसे हटाने के आदेश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों में अब यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि जिस प्रकार पूर्व सैनिक के मामले में तत्काल और सख्त कार्रवाई की गई थी, क्या उसी प्रकार प्रभावशाली लोगों और कथित भू-माफियाओं के खिलाफ भी प्रशासन समान कठोरता दिखाएगा। सूत्रों के अनुसार जांच पूरी होने के तुरंत बाद कुछ संबंधित लोग अपने वाहनों से बिसौली तहसील पहुंच गए और प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क साधते दिखाई दिए। हालांकि इस संबंध में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। अब क्षेत्र की जनता की निगाहें उपजिलाधिकारी पर टिकी हुई हैं, जिनकी पहचान एक ईमानदार अधिकारी के रूप में की जाती है। लोगों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन सरकारी भूमि को वास्तव में कब्जामुक्त कराकर निष्पक्ष कार्रवाई करेगा, या फिर यह मामला भी केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रह जाएगा।

दुकान के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान। थाना सहसवान क्षेत्र के ग्राम नदायल में दुकान के किराए और पगड़ी को लेकर चल रही रंजिश ने बृहस्पतिवार शाम खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं दुकान मालिक ने पुलिस पर पैसे लेकर एकतरफा कार्रवाई करने और जबरन दुकान खाली कराने का गंभीर आरोप लगाया है।

ग्राम नदायल निवासी शावेज अहमद पुत्र अहमद नबी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव में जूते-चप्पल और रेडीमेड की दुकान चलाता है। यह दुकान उसने अहमद रजा और हसीन अहमद से पगड़ी पर ली थी। शावेज का आरोप है कि वह समय से किराया दे रहा था, लेकिन आरोपी पक्ष पगड़ी की रकम बढ़ाने का दबाव बना रहा था। इसी रंजिश में 6 जून की शाम करीब 6 बजे अहमद रजा, हसीन अहमद और अनस अपने परिवार की महिलाओं के साथ लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर उसकी दुकान पर आ धमके। विरोध करने पर उसे बुरी तरह मारा-पीटा गया। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। शावेज ने बताया कि आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

वहीं दूसरे पक्ष ने भी शावेज अहमद के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। सूत्रों के अनुसार दूसरे पक्ष ने शावेज पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। इस तरह पूरे मामले में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज हो गई है।

आंधी- बारिश से पूरनपुर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ध्वस्त

रातभर अंधेरे में डूबा क्षेत्र,उपभोक्ताओं को भारी परेशानी

जागरण मोर्चा कार्यालय



आंधी में टूटा पडा बिजली पोल। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। देर रात आए तेज आंधी और बारिश ने पूरनपुर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। अचानक बदले मौसम और तेज रफ्तार हवाओं के चलते कई गांवों और कस्बाई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। वुदवार की देर रात करीब देर से मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। कुछ ही देर में आंधी ने विकराल रूप धारण कर लिया।

तेज हवाओं के झोंकों के सामने कई पेड़ धराशायी हो गए और उनकी शाखाएं बिजली की लाइनों पर गिर गईं। इससे विद्युत आपूर्ति तत्काल बाधित हो गई। कई स्थानों पर बिजली के खंभे भी टूट गए, जिससे बिजली विभाग को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बिजली गुल होने के बाद क्षेत्र के लोग पूरी रात अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। गर्मी और उमस के बीच बिजली न होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई। घरों में लगे इनवर्टर कुछ समय तक तो सहारा बने, लेकिन लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण वे भी जवाब दे गए। इसके बाद लोगों को पूरी रात बिना पंखे और कूलर के गुजारनी पड़ी। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली बाधित होने का असर केवल घरेलू जीवन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हुई। कई इलाकों में मोटरें नहीं चल सकीं,जिससे लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ा।

गुरुवार सुबह तक कई घरों और दुकानों में बिजली न पहुंचने के कारण दैनिक कार्य प्रभावित रहे।विभागीय टीमों ने रात में ही प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण शुरू कर दिया और क्षतिग्रस्त लाइनों को ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया। तब जाकर बिजली आपूर्ति मिल सकी।

पूरनपुर के मोहल्ला साहूकार में दिनदहाड़े बाइक चोरी

पूरनपुर। नगर के मोहल्ला साहूकार में दिनदहाड़े हुई बाइक चोरी की घटना से खलवली मच गई। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

नगर के मोहल्ला साहूकार निवासी एक छात्र ने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। इसी दौरान पहले से मौके की रेकी कर रहे अज्ञात चोरों ने मौका पाकर बाइक चोरी कर ली। जब वाहन स्वामी बाहर आया तो बाइक गायब देखकर उसके होश उड़ गए। आसपास तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलते ही मोहल्ले के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर चोरी की पूरी वारदात सामने आ गई। फुटेज में एक संदिग्ध युवक बाइक के आसपास घूमता दिखाई दे रहा है। कुछ देर बाद वह बड़ी आसानी से बाइक लेकर फरार हो जाता है। चोरी की यह घटना दिन के समय होने के कारण लोगों में और अधिक भय का माहौल पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बाइक चोरी, घरों में चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं के कारण लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

हवन पूजन व पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



भंडारा ग्रहण करते भक्त। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। निर्माणाधीन शनिधाम मंदिर पर महंत के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हुए अखण्ड पाठ के पश्चात हवन पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन हो गया। भक्तों ने महंत के जन्मदिवस पर महंत को शुभकामनाएं दी। समारोह में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। पूरनपुर के श्रीराम जानकी मंदिर के महंत बाबा राघवदास के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गांव बलरामपुर ज. रनमस्तपुर के निर्माणाधीन शनिधाम मंदिर में दस जून से अखण्ड पाठ का आयोजन शुरू हुआ था। गुरुवार को अखण्ड पाठ के पश्चात हवन पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन हो गया। मंदिर में दूर-दराज से आए हुए सन्त महात्माओं को भंडारे में प्रसाद ग्रहण कराकर उनको दक्षिणा देकर विदाई दी। भंडारे के पश्चात सन्त महात्माओं ने मंदिर पर रात्रि में विश्राम कर रात्रि भर भजन कीर्तन किए। जिसमें कई श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर सन्त महात्माओं के भजन कीर्तन को सुना और उनसे नवीन जानकारी प्राप्त की। भक्तों ने महंत के जन्मदिवस पर महंत को शुभकामनाएं दी। धार्मिक समारोह में कई स्थानों के सन्त महात्माओं ने अखण्ड पाठ व भंडारे में भाग लिया। विदाई समारोह में बाबा राघवदास, न्यूरानपुर मुढ़िया के महंत बाबा हनुमान नाथ, नैमिषारण्य के सुरेन्द्र दास, ऋषिपाल वर्मा, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, रंजीत सिंह कुशवाहा, राधाकृष्ण कुशवाहा, सच्चिदानंद वर्मा, दिनेश यादव, भूपसिंह, कमलेश यादव, लालता प्रसाद, आकाश सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

पिता-पुत्रों से मारपीट में चार पर प्राथमिकी

बदायूं। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शहवाजपुर निवासी प्रेमपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 जून की रात 8 बजे उसके पुत्र बाबू जी व अनुज काम पर से घर लौट रहे थे। दोनों के बिजलीघर के पास पहुंचते ही मोहल्ले के इमरान,फुरकान,अदनान व अकरम ने उन्हें घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने लाठी-डंडो से उसके बेटों के साथ मारपीट की। जब उसने बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की। जिसमें सभी को गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने चारों आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



पीटीआर में नेचर क्लब और स्वयं सहायता समूहों ने किया जंगल भ्रमण

जागरण मोर्चा कार्यालय



नेचर क्लब और स्वयं सहायता समूह के लोग जंगल भ्रमण करते हुए।

पीलीभीत। टाइगर रिजर्व (पीटीआर) एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के सहयोग से गढ़ा कॉरिडोर क्षेत्र के लालपुर गांव में चिल्ड्रन्स नेचर क्लब, स्वयं सहायता समूहों और इको-डेवलपमेंट कमेटी के सदस्यों के लिए जंगल भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को वन, वन्यजीव और प्रकृति संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बच्चों और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने चूका पर्यटन स्थल और सप्तसरोवर का अवलोकन कर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी कंधई लाल, सहायक फील्ड ऑफिसर राजेंद्र कुमार, फील्ड सहायक मुकेश कुमार तथा लालपुर ईडीसी के अध्यक्ष बनबारी लाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

सिंचाई विभाग की माइनर से अवैध मिट्टी खनन का कारोबार तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। तहसील कलीनगर क्षेत्र में इन दिनों सिंचाई विभाग की माइनरों से बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारियों और खनन माफियाओं की कथित मिलीभगत के चलते यह अवैध कारोबार खुलेआम संचालित हो रहा है।

बताया जा रहा है कि मिट्टी खनन की अनुमति गत 30 तारीख को समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद क्षेत्र में लगातार खनन कार्य जारी है। माधोटांडा-पूरनपुर रोड पर दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मिट्टी का परिवहन करती आसानी से देखी जा सकती हैं। आरोप है कि गैर-व्यावसायिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का उपयोग व्यावसायिक रूप से किया जा रहा है, जिससे नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। एक ट्रॉली मिट्टी लगभग 1500 रुपये में गांव-गांव बेचने के लिए पहुंचाई जा रही है। प्रतिदिन 60 से 80 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़कों पर दौड़ रही हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। राहगीरों का कहना है कि ट्रॉलियों से उड़ने वाली धूल और मिट्टी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा सड़क सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। आरोप है कि मिट्टी खनन के नियमों को दरकिनार कर अवैध कॉलोनियों के भू-भराव का कार्य किया जा रहा है। वहीं कुछ स्थानीय लोगों का दावा है कि इस अवैध कारोबार को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। किसानों ने चिंता जताई है कि माइनर और नहर की पटरियों से लगातार मिट्टी निकाले जाने के कारण उनकी मजबूती प्रभावित हो रही है।

बस चालक की मौत पर बरेली में रोडवेज का चक्का जाम, सड़कों पर उतरे संविदाकर्मी, ठप हुई बस सेवा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली/शाहजहांपुर। लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर बुधवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे ने रोडवेज विभाग को झकझोर दिया। तिलहर क्षेत्र के धनेली पल्टू गांव के पास रोहिलखंड डिपो की बस आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस चालक प्रमोद (30) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

हादसा रात करीब 1:40 बजे हुआ, जब ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे चल रही रोडवेज बस संभल नहीं सकी और सीधे ट्रक में घुस गई। हालांकि हादसे के बाद केवल ट्रक चालक की गलती ही नहीं, बल्कि रोडवेज की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ गई है। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे रूट पर एक ही चालक की तैनाती हादसे की बड़ी वजह हो सकती है।

एक चालक के भरोसे रातभर दौड़ती रही बस, मौत ने खोल दी पोल

हादसे के बाद संविदा चालकों और परिचालकों का गुस्सा फूट पड़ा। उनका आरोप है कि नियमों के अनुसार लंबी दूरी की बसों में दो चालक होने चाहिए, लेकिन संबंधित बस में केवल एक चालक को भेजा गया था। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार ड्राइविंग के दौरान झपकी आना स्वाभाविक है और विभाग की इसी लापरवाही ने एक चालक की जान ले ली। चालक प्रमोद की मौत की खबर जैसे ही बरेली पहुंची, रोडवेज कर्मियों ने विरोध का बिगुल फूंक दिया। गुरुवार सुबह पांच बजे से संविदा चालक और परिचालक काम पर नहीं पहुंचे और बसों के पहिए थम गए। रोडवेज बस अड्डों पर यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं, जबकि कई यात्रियों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ा।

जब तक सुरक्षा नहीं, तब तक संचालन नहीं

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने साफ कहा कि जब तक सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होगा और लंबे रूटों पर दो चालक तैनात नहीं किए जाएंगे, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों पर चालक हितों की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया। रोहिलखंड डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण कुमार बाजपेयी ने बताया कि हालात सामान्य करने के लिए यूनियन पदाधिकारियों से बातचीत की जा रही है। विभाग की प्राथमिकता बस संचालन बहाल करना और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान निकालना है। उधर पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। ट्रक चालक की भूमिका, बस की गति, चालक की कार्य अवधि और अन्य तकनीकी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। जांच रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि हादसे के पीछे अचानक ब्रेक जिम्मेदार थे या फिर व्यवस्था की कोई बड़ी चूक।

मौलाना तौकीर के गुर्गे साजिद, तस्कर उस्मान व कलेक्टर समेत 16 की खुली हिस्ट्रीशीट

बरेली। अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही बरेली पुलिस ने मौलाना तौकीर के गुर्गे साजिद सकलैनी समेत 16 कुख्यात अपराधियों की क्लास-बी हिस्ट्रीशीट खोल दी है। लूट, चोरी, छिनैती, हत्या, हत्या के प्रयास, गौवध, मादक पदार्थ तस्करी, बलवा और दंगा जैसे गंभीर अपराधों में शामिल इन बदमाशों को अब पुलिस की निगरानी सूची में डाल दिया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने आंवला क्षेत्र के दुर्वेश पुत्र जयेन्द्र निवासी कनगांव और जितेंद्र पुत्र नरेशपाल निवासी नटिया खेड़ा को हिस्ट्रीशीटर बनाया गया है।

सार संक्षेप

पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव का हुआ भव्य स्वागत



पूर्व एमएलसी व भाजपा नेता जितेंद्र यादव का स्वागत करते भाजपा के पदाधिकारी।

वजीरगंज। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सुरसेना में पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव का भव्य स्वागत हुआ, इस मौके पर आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश में जनपद बदायूं का नाम रोशन करने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया। जिला पंचायत सदस्य जयपाल दिवाकर ने पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव को सम्मानित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों से बदायूं जनपद को नई पहचान दिलाई है, जिस पर पूरे क्षेत्र को गर्व है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। सभी ने पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव का फूल-मालाओं और पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अनुज कुमार सक्सेना, जिला पंचायत सदस्य जयपाल दिवाकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष वजीरगंज उपेंद्र कुमार मौर्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष बगरैन राघव चौहान, रितेश चौहान सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

छात्रा को ले जाने के आरोप में युवक पर रिपोर्ट

बदायूं। बिल्सी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री कक्षा सातवीं की छात्रा है।9 जून को वह शौच के लिए गई थी।काफी देर तक जब वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। खोजबीन के दौरान पता चला कि उसकी बेटी को गांव आतिश पुत्र आबिद अली बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरु कर दी है।

पड़ोसी से मारपीट में एक पर रिपोर्ट

बदायूं। बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव बेहटा गुसाई निवासी गौरव पुरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 जून को उसकी पड़ोसी लोकेश पुरी से कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर वह गाली गलौज करने लगा, जब उसने गाली गलौज करने से मना किया तो उसने लाठी-डंडो से मारपीट की। जिसमे उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महिला से मारपीट के आरोप में कोर्ट के आदेश पर तीन पर रिपोर्ट दर्ज


बदायूं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव नौशेरा निवासी कुंती देवी ने सीजेएम कोर्ट में दायर वाद में कहा है कि उसने गांव के ही विवेक यादव से 10 हजार रुपये 10 प्रतिशत ब्याज पर लिए थे। जिसमें उसने विवेक यादव को 15 हजार रुपये वापस कर दिए। बाकी के रुपये कुछ दिन बाद देने को कहा। इसी बात को लेकर 18 फरवरी 2026 को विवेक अपनी मां व पत्नी के साथ लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आया और मारपीट की। जिसमें वह बेहोश हो गई। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एक्स-रे रिपोर्ट में उसके हाथ की हड्डी टूटी होना बताया गया है। महिला का आरोप है कि विवेक मादक पदार्थों का धंधा करता है। थाने में उसकी सांठगांठ है। जिससे पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं करती। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने को उसने थाना पुलिस से लेकर एसएसपी तक गुहार लगाई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर उसने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट ने थाना पुलिस को आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिसौली में हुई दिनदहाड़े चोरी का एसपी देहात ने किया खुलासा

आरोपी गिरफ्तार, आरोपी के कब्जे से 1.90 रुपये नकद व जेवर बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय





बदायूं। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के खाटू श्याम कॉलोनी में 9 जून को हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 1.90 लाख रुपये नकद और कुछ जेवरात बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है।

पुलिस लाइन सभागार में घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात हृदयेश कठेरिया ने बताया कि पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव दवतोरी निवासी रवि कुमार उर्फ सिट्टू पुत्र गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी में पूछताछ में चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात को स्वीकार किया है। आरोपी ने बताया कि उसके पास से जो नकदी व जेवर बरामद हुए हैं,वह उसने 9 जून को बिसौली की खाटू श्याम कालोनी में विपिन शर्मा के घर से ताला तोड़कर अलमारी से चोरी किए थे। जिसमें लगभग 20 हजार रुपये उसने दोस्तों में खर्च कर दिए और 20 हजार रुपये अपने खाते में डाल दिए।

गुरुवार को वह चोरी का माल ठिकाने लगाने जा रहा था,तब तक पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 1.90 लाख रुपये नकद,एक जोड़ी कड़े,एक जोड़ी पाजेब,तीन सिक्के बरामद किए हैं। एसपी देहात ने बताया कि आरोपी ने यह वारदात बिसौली निवासी विपिन शर्मा के घर की थी। विपिन शर्मा अपनी पत्नी के साथ बाहर गए थे। वापस लौटने पर उन्हें घर का ताला और अलमारी का लॉकर टूटा मिला। जब उन्होंने देखा तो अलमारी में रखी नकदी व जेवर गायब थे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

फोरेंसिंक टीम ने घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई। टीम ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर दिया। आरोपी एक बैंक में लोन एजेंट के तौर पर काम करता था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया,जहां से उसे जेल भेजा गया है।



अवैध खनन करते ट्रैक्टर ट्रालियां पकड़ी। -जागरण मोर्चा

अवैध खनन पर सख्ती: एसडीएम के निर्देश पर 7 वाहन सीज, माफियाओं में हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उप जिलाधिकारी साई आश्रित शाख मुरी के निर्देश पर बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार अमित चौधरी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर लोडर और 6 ट्रैक्टर-ट्रालियों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया।

बताया जा रहा है कि एसडीएम को क्षेत्र में अवैध खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। नायब तहसीलदार अमित चौधरी ने कोतवाली क्षेत्र के गांव सिचौली और बीरमपुर में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कुछ वाहन चालकों ने भागने की कोशिश भी की, लेकिन टीम ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया।

नायब तहसीलदार अमित चौधरी ने बताया कि अवैध रूप से खनन कर रहे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है और पकड़े गए सभी वाहनों को सीज कर दिया गया है। साथ ही इस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई भी की जा रही है।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर इस पर रोक लगाई जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा नेता शैलेश पाठक ने किया जनसंपर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय



केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते डॉक्टर शैलेश पाठक।

बदायूं। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक द्वारा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने लोगों के बीच पहुंचकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. पाठक ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान अधिवक्ताओं और किसानों के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने समाज के हर वर्ग के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं, जिनका सीधा लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने विशेष रूप से किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है।

इस अवसर पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में अधिवक्ताओं और किसानों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव डॉ. पाठक के सामने रखे। डॉ. पाठक ने आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को संबंधित स्तर पर उठाकर समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र को साकार करना है।

कार्यक्रम के दौरान प्रदीप सक्सेना, दिनेश बाबू सक्सेना, एडवोकेट अजय गुप्ता, लव कुश, धर्मेंद्र गुप्ता, मोहम्मद अशरफ, हिमांशु तोमर, मुकेश अग्निहोत्री और रामनिवास सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

महिला से मारपीट करने पर चार पर प्राथमिकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव पुसगवां निवासी शबीना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 1 जून की सुबह वह सरकारी नल पर पानी भरने गई थी। तभी गांव की अरीबा वहां आ गई और उसने उसे पानी नहीं भरने दिया। इसी बीच अरीबा के पिता युनिस,दानिश,शाकिब व जाबिर वहां आ गए और लाठी-डंडो से जमकर पीटा। जिसमें उसे काफी चोट आई है। ग्रामीणों ने आकर उसे बचाया। पुलिस ने चारों आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला से मारपीट के आरोप में पति-पत्नी पर प्राथमिकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव सुक्खी की मढ़ैया निवासी कन्यावती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति महावीर मेहनत मजदरी करता है। 5 जून को उसके पति गांव में गए हुए थे। तभी गांव का महावीर पुत्र मान सिंह शराब पीकर उसके घर में घुस आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। जब उसने विरोध किया तो महावीर व उसकी पत्नी ज्ञानदेवी ने धक्का देकर उसे गिरा दिया और बुरी तरह मारापीटा। जिससे उसे काफी चोट आई है। पुलिस ने पति-पत्नी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

दारोगा के आत्महत्या के मामले में न्यायालय सुरक्षा प्रभारी पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। दारोगा मेघश्याम गौतम के आत्महत्या के मामले में पुलिस ने तत्कालीन न्यायालय सुरक्षा प्रभारी शाहिद अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दारोगा के परिजनों ने इंस्पेक्टर शाहिद अली पर आत्महत्या को उकसाने व अपमानित करने के गंभीर आरोप लगाए थे। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

मृतक के भाई रामेश्वर प्रसाद की ओर से दर्ज मुकदमें के अनुसार,दारोगा मेघश्याम गौतम न्यायालय की सुरक्षा में तैनात थे। 4 जून उन्हें सूचना मिली कि मेघश्याम जिस कमरे में रहते थे,उसका दरवाजा अंदर से बंद है। जिसे खुलवाने की कोशिश की,लेकिन दरवाजा नहीं खुला। सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो दारोगा मेघश्याम का शव मोर्चरी में रखा मिला। शव को देखते ही परिजन फफक पड़े और न्यायालय सुरक्षा प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए।

रामेश्वर प्रसाद ने मुकदमें में कहा है कि उनके भाई मेघश्याम ने कई बार परिवार वालों व रिश्तेदारों को बताया था कि इंस्पेक्टर शाहिद अली उन्हें डयूटी के दौरान परेशान करते थे। तिलक लगाने पर उन्हें अपमानित किया जाता था। शिकायत में यह भी कहा गया है कि इंस्पेक्टर उनके भाई को मानसिक रुप से प्रताड़ित करते थे। उनकी डयूटी गलत तरीके से लगाते थे,गाली गलौज करते और तरह-तरह की धमकियां देते थे। छुट्टी देने में उनके साथ भेदभाव किया जाता था। भाई का आरोप है कि इंस्पेक्टर की हरकतों से तंग आकर उनके भाई ने आत्महत्या की है। उनका कहना है कि इंस्पेक्टर शाहिद अली के कहने पर ही शव को परिवार के आने से पहले ही कमरे से हटा दिया गया। ताकि मौके की वास्तविकता का पता न चल सके।

बताते चलें कि दारोगा मेघश्याम गौतम सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला मधुवन कॉलोनी में किराए के घर में कमरा लेकर रहते थे। उनका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला था। वह मथुरा के गोविंदनगर के रहने वाले थे। साल 2024 में बरेली से तबादला होकर वह यहां आए थे। फिलहाल पुलिस ने इंस्पेक्टर शाहिद अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

बहजोई के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने विकलांगों को बांटे फल मिठाई तथा खाद्य सामिग्री



दिव्यांगों को फल वितरित करते पूर्व पालिका अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

वजीरगंज। पुसगवां रोड स्थित विकलांग आश्रम वजीरगंज में बहजोई निवासी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गौरी शंकर माल बाबू ने आश्रम में रह रहे दिव्यांग बच्चों एवं आश्रमवासियों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। इस दौरान उन्होंने आश्रम को एक बोरी दाल, चीनी, आटा, चावल एवं विभिन्न प्रकार के मसाले भेंट किए। साथ ही आश्रम में रह रहे दिव्यांग बच्चों को फल, मिठाई सहित अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। आश्रम अध्यक्ष उनीश पाल सिंह ने गौरी शंकर माल बाबू का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप जैसे महान दानदाताओं के सहयोग से ही विकलांग आश्रम वजीरगंज का संचालन सुचारु रूप से चल रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान आश्रम में रह रहे सभी दिव्यांग बच्चे एवं समस्त आश्रमवासी उपस्थित रहे। सभी ने गौरी शंकर माल बाबू द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की सराहना की।

जानकारी प्रशासन, फायर ब्रिगेड और आपदा मित्रों ने दिखाई तत्परता, नदी में फंसे लोगों को बचाने का किया अभ्यास

किच्छा नदी में बाढ़ आपदा से निपटने को मॉक ड्रिल, राहत एवं बचाव का किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



बहेड़ी। तहसील क्षेत्र के नारायन नगला स्थित किच्छा नदी पर गुरुवार को बाढ़ जैसी संभावित आपदाओं से निपटने के लिए प्रशासन की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन कर विभिन्न विभागों की तैयारियों को परखा गया तथा आपदा के समय अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं का अभ्यास किया गया।

जॉइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर के नेतृत्व में आयोजित मॉक ड्रिल में आपदा मित्रों, फायर ब्रिगेड कर्मियों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। टीमों ने नदी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने, प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने और आपात स्थिति में त्वरित राहत पहुंचाने की कार्यवाही का प्रदर्शन किया। तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आपदा मित्र टीम के कमांडर अनुज सिंह के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने बचाव अभियान का सफल प्रदर्शन करते हुए आपदा के समय समन्वित कार्रवाई की जानकारी दी। वहीं फायर स्टेशन प्रभारी योगेश कुमार और उनकी टीम ने बाढ़ एवं अन्य आपात परिस्थितियों में किए जाने वाले राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के दौरान नारायन नगला चौकी प्रभारी अंकित सिंह बघेल तथा पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नवी अहमद, नफीस अहमद, मयंक गंगवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अधिकारियों ने ग्रामीणों को बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसी मॉक ड्रिल का उद्देश्य बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, राहत कार्यों को प्रभावी बनाना तथा जनहानि को न्यूनतम करना है। मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों का भी आकलन किया

पिसनहारी गांव में हादसे से मातम, दो बेटों की मौत पर सपा नेता सतीश प्रेमी ने दी सांत्वना



पीड़ित परिवार को सांत्वना देते सपा के नेता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। विधानसभा क्षेत्र के गांव पिसनहारी में खुर्शीद खान के परिवार के साथ हुए दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। इस दुर्घटना में उनके दो बेटों की मौत हो गई, जबकि पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद से परिवार गहरे सदमे में है और घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार सतीश प्रेमी सपा कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे। उन्होंने परिजनों का दुःख साझा करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख खजाना देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष काजी शाहनवाज खान, पंकज यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

फीफा विश्वकप 2026 की पहली रात होगी शानदार, मैक्सिको सिटी में होगी ओपनिंग सेरेमनी



शकीरा व बर्ना बॉय का दिखेगा जलवा फुटबॉल महाकुंभ का आगाज आज से

दुनिया भर की 48 टीमों और 104 मैचों वाला यह अब तक का सबसे बड़ा फुटबॉल विश्व कप होगा

मैक्सिको सिटी

फीफा विश्व कप 2026 का आगाज 11 जून को मैक्सिको सिटी में शानदार ओपनिंग सेरेमनी के साथ होगा। शकीरा, बर्ना बॉय, जे बाल्विन और कई अन्य इंटरनेशनल सेलिब्रिटी परफॉर्मेंस देंगे। हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस सलमा हायेक स्पेशल गेस्ट होंगी। भारतीय दर्शक 11 जून को रात 11 बजे से इसका सीधा प्रसारण और लाइव स्ट्रीमिंग देख सकेंगे।



फीफा विश्व कप 2026 का इंतजार आखिरकार खत्म होने जा रहा है। 48 टीमों और 104 मैचों वाला यह अब तक का सबसे बड़ा फुटबॉल विश्व कप होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत सह-मेजबान मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के मुकाबले से होगी, लेकिन उससे

शकीरा के अलावा ये देंगे प्रस्तुति

इस समारोह का सबसे बड़ा आकर्षण विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार शकीरा होंगी। उनके अलावा कई अंतरराष्ट्रीय कलाकार मंच पर नजर आएंगे। शकीरा के अलावा बर्ना बॉय, जे बाल्विन, डैनी ओशन,बेलिंडा, लिला डाउन्स और लॉस एंजिलिस अजुलेस इत्यादि प्रस्तुति देंगे।

रात 11 बजे शुरू होगी ओपनिंग सेरेमनी

फीफा विश्व कप 2026 की पहली ओपनिंग सेरेमनी 11 जून को आयोजित होगी। यह कार्यक्रम मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के उद्घाटन मुकाबले से करीब 90 मिनट पहले शुरू होगा। भारतीय दर्शकों के लिए ओपनिंग सेरेमनी भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से शुरू होगी। फीफा के अनुसार मैक्सिको सिटी का उद्घाटन समारोह करीब 16 मिनट 30 सेकंड तक चलेगा। इसके बाद उद्घाटन मुकाबला खेला जाएगा।

पहले मेक्सिको सिटी में एक भव्य ओपनिंग सेरेमनी आयोजित की जाएगी। इस बार फीफा ने अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में तीन अलग-अलग उद्घाटन समारोह की योजना बनाई है, जिनका एक कॉमन थीम होगा। पहला और सबसे बड़ा कार्यक्रम मैक्सिको सिटी में आयोजित होगा।

भारत में लाइव टेलीकास्ट

भारतीय दर्शक फीफा विश्व कप 2026 की पहली ओपनिंग सेरेमनी का सीधा प्रसारण यूनाइट8 स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर देख सकेंगे। इनमें यूनाइट8 स्पोर्ट्स 1, यूनाइट8 स्पोर्ट्स 1 एचडी, यूनाइट8 स्पोर्ट्स 2 और यूनाइट8 स्पोर्ट्स 2 एचडी चैनल शामिल हैं। हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रसारण उपलब्ध रहेगा।

सलमा हायेक होंगी विशेष अतिथि



हॉलीवुड अभिनेत्री और फीफा विश्व कप 2026 की एंबेसडर सलमा हायेक भी इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। सलमा हायेक दुनियाभर के फुटबॉल प्रशंसकों का स्वागत करेंगी और फुटबॉल के जरिए एकता और भाईचारे का संदेश देंगी।



बर्ना बॉय भी रहेंगे आकर्षण

लाइव स्ट्रीमिंग यहां पर होगी

मोबाइल और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मैच और ओपनिंग सेरेमनी की लाइव स्ट्रीमिंग जी5 एप और वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

फीफा विश्व कप ग्रुप वाइज टीमें

- **ग्रुप बी:** कनाडा, बोस्निया और हर्जेगोविना, कतर, स्विट्जरलैंड
- **ग्रुप सी:** ब्राजील, मोरक्को, हैती, स्कॉटलैंड
- **ग्रुप डी:** संयुक्त राज्य अमेरिका, पराग्वे, ऑस्ट्रेलिया, तुर्किये
- **ग्रुप ई:** जर्मनी, कुरासाओ, आइवरी कोस्ट, इक्वाडोर
- **ग्रुप एफ:** नीदरलैंड्स, जापान, स्वीडन, ट्यूनीशिया
- **ग्रुप जी:** बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड
- **ग्रुप एच:** स्पेन, केप वर्डे, सऊदी अरब, उरुग्वे
- **ग्रुप आई:** फ्रांस, सेनेगल, इराक, नॉर्वे
- **ग्रुप जे:** अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, जॉर्डन
- **ग्रुप के:** पुर्तगाल, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, उज्बेकिस्तान, कोलंबिया
- **ग्रुप एल:** इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा

12 जून के मुकाबले

तारीख	समय	मुकाबला	वेन्यू
12 जून	12:30 एएम	मेक्सिको बनाम द. अफ्रीका	मेक्सिको सिटी
12 जून	7:30 एएम	द. कोरिया बनाम चेकिया	जापोपान

6000 संतरे, 300 किलो मछली लेकर पहुंची नॉर्वे की टीम



नॉर्वे की फुटबॉल टीम 28 साल बाद फीफा विश्व कप में हिस्सा लेने जा रही है। आखिरी बार 1998 में टीम ने टूर्नामेंट में खेला था। फीफा विश्व कप 2026 में हिस्सा लेने के लिए टीम अमेरिका पहुंच चुकी है। नॉर्वे की टीम में मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड और प्रीमियर लीग चैंपियन आर्सनल के कप्तान मार्टिन ओडेगार्ड हैं। अपने खेल के साथ ही नॉर्वे की टीम खाने की वजहों से चर्चा में है। नॉर्वे टीम का कैंप नॉर्थ कैरोलिना के ग्रीन्सबोरो में है। खिलाड़ी वहां जमकर पसीना बहा रहे हैं। मोरोक्को के खिलाफ उनका एक फ्रेंडली मैच भी हो चुका है। टूर्नामेंट के लिए नॉर्वे की टीम अपने देश के 300 किलो लाल मछली, 116 किलो चीज और 6000 संतरे लेकर अमेरिका पहुंची है।

वॉर्म-अप मुकाबले में पुराने रंग में दिखे लियोनेल मेसी



अलबामा। फीफा विश्व कप 2026 से पहले अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपनी फिटनेस को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। आइसलैंड के खिलाफ खेले गए अंतिम वॉर्म-अप मुकाबले में अर्जेंटीना की 3-0 की शानदार जीत के बाद मेसी ने कहा कि वह अब पूरी तरह बेहतर महसूस कर रहे हैं और मैदान पर लौटकर काफी खुश हैं। अलबामा के जॉर्डन-हेयर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मेसी को 70वें मिनट में मैदान पर उतारा गया। मैदान पर आते ही उन्होंने प्रभाव छोड़ा और 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मैच के बाद मेसी ने कहा, मैं शुरुआत से ही इसका आनंद ले रहा हूं। जब से मैं टीम के साथ जुड़ा था, तब से खेलने के लिए उत्सुक था क्योंकि मुझे कुछ शारीरिक परेशानी थी। अब मैं खुश हूं, हर पल का आनंद ले रहा हूं और हमेशा की तरह उत्साहित हूं। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।

रीवा जगुआर्स व उज्जैन फाल्कन ने जीते अपने-अपने मुकाबले

बुंदेलखंड बुल्स ने मालवा स्टेलियंस को हराया



इंदौर


मध्य प्रदेश लीग टी-20 सिंधिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले जारी है। बुधवार को खेले गए मुकाबलों में रीवा जगुआर्स ने इंदौर पिंक पैथर्स को 31 रन से तथा उज्जैन फाल्कन ने भोपाल लेपर्ड को 16 रन से पराजित किया। वहीं बुंदेलखंड बुल्स ने मालवा स्टेलियंस को 3 विकेट से हराया।

पीवी सिंधू और तन्वी शर्मा दूसरे राउंड में पहुंचीं

ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार अभियान

नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियन बैडमिंटन ओपन 2026 में बुधवार को स्टार शटलर पीवी सिंधू और युवा सनसनी तन्वी शर्मा ने दूसरे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने ओलंपिक बुलेवार्ड वेन्यू पर पेरू की इनेस कैस्टिलो को सीधे गेम में 21-13, 21-11 से हराया। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और आधे घंटे



से कुछ ज्यादा समय में मुकाबला खत्म कर दिया। प्री-क्वार्टर फाइनल में सिंधू का मुकाबला हमवतन इशरानी बरुआ से होगा। विश्व नंबर 39 इशरानी ने चीन की हान कियानक्सी के खिलाफ 22-20, 10-21, 21-14 से जीत दर्ज करने के साथ अगले दौर में जगह बनाई है।

17 वर्षीय तन्वी शर्मा ने विश्व नंबर-11 चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियन को 21-12, 22-20 से शिकस्त दी। अगले राउंड में उनका सामना मालविका बंसोड़ से होगा, जिन्होंने थाईलैंड की टोनरुग साएहेंग को 15-21, 21-7, 21-13 से मात दी है। हारने के बाद आकर्षी कश्यप का सफर खत्म हो गया।



अफगानिस्तान वनडे सीरीज से हार्दिक बाहर

नई दिल्ली। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में मंगलवार को फिटनेस टेस्ट पास करने के कुछ ही घंटों बाद हार्दिक को जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव (हैमस्ट्रिंग) आ गया। सीरीज 13 जून से शुरू हो रही है। 32 साल के हार्दिक आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए पीठ की जकड़न का शिकार हो गए थे। वे इसी चोट से उबरकर फिटनेस क्लियरेंस सर्टिफिकेट लेने बेंगलुरु पहुंचे थे। सूत्रों के मुताबिक अब नई चोट की वजह से उन्हें रिकवरी और रिहैबिलिटेशन के लिए कम से कम तीन हफ्ते का समय लगेगा, जिसके चलते वे आगामी सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाएंगे।

रोहित शर्मा हाउस ने जीता खिताब

भोपाल। मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर-14 वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में रोहित शर्मा हाउस ने विराट कोहली हाउस को हराकर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा हाउस ने निर्धारित ओवरों में 108 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से उत्कर्ष ने सर्वाधिक 34 रन बनाए, अथर्व ने 21, जबकि ध्रुव ने 14 रन का योगदान दिया। विराट कोहली हाउस की ओर से यश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए। आदित्य और आरव ने भी महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विराट कोहली हाउस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। टीम के लिए कार्तिक ने 51 रन बनाए, जबकि विराट ने 15 रन और गौरव ने 9 रन का योगदान दिया। विराट कोहली हाउस की टीम 105 रन पर सिमट गई। रोहित शर्मा हाउस के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में बड़ा उलटफेर, शुभमन गिल आठवें नंबर पर पहुंचे

इंग्लैंड के हैरी ब्रूक बने नंबर-1 बल्लेबाज

दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टेस्ट रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है।

इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने ही देश के स्टार बल्लेबाज जो रूट को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि रूट तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। हैरी ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 56 रन की अहम पारी खेलकर इंग्लैंड को कम स्कोर वाले मुकाबले में जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके विपरीत जो रूट दोनों पारियों में केवल 1 और 8 रन ही बना सके। इसी प्रदर्शन का असर ताजा रैंकिंग में देखने को मिला और ब्रूक 2024 के बाद पहली बार फिर से नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज बने।



वनडे रैंकिंग में पाक के गेंदबाजों का जलवा

वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में छह विकेट लेकर दो स्थान की बढ़त हासिल की और दूसरे नंबर पर पहुंच गए। वहीं, तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने तीन मैचों में सात विकेट चटकाए, जिसके चलते वह चार स्थान ऊपर चढ़कर टॉप-10 में नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

शुभमन गिल ने लगाई लंबी छलांग



भारत के कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार 126 रन की शतकीय पारी खेली। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने पारी और 300 रन से बड़ी जीत दर्ज की। गिल को रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है और अब वह टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने लॉर्ड्स टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच में कुल सात विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी में पांच विकेट शामिल रहे।

जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा भारत

अफगानिस्तान ए से मुकाबला आज

दांबुला

ट्राई सीरीज के अपने दूसरे मुकाबले में गुरुवार को इंडिया ए टीम का सामना अफगानिस्तान ए से होगा। यह मुकाबला रंगिरी दांबुला स्टेडियम में खेला जाएगा।

मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में श्रीलंका ए को मात दी थी। ऐसे में कप्तान तिलक वर्मा की नजर जीत की लय बरकरार रखने पर होगी। इतना ही नहीं पहले मैच में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे वैभव सूर्यवंशी की नजर दमदार वापसी पर होगी। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ विनिंग कॉम्बिनेशन से ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकती है।

इंडिया ए की संभावित प्लेइंग 11

वैभव सूर्यवंशी, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), प्रियांश आर्य, रुतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा (कप्तान), आयुष बडोनी, अनुकूल रॉय, सूर्यांश शेडगे, अंशुल कंबोज, अरशद खान, विप्रज निगम।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।